

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 02, अंक : 29 | रांची, बुधवार, 08 जनवरी 2025 (पौष शुक्ल 09, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com

# हेमंत सोरेन कैबिनेट ने नौ प्रस्तावों पर लगायी मुहर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें नौ प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने 24 फरवरी से 27 मार्च के बीच बजट सत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्री दीपक बिरूवा और दीपिका पांडेय समेत अन्य मंत्री मौजूद थे।

**झारखंड कैबिनेट की नए साल में पहली बैठक :** नए साल में हेमंत सोरेन कैबिनेट की ये पहली बैठक थी। इसमें बजट सत्र समेत अन्य कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी मिली। कैबिनेट ने झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्तमान आवश्यकतानुसार पदों के चिन्हितीकरण की स्वीकृति दी है। झारखंड के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस बल प्रमुख) के चयन एवं नियुक्ति नियमावली-2024 के गठन की स्वीकृति दी गयी है।

### झारखंड में 24 फरवरी से 27 मार्च तक बजट सत्र



### कैबिनेट ने इन नौ प्रस्तावों को दी है हरी झंडी

- षष्ठम झारखंड विधानसभा का दूसरा बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च 2025 तक बुलाने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।
- प्रीबजट कार्यशाला के आयोजन के लिए वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत रांची के संत जेवियर कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सीमा अखौरी एवं उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर नॉलेज पार्टनर के रूप में चयनित करने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देवघर जिले में नया एम्स स्थापित करने के लिए झारखंड सरकार एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार) के साथ किए जाने वाले एमओयू प्रारूप की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों के चिन्हितीकरण की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस बल प्रमुख) के चयन एवं नियुक्ति नियमावली-2024 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन के आलोक में सदन प्रसाद (तत्कालीन प्रशाखा पदाधिकारी, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड) फिलहाल सेवानिवृत्त को आर्थिक लाभ सहित भूतलक्षी प्रभाव से अवर सचिव कोटि के पद पर प्रोन्नति देने की की स्वीकृति दी गयी।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम- 1989 की संशोधित धारा-14 के प्रावधानों के तहत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1, नगर उंटारी (गढ़वा) के न्यायालय को विशेष न्यायालय पदभिहित करने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड परिचारिका गैर-शैक्षणिक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त्त) नियमावली-2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों में प्रबंध निदेशक एवं निदेशक के पदों पर नियुक्ति के लिए किए गए प्रावधानों में आंशिक संशोधन करने के प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।

# झारखंड में एचएमपीवी वायरस से बचाव को लेकर गाइडलाइन जारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** कर्नाटक और गुजरात में ह्यूमन मेटान्यू मोवायरस (एचएमपीवी) की पुष्टि के बाद झारखंड भी अलर्ट हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि एचएमपीवी वायरस पहले से मौजूद है, पर ज्यादा आक्रामक नहीं है। इसके बावजूद लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सावधानी बरतनी है।

इस वायरस से बचाव को लेकर राज्य के सभी सिविल सर्जन के साथ स्वास्थ्य विभाग ने बैठक की। साथ ही बचाव को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। शेष पेज 08 पर

### स्वास्थ्य मंत्री ने जारी किया संदेश



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- 'मैं जनता को आश्वस्त करता हूं कि हमारे पास सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हैं और तत्काल चिंता का कोई कारण नहीं है। हालांकि, चल रहे सर्दी के मौसम को देखते हुए, अतिरिक्त सावधानी बरतना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह विशेष रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों और 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दौरान वे स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। हम सभी को सूचित रहने, स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने और अपनी और अपने प्रियजनों की सुरक्षा के लिए निवारक उपाय करने की दृढ़ता से सलाह देते हैं। राज्य सरकार सभी नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व सांसद कड़िया मुंडा की बिगड़ी तबीयत, रांची के मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती



**रांची।** लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा (88 वर्ष) की तबीयत बिगड़ गयी है। उन्हें रांची के मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पूर्व सांसद के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने जानकारी दी है कि वे लगातार मेडिका हॉस्पिटल के डॉक्टर के संपर्क में हैं और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। तीन दिन पहले कड़िया मुंडा की तबीयत खराब हुई थी। खूंटी के सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी ने उनके घर जाकर स्वास्थ्य जांच की थी। शेष पेज 08 पर

### खराब सेहत की वजह से आसाराम बापू को मिली अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम बापू जल्द जेल से बाहर आएगा। सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में दुष्कर्म मामले में आसाराम बापू को चिकित्सा आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद आसाराम सबूतों से छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं करेगा। आसाराम को अपने अनुयायियों से मिलने की इजाजत नहीं है।

शेष पेज 08 पर

**काम नहीं करने वालों के लिए पैसा है, जजों की सैलरी-पेंशन के लिए नहीं : सुप्रीम कोर्ट** पेज 08

# तिब्बत में 180 मिनट में 50 बार हिली धरती, अबतक 126 लोगों की मौत

## 7000 की आबादी वाले क्षेत्र में जमींदोज हो गए 1000 घर, 130 घायल, मचा हाहाकार

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** तिब्बत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इस भीषण भूकंप में 126 लोगों की मौत हो गई। जबकि 130 लोग घायल हुए हैं। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार मंगलवार सुबह 9:05 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 6.8 मापी गयी। रिपोर्ट के अनुसार 180 मिनट में 50 बार से अधिक बार धरती हिली।

चीन की सरकारी मीडिया के मुताबिक तिब्बत के शिजांग शहर के डिंगरी काउंटी में 6.8 तीव्रता के भूकंप में 126 लोगों की मौत हुई है। 130 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। इससे पहले नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही तिब्बत क्षेत्र के शिजांग में भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। यहां सुबह 6:30 बजे 7.1 तीव्रता के साथ 10 किमी गहराई पर भूकंप आया। इसके बाद 7:02 बजे 4.7 तीव्रता, 07:07 बजे 4.9 तीव्रता और 7:13 बजे पांच तीव्रता का भूकंप आया। इसके चलते लोग घरों को छोड़कर खुले स्थानों की ओर चले गए।

**नेपाल, बिहार, सिक्किम व बंगाल में भी महसूस किए गए झटके :** भूकंप के झटके भारत के कई राज्यों में भी महसूस किए गए। इसकी जद में सबसे ज्यादा बिहार आया। इसके अलावा नेपाल, असम, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान डरे सहमे लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। यूएसजीएस भूकंप के मुताबिक, भूकंप का केंद्र लोबुचे से 93 किमी उत्तर पूर्व में था।

**7000 की आबादी वाले क्षेत्र में तबाह हुए 1000 घर :** बताया जा रहा है कि भूकंप के केंद्र के 20 किलोमीटर के दायरे में 27 गांव हैं, जहां कमोबेश 7000 की आबादी है। चीनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दायरे में 1000 घर तबाह हुए हैं। रेस्क्यू टीम आसपास के गांवों में भी रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है, जिससे संभावित रूप से मलबों में फंसे लोगों को बचाया जा सके। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियोज में ध्वस्त बिल्डिंग, मलबे, ध्वस्त सड़कें और कारें देखी जा सकती हैं।

**राष्ट्रपति जिनपिंग के रेस्क्यू टीम को निर्देश :** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि हताहतों की संख्या को कम करने, प्रभावित लोगों को उचित रूप से बसाने और सुरक्षित और सर्दी के लिए इंतजाम करने के लिए सभी तरह के जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

शेष पेज 08 पर




### जनहानि पर भारत ने किया शोक व्यक्त

भारत ने विनाशकारी भूकंप से हुई मौतों और विनाश पर संवेदना व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'सरकार और भारत के लोग तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में आए विनाशकारी भूकंप के कारण हुई जान-माल की दुखद क्षति पर संवेदना व्यक्त करते हैं।' उन्होंने चीन का उल्लेख किये बिना कहा, 'हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।'

### क्या है भूंकप के केंद्र व तीव्रता का मतलब?

भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं, जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्तियां ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है, तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है, तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का एलान

# पांच फरवरी को मतदान आठ को होगी मतगणना



एजेंसियां

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का एलान कर दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए एक चरण में मतदान पांच फ़रवरी को होगा। नतीजे आठ फ़रवरी को आएंगे। राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से 12 आरक्षित हैं और बाकी 58 जनरल सीटें हैं।

**दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ मतदाता :** दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ मतदाता हैं। इनमें से 83.49 लाख पुरुष और 71.74 लाख महिला वोटर हैं। दिल्ली में पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं की संख्या दो लाख है। वहीं, राजधानी में 13 हज़ार से अधिक पोलिंग बूथ है।

आप ने जहां दिल्ली की सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। वहीं, बीजेपी ने भी 29 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। इसके अलावा कांग्रेस भी 40 से अधिक सीटों पर अपने उम्मीदवार अब तक उतार चुकी है।

पिछले कुछ समय से आम आदमी पार्टी, बीजेपी और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। शेष पेज 08 पर

### चुनाव की घोषणा के बाद लागू हुई आचार संहिता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनावों का एलान हो चुका है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में आचार संहिता भी लागू हो गई है। इस वजह से दिल्ली में कई तरह की पाबंदियां लागू हो गई हैं। दिल्ली में पांच फरवरी (बुधवार) को मतदान होगा, जिसके परिणाम आठ फरवरी (शनिवार) को आएंगे। आचार संहिता लागू होने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों और राजनेताओं, प्रत्याशियों, रैली, जुलूस, नामांकन के लिए कुछ नियम और मानक तय किए जाते हैं। जिन्हें राजनीतिक पार्टियों और नेताओं के साथ प्रत्याशियों को पालन करना अनिवार्य होता है।

# झारखंड में नेता प्रतिपक्ष के लिए किसी को भी नामित करे भाजपा : सुप्रीम कोर्ट

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में झारखंड में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि झारखंड विधानसभा की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी अपने किसी निर्वाचित सदस्य को इस कमेटी के लिए विपक्ष के नेता के तौर पर नामित करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सूचना आयोग में नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली चयन कमेटी के लिए विपक्ष के नेता को नामित करने की प्रक्रिया दो सप्ताह में पूरी की जाए। चयन कमेटी इसके तुरंत बाद मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करेगी।

**राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को क्या बताया? :** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव को आदेश के अनुपालन को लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य में नेता प्रतिपक्ष नहीं होने की वजह से सूचना आयोग में नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली चयन कमेटी की बैठक नहीं हो पाई है। शेष पेज 08 पर




### वी नारायणन होंगे इसरो के नए प्रमुख, एस सोमनाथ की लेंगे जगह

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अंतरिक्ष विज्ञानी और क्रायोजनिक इंजन के विशेषज्ञ वी नारायणन इसरो के नए प्रमुख होंगे। नारायणन इसरो के मौजूदा प्रमुख एस सोमनाथ का स्थान लेंगे। सोमनाथ 14 जनवरी को दो साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हो जाएंगे। शेष पेज 08 पर

# झारखंड के सारंडा जंगल में आईईडी विस्फोट, सात साल की बच्ची की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**मनोहरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के रादापोरा जंगल में मां के साथ पत्ता तोड़ने गयी बच्ची (7 वर्ष) की आईईडी विस्फोट में मौत हो गयी, जबकि साथ गयी गांव की एक महिला घायल हो गयी है। घटना जराइकेला थाना क्षेत्र के तिरिलपोसी और थोलकोबाद सीमा क्षेत्र के पास की है। बच्ची की पहचान तिरिलपोसी गांव निवासी सनिका गागराई की पुत्री सनियारो गागराई के रूप में हुई है। विस्फोट में गांव की पालो बोदार घायल हो गयी। बच्ची का शव बुधवार को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेजा जायेगा। इससे पहले एक व्यक्ति की लकड़ी चुनने के क्रम में आईईडी ब्लास्ट में मौत हो गयी थी।




**मां के साथ बच्ची गयी थी पत्ता तोड़ने :** सनिका गागराई की पुत्री सनियारो अपनी मां और गांव की चार अन्य महिलाओं के साथ जंगल में पत्ता तोड़ने गयी थी। इसी दौरान नक्सलियों की ओर से सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए जंगल में बिछाये गये आईईडी पर बच्ची का पैर पड़ गया, जिससे विस्फोट हो गया। घटना में बच्ची के दोनों पैर के चिथड़े उड़ गयेव मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। शेष पेज 08 पर

# भारत में 25,722 करोड़ का निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट

- कंपनी के सीईओ सत्य नडेला ने पीएम मोदी से मुलाकात के बाद किया एलान

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** अमेरिका की दिग्गज आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) सत्य नडेला ने भारत में अगले 2 साल में अपने क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बिजनेस में 3 बिलियन डॉलर यानी 25,722 करोड़ रुपए के निवेश का एलान किया है। सत्य नडेला ने यह एलान माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर के बेंगलुरु फेज में किया है।



माइक्रोसॉफ्ट मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की तीसरी बड़ी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 3.181 ट्रिलियन डॉलर है। इससे आगे ऐपल (3.703 ट्रिलियन डॉलर) और एनवीडिया (3.659 ट्रिलियन डॉलर) हैं। सत्य नडेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट शेयर कर लिखा, 'देश के एआई ट्रांसफॉर्मेशन में तेजी लाने में मदद करने के लिए भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किलिंग में हमारे नए निवेश की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।' शेष पेज 08 पर

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला, राजघाट परिसर में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि

- बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर दी जानकारी, पीएम मोदी का जताया आभार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। शेष पेज 08 पर






### अब घर बैठे दर्ज करा सकते हैं शिकायत

- रांची डीसी ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक पर एक पोस्ट जारी कर लोगों की समस्याओं के सामाधान के लिए नयी पहल शुरू की है। इसके जरिये राजधानीवासी अपनी शिकायत व समस्याएं सीधे दर्ज करा सकते हैं। शेष पेज 08 पर

# आज सात जिलों में रहेगा घना कोहरा, अलर्ट जारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। कल यानी 8 जनवरी को घना कोहरा छाया रहेगा। इसका असर कई जिलों में देखने को मिलेगा। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने 7 जनवरी, 2025 को दी।

**तापमान में बदलाव :** मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 2 दिनों में न्यूंनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की आशंका है। इसके बाद अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।



**आसमान साफ रहेगा :** 8 जनवरी को राज्य के कुछ इलाकों में सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद आसमान साफ रहेगा। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### श्मशान काली पूजा 15 जनवरी को, तैयारी जोरों पर



**सिल्ली।** सिल्ली पोस्ट आफिस के पिछे डुमरटांड़ स्थित श्मशान काली की बार्षिक पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर है। आगामी 15 जनवरी को होने वाली बार्षिक पुजा के आयोजन के लिए समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव समेत सभी सदस्य जुट गए हैं। श्मशान काली मंदिर के रंग रोगन एवं परिसर में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसे लेकर बैठकों का दौर भी जारी है। समिति के मनोज रजक ने बताया कि बार्षिक पुजा के दिन महाप्रसाद विततरण समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

### अफीम की अवैध खेती के खिलाफ चला अभियान

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ मंगलवार को व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कर्रा, खूंटी सहित अन्य प्रखंडों में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर इन फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। प्रशासन ने इस अभियान के माध्यम से अवैध खेती करने वालों को कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को जिले में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। अवैध अफीम की खेती मामले में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर एफआइआर समेत अन्य कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि जिले को अपराधमुक्त बनाया जा सके। साथ हीं उन्होंने अवैध अफीम की खेती छोड़ कर वैकल्पिक खेती करने की बात कही।

### ढोकरा शिल्पकारों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**खूंटी।** जिले के कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ में मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित 50 दिवसीय ढोकरा शिल्पकार प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 शिल्पकारों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिल्पकारों के कौशल में निखार लाना और उन्हें उन्नत तकनीकी उपकरणों का उपयोग सिखाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को उन्नत टूल किट भी प्रदान किए गए, जिससे वे अपने शिल्प कार्य को अधिक कुशलता और उत्पादकता के साथ कर सकें। समापन समारोह में जिला उद्यमी समन्वयक आतेन विश्वासी टोपनो, प्रखंड उद्यमी समन्वयक संतोष कुमार सोनी, जगरनाथ साहू, प्रकाश महाराणा सहित सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे थे श्रीवास्तव गैंग के अपराधी, छापेमारी में चार गिरफ्तार

▶ होटवार जेल में बना था अपराधियों की इस मीटिंग का पूरा प्लान



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस काफी संवेदनशीलता से कार्रवाई कर रही है। अपराधियों की भनक लगते ही पुलिस ना सिर्फ अलर्ट हो रही है, बल्कि बेहद शातिर तरीके से अपराधियों को दबोच भी रही है। रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे अपराधियों को पुलिस ने भी बेहद नाटकीय तरीके से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अपराधी श्रीवास्तव गैंग से ताल्लुकात रखते थे। वे लोग वहां पतरातू क्षेत्र में ठेकेदारों को धमकाने की योजना बना रहे थे। मंगलवार को एसपी अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि श्रीवास्तव गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें पतरातू थाने के स्टीम कॉलोनी निवासी दीपक कुमार, रोचाप गांव निवासी शहादत अंसारी, एहसान अंसारी और एक नाबालिक युवक शामिल है।

एसपी अजय कुमार ने बताया कि जैसे ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एलेक्सा रिजॉर्ट को घेरा गया, वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर वहां मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की, तो कुछ लोगों ने चलाकी भी बरती। वह अपना फर्जी नाम पता बता कर भागने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन पुलिस को पहले पुख्ता जानकारी थी। कड़ाई से पूछताछ हुई और दीपक, शहादत, एहसान और एक अन्य अपराधी को दबोच लिया गया। दीपक और शहादत के पास से 9 एमएम का दो देसी पिस्टल और तीन जिंदा गोली बरामद हुआ है। इसके अलावा अपराधियों की स्कॉर्पियो गाड़ी (जेएच 01 डीसी 5893), सुजुकी कार (जेएच 01 एफएच 8859), एक बिना नंबर की कार और छह मोबाइल जब्त हुआ है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि अपराधियों की इस मीटिंग का पूरा प्लान होटवार जेल में बना था। जेल में बंद अमन श्रीवास्तव, रियाज अंसारी, शिव शर्मा और रतन सिंह के द्वारा धमकी दिए जाने और रंगदारी वसूलने की योजना बनाई गई थी। इस मीटिंग को सफल बनाने के लिए एलेक्सा रिसोर्ट के बाहर तीन लोगों को रेकी करने के लिए लगाया गया था। एहसान अंसारी और एक अन्य नाबालिक युवक इस रेकी में शामिल था, जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि दीपक कुमार और शहादत अंसारी का आपराधिक इतिहास रहा है। दीपक के खिलाफ पतरातू और भुरकुंडा थाने में कई मामले दर्ज हैं।

## 25 वर्षीय युवक का शव बरामद

### हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**राहे।** प्रखंड के अंबाझरिया पंचायत अंतर्गत चंदवाटुंगरी पंचायत भवन के समीप एक 25 वर्षीय युवक मुलायम अहीर का शव अनगड़ा पुलिस ने बरामद किया है। युवक मुलायम अहीर अंबाझरिया पंचायत के ही बेलजारा गांव का रहने वाला था। घटना स्थल ओर गांव अनगड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत है। परिजनों के अनुसार मुलायम सोमवार शाम की ही घर से निकला था और मंगलवार सुबह शव मिला। शव पर कई गहरे जख्म के निशान देखे गए हैं जिसकारण हत्या की आशंका को पुष्टि मिलती है। इधर घटना की जानकारी पर राहे जिला परिषद सदस्य बादल महतो ओर प्रमुख लीलमनि देवी गांव पहुंच कर परिजनों से मुलाकात किया और पुलिस को जांच की मांग किया।

बेलजारा गांव का युवक मुलायम अहीर चार भाइयों में बड़ा था। पिता युधिष्ठिर अहीर के साथ कोलकाता में काम करता था नवंबर माह में खेती-बाड़ी निपटने के लिए घर आया हुआ था।युवक की हत्या की सूचना पर परिजनों का रो कर बुला हाल है। लोगों ने दबी जुबान में हत्या का कारण प्रेम प्रसंग बताया है। अनगड़ा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए रिम्स भेज दिया है।पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## शॉर्ट हिंदी फिल्म बिस्किट के कलाकारों को विधायक ने किया सम्मानित

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** शार्ट हिंदी फिल्म बिस्किट को मुंबई में आयोजित मराठवाड़ा फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट सोशल फिल्म का अवार्ड मिलने पर खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने मंगलवार को फिल्म के सभी कलाकारों एवं टेक्निकल मेंबर को शॉल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी।

मौके पर नागपुरी लोक गायक लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाई को भी विधायक ने सम्मानित किया। वनफूल फिल्म और टीवी इंटरनेशनल के बैनर तले निर्मित शॉर्ट हिंदी फिल्म बिस्किट में सभी कलाकार स्थानीय हैं। इस अवसर पर निरीक्षण भवन में जितेंद्र कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि झारखंड फिल्म विकास निगम का पुनर्गठन करने की मांग को विधानसभा में उठाया जाएगा, क्योंकि झारखंड फिल्म विकास निगम का गठन होने पर यहां फिल्म निर्माण में सुविधा होगी और यहां के प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा।

# घरों से जेवर चुराने वाला चोर और गलाने वाला सोनार गिरफ्तार

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** घरों से जेवरात चोरी करने वाले चोर और जेवर गलाने वाले सोनार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि शातिर और आदतन चोर व्यापारी साहू उर्फ. नेपाली साहू पकड़ा गया है। एसपी ने बताया कि वह शातिर चोर को हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनुवा गांव से पकड़ा गया है।



पूछताछ के दौरान उसने रामगढ़ एवं कुज्जू क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अपराधी के घर से चोरी किया गया 40 हजार रुपये नगद, चार मोबाइल फोन, एक टैब और पांच चांदी का सिक्का भी बरामद हुआ है। उस अपराधी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर जेवर गलाने वाले सोनार रामगढ़ गोलपार्क निवासी ओमहरि सोनी को गिरफ्तार किया गया। ओमहरि सोनी की निशानदेही पर कांड में चोरी गए जेवरात को गलाकर बनाए गए विभिन्न प्रकार के आभूषण को उसके दुकान से बरामद किया गया है। बरामद आभूषण और सामान से संबंधित वैध कागजात की जब मांग की गई तो उसके द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। एसपी ने बताया कि दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

एसपी अजय कुमार ने बताया कि व्यापारी साहू उर्फ नेपाली साहू का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पिछले 16 सालों से लगातार चोरी कर रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2008 से 2025 के बीच कई मामले दर्ज हो चुके हैं। अभी तक रामगढ़ थाना में ही उसके खिलाफ सात प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है।

# खूंटी उपकारा का औचक निरीक्षण, नहीं मिला भेदभाव का कोई साक्ष्य

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसीकेस कुमार, उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, प्रभारी कारा अधीक्षक अनुराधा कुमारी और सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने मंगलवार को सुकन्या शांता बनाम भारत संघ एवं अन्य के आधार पर उपकारा खूंटी का औचक निरीक्षण किया।

जेलों में जातिगत भेदभाव के तीन



मुख्य पहलुओं की पहचान की गई है जाति के आधार पर शारीरिक श्रम का विभाजन, जाति के आधार पर जेल बैरकों का पृथकीकरण और अनूसूचित जनजातियों के कैदियों एवं आदतन अपराधी के रूप में चिह्नित लोगों के विरुद्ध भेदभावपूर्ण प्रावधान। सरकार ने पहले भी सामुदायिक झड़पों को रोकने के उपाय के रूप में इस तरह के भेदभाव को उचित माना था। उपकारा खूंटी के औचक निरीक्षण से पता चला है कि यहां किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाता है, ऐसा कोई तथ्य नहीं है।

साथ ही नालसा के जरिये संचालित 90 दिवसीय आउटरीच अभियान पर खूंटी जिले की अलग-अलग जगहों पर बिरहु पंचायत, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुरहू, खूंटी थाना, लक्ष्मी नारायण प्लस टू हाई स्कूल मुरहू, दुमंगदीरी तपकरा और बारकुली पंचायतह्ल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम अभी लगातार 90 दिनों तक लगातार चलता रहेगा। अभियान में आज का मुख्य विषय निःशुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह, मानव तस्करी, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, चिकित्सा सहायता योजना एवं बच्चों से जुड़े अधिकार था। इस संबंध में लोगों को जगरूक किया गया। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## तीन माह से नल-जल योजना खराब, लोग परेशान



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड के धरमपुर में नल-जल योजना तीन माह से भी ज्यादा समय से खराब है। इससे ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कड़ाके की ठंड पर भी ग्रामीणों को पानी के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है लगभग 1 किलोमीटर दूर से पीने के पानी लाना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया है। इसके बावजूद सुधार नहीं होने से ग्रामीण आक्रोशित होने लगे हैं। तीन माह से ग्रामवासी पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन इस ओर विभाग के अधिकारी ध्यान ही नहीं दे रहे। स्थानीय लोग नल जल योजना को जल्द से सुधार की मांग कर रहे हैं, ताकि पानी की समस्या से निजात मिल सके। उल्लेखनीय है की यहां की नल-जल योजना आए दिन प्रभावित होती रही है। इसके पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने एवं बिजली कर्मचारियों की लापरवाही से 2-3 बार महिनों तक नल-जल योजना प्रभावित रही थी, वहीं हल्के बिजली कड़कने से मोटर जल जाती है। इस संबंध में सिल्ली पीएचडी कनीय अभियंता जीतराम मुंडा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सूचना मिली है जल्द से जल्द उसे ठीक कर लिया जाएगा।

## इटकी के राजपरिवार में पुत्र रत्न प्राप्ति पर बधाई देने पहुंचा मारुति मंगल परिवार



**इटकी।** इटकी में मारुति मंगल परिवार के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने मंगलवार को राजपरिवार के लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव के पुत्र गौरव नाथ शाहदेव को पुत्र रत्न प्राप्ति पर उपाहार स्वरूप अंग वस्त्र प्रदान कर बधाई के साथ शुभ कामानाऐं दी। मारुति मंगल परिवार के केन्द्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, संगठन प्रमुख सुमेश कुमार सहित जिला से कई लोग भूतपूर्व जमीनदार के राज दरबार पहुंचे और जमीनदार के वंशज लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव से भेंट की और उन्हें दादा बनने पर बधाई दी। इस दौरान लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने मारुति मंगल परिवार द्वारा क्षेत्र में की जा रही जन कल्याण कार्यों की सरहना करते हुए परिवार के विचारधारा के साथ सदैव चलने पर सहमति जताई।

## प्रशासन ने सड़क सुरक्षा नियमों की ली शपथ



**इटकी।** इटकी थाना प्रागंण में मंगलवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने पुलिस अधिकारी , हवलदार ,सिपाही ,चौकीदार और ग्रामीणों को यातायात के सभी मानक नियमों को पालन करने, हेल्मट लगाकर वाईक चलाने, सीटवेल्ट लगाकर कार और अन्य चार पहिया ड्राईब करने के अलावे अन्य 12 नियमों का शपथ दिलाया। शपथ लेने में स्पेशल ब्रांच के सब इन्सपेक्टर अरविन्द कुमार, एएसआई विवेक दुबे, मनिभूषण कुमार, मुंशीअनील कुमार सिंह सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के मुख्य संयोजक बने सुधीर मंगलेश



**रामगढ।** दुलमी प्रखंड बुध बाजार सिरु में झारखंड के प्रमुख पारंपरिक त्योहारों में से एक टुसू परब के शुभ अवसर पर आगामी 16 जनवरी 2025 को बुधबाजार सिरु में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता लिलेश्वर महतो ने की और संचालन सपुत कुमार ने किया। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सुधीर मंगलेश को आयोजन समिति का मुख्य संयोजक नियुक्त किया गया। सुधीर मंगलेश ने जानकारी दी कि हर साल की तरह इस वर्ष भी टुसू परब को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा टुसू परब हमारी संस्कृति, प्राकृतिक उत्साह और उमंग का प्रतीक है, जिसे झारखंडी लोग पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाते हैं।

# शीघ्र होगा बालू घाटों का संचालन

### जेसीबी और हाइवा आदि के प्रयोग पर रोक

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने आम जनता को सस्ती और वैध बालू उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक और महत्वपूर्ण पहल की है। पंचायत स्तर पर कैटेगरी-1 के पांच बालू घाटों का संचालन जल्द ही शुरू किया जाएगा।

इस पहल से न केवल बालू की उपलब्धता आसान होगी, बल्कि अवैध खनन पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। ये पांच बालू घाट कर्रा प्रखंड की सुनगी पंचायत, तोरपा प्रखंड की दियांकेल और चुरगी पंचायत, तथा मुरहू प्रखंड की माहिल और गनालोया पंचायत में संचालित किए जाएंगे। इसे लेकर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में संबंधित पंचायतों के मुखिया और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह खूंटी जिले में पहली बार कैटेगरी-1 बालू घाटों का



संचालन प्रारंभ होने जा रहा है। संचालन के दौरान सरकार की सभी गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पूरी पारदर्शिता और वैध प्रक्रिया सुनिश्चित कराई जाए। अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को बालू घाटों का सीमांकन शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, जिससे जल्द बालू घाटों का संचालन प्रारंभ किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर संचालित घाटों से बालू लेने पर लाभुकों से प्रति ट्रैक्टर बालू के लिए 100 रुपये का चालान काटा जाए और उसे निर्धारित खाते में जमा किया जाए। घाटों पर जेसीबी और हाइवा जैसे वाहनों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। घाटों से बालू लेने वाले लाभुकों का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज किया जाए। बालू का व्यावसायिक उपयोग न हो और केवल सीमांकित क्षेत्र से ही बालू का उठाव किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बालू लेने वाले व्यक्ति द्वारा बालू का भंडारण न किया जाए, न हीं उसकी बिक्री की जाए, केवल निजी उपयोग हीं किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि यह पहल केवल बालू की किफायती और सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और राजस्व में पारदर्शिता भी है।

# ठंड से राहत के लिए सरकार ने की कंबल वितरण की पहल



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** इलाके में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह और शाम लोगों को समय काटना मुश्किल हो गया है। लिहाजा, सरकार की ओर से सिल्ली प्रखंड के लोगों को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल भिजवाया गया है। कल्याण विभाग की ओर से भेजे गए कंबल सिल्ली प्रखंड कार्यालय के गोदाम में रखे गए है।

इन कंबलों को जरूरतमंदों के बीच प्रखंड के पंचायतों और वार्डों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। मंगलवार को भी कई वार्ड सदस्यों को कम्बल दिए गए। वार्ड सदस्यों ने भी अपने वार्ड क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। बीडीओ अनिल कुमार ने कहा है कि कंबलों की संख्या सीमित है प्रत्येक वार्ड पर मात्र दस कम्बल के हिसब से ही कंबल आए है। लेकिन फिर भी जरूरत मंद के बीच कंबल देने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि भी चिह्नित करके कंबलों का वितरण कर रहे है। किसी भी असहाय और जरूरत मंद व्यक्ति को कम्बल की आवश्यकता होने पर उसे अविलंब कंबल दिया जाएगा। अलाव की भी व्यवस्था की गई है।

# बच्चों को ऐसे संस्कार दें, जो विद्वानों के संग बैठ सकें : विभाश्री माताजी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़ ।** रामगढ़ शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में जैन आर्यिका संघ के जरिये मंगलवार को जिनालय में कई धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माता जी के सानिध्य में सहस्त्रनाम धारा अभिषेक कराया गया।

तत्पश्चात शांति धारा कर के भक्तामर विधान सम्पादित हुआ। उसके बाद आर्यिका संघ का प्रवचन हुआ। प्रवचन में माता जी ने कहा कि लोग हमें दिल से प्रशंसा करें, हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए, यही असली सौभाग्य है। इससे हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है।



माता जी के मुखारविंद से संपादित सहस्त्रनाम धारा एवं शांति धारा में श्रद्धालुओं ने जमकर धर्म लाभ लिया। जलाभिषेक का सौभाग्य प्रवीण पाटनी परिवार, इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, योगेश सेठी, पुष्पा अजमेरा, अशोक काला, हीरालाल जैन, राजेंद्र कुमार पाटनी, विद्या प्रकाश छाबड़ा परिवार को प्राप्त हुआ। वही, शांति धारा करने का सौभाग्य राकेश पांड्या, पुष्पा अजमेरा, मांगीलाल चूड़ीवाल, राजेंद्र जैन, राजेश चूड़ीवाल परिवार को मिला। दोपहर में माताजी का विहार रांची की ओर हुआ। समाज के सचिव योगेश सेठी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के सदस्यों का आभार प्रकट किया।

आर्यिका गणनी विभाश्री माताजी के अलावा 11 और आर्यिकाएं शामिल हुईं। श्री पारसनाथ जिनालय में दर्शन के बाद संघ को गाजे बाजे के साथ नगर प्रवेश कराकर श्री दिगम्बर जैन मंदिर में लाया गया। इस दौरान माताजी ने कहा कि प्राणी को धन से ज्यादा धर्म पर चलने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि जहां धर्म नहीं होता है वहां लक्ष्मी का वास नहीं होता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में देवेंद्र गंगवाल, प्रदीप पाटनी, विकास रपरिया, संजय सेठी, मुनकी छाबड़ा, सुभाष सेठी, महावीर गंगवाल, कमल पाटनी, रेणु चूड़ीवाल, ममता गंगवाल, सुनीता पाटनी, पुष्पा सेठी, श्वेता अजमेरा, सरला सेठी, वीणा बगड़ा, ममता बगड़ा, रेखा पाटनी, कुसुम पाटनी, प्रिया पाटनी, श्रीकांता गंगवाल, गिनाया देवी सेठी, जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार जैन सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### सैमसंग का बिग टीवी डेज कैम्पेन

**रांची।** सैमसंग ने नए साल और गणतंत्र दिवस के मौके पर बिग टीवी डेज कैम्पेन लॉन्च किया है। इसमें बड़े स्क्रीन वाले प्रीमियम टीवी पर शानदार ऑफर्स दिए जा रहे हैं। इनमें नियो क्यूएलईडी 8 के, नियो क्यूएलईडी 4 के, ओएलईडी और 4 के यूएचडी टीवी के मॉडल शामिल हैं। यह कैम्पेन 31 जनवरी 2025 तक चलेगा।

### राज्य की अर्थव्यवस्था पर बाबूलाल ने खड़े किये सवाल

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की अर्थव्यवथा पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि रांची में थानों के पुलिस वाहनों में बकाया भुगतान नहीं होने के कारण पेट्रोल पंप वाले पेट्रोल डीजल की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं। साथ ही कहा कि झारखंड के 25 वर्षों के इतिहास में ऐसी बदतर आर्थिक स्थिति कभी देखने को नहीं मिली।

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राज्य में जिस प्रकार से अपराध हो रहे हैं, ऐसे में पुलिस की पेट्रोलिंग को बाधित करना राज्य को अपराध के मुंह में धकेलने जैसा है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि एक मईयां सम्मान योजना में पीठ थपथपाने के लिए हेमंत सरकार ने सारे विभागों के बजट को डायवर्ट कर दिया है। मईयां सम्मान के नाम पर बहन-बेटियों की सुरक्षा जो पहले से ही कमजोर है और कमजोर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। मरांडी ने कहा कि जिस प्रकार से रोज नए कारनामे उजागर हो रहे और इंडी गठबंधन के नेता वादे से मुकरने लगे हैं, यह पूरी तरह राज्य की ध्वस्त अर्थव्यवस्था को उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इसकी आशंका भी प्रबल हो रही है कि हिमाचल जैसे राज्यों की तरह झारखंड राज्य के सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भी लाले न पड़ जाएं।

### वैकुंठ महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**रांची :** पहाड़ी मंदिर की निकटवर्ती दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 09 जनवरी गुरूवार से ही वैकुण्ठ द्वार का दर्शन सुलभ हो जायेगा। मुख्यरूप से 10 जनवरी शुक्रवार को वैकुण्ठ एकादशी व्रत का मान है। इसी वैकुंठ एकादशी के अवसर पर चार दिनी श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना 09 जनवरी से 12 जनवरी तक होगा। यह सहस्त्रनाम सब अपराधों का शमन करनेवाला और परमभक्ति की वृद्धि करनेवाला है। यह अक्षय ब्रह्मलोक तथा समस्त इच्छाओं की प्राप्ति का एकमात्र साधन है ।यह सर्वदु :खों का विनाश करने वाला तथा विष्णु लोक का एक सोपान है । यह समस्त सुखों को प्रदान करने वाला, सत्य और परम निर्वाणदायक है। काम, क्रोध तथा सभी मन की वासनाओं को शुद्ध करने वाला है। यह मनुष्यों को शांति प्रदान करता है, महापातकियों को भी पवित्र करता है और प्राणियों की सभी अभीष्ट इच्छाओं को पूर्ण करने वाला है । यह समस्त विघ्नों और घोर दु :खों का शमन करने वाला तथा सभी अरिष्टों और तीव्र दरिद्रता का नाश करने वाला है।

### पूर्व सांसद स्व. शिव प्रसाद साहू की मनी जयन्ती

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व सांसद स्व. शिव प्रसाद साहू की जयंती कांग्रेस भवन रांची मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सहित कांग्रेसजनो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू एक प्रतिभावान एवं परिश्रमी व्यक्ति थे। कार्यकताओं का सम्मान करने एवं जनहित के मुद्दे पर सतत मुखर रहते थे। उनके व्यक्तित्व और उनके कार्य क्षमता का ही परिणाम रहा कि वह रांची लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद निर्वाचित हुए।

# हाई कोर्ट ने बाबूलाल समेत 40 आरोपियों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक रखा बरकरार

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित 40 आरोपितों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी है। रांची में 23 अगस्त, 2024 को भारतीय जनता युवा मोर्चा की मोरहाबादी मैदान में रैली के दौरान कार्यकताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद बीडी राम, संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत 40 आरोपितों की ओर से लालपुर थाना में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने प्रार्थियों को सरकार के प्रतिशपथ पत्र का प्रतिउत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। तब तक हाई कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी सहित 40 आरोपितों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है।

कोर्ट में जिनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है, इनमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद बीडी राम एवं संजय सेठ, पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी, सांसद दुल्लू महतो, विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव, शशांक राज, सत्येंद्र नाथ तिवारी,




मंगल मूर्ति तिवारी, अर्पना सेनगुप्ता, अमित कुमार, अमरदीप यादव, नीरा यादव, आरती कुजूर, वरुण कुमार, इंदु शेखर मिश्रा, राज्यसभा सदस्य प्रदीप कुमार वर्मा, आदित्य प्रसाद, सांसद विद्युत वरण महतो, रांची विधायक सीपी सिंह, भाजपा विधायक नवीन जायसवाल, संजीव विजयवर्गीय, कुणाल यादव, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, नारायण दास, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, केदार हाजरा, रमेश कुमार सिंह, पुष्पा देवी सहित अन्य हैं। मामले में लालपुर थाना में इनके खिलाफ कांड संख्या 203/2024 दर्ज किया गया है। इनमें 51 नामजद और 12 हजार अज्ञात आरोपित हैं।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली में कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन सरकार द्वारा किए गए 'अन्याय' और चुनावी वादों को पूरा करने में 'विफलता' के खिलाफ विरोधी रैली के दौरान बैरिकेड तोड़ दिए थे। पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकताओं को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की। साथ ही रबर की गोलियां चलाईं। दोनों पक्षों ने दावा किया कि हाथापाई में कई प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 को लागू किया था। इस प्रदर्शन के बाद मोरहाबादी मैदान के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी गई थी।

### डीजीपी व डीजी होमगार्ड हाई कोर्ट में हुए हाजिर

झारखंड हाई कोर्ट में होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के मामले में दायर अवमानना याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट में जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की बेंच में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता और महानिदेशक (डीजी) होमगार्ड अनिल पालटा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने अवमानना याचिका को ड्रॉप करते हुए कहा कि चूंकि इस मामले में राज्य सरकार अपील (एलपीए) में गई है, इसलिए होमगार्ड के जवानों का एरियर सरकार के अपील के फैसले पर निर्भर करेगा। कोर्ट ने कहा कि होमगार्ड को वर्तमान में मिल रही बढ़ी हुई सैलरी मिलती रहेगी। इससे पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट के 25 अगस्त, 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में अपील दाखिल की है। राज्य सरकार ने 10 अगस्त, 2024 को होमगार्ड के जवानों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है। इसके आधार पर वर्तमान में होमगार्ड जवानों को बढ़ी हुई सैलरी मिल रही है। होमगार्ड जवानों को एरियर भुगतान में कई वित्तीय कठिनाइयों भी हैं, सरकार स्तर पर अभी इस पर निर्णय नहीं हुआ है।

# इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य को प्राथमिकता दें सभी उपायुक्त : मुख्य सचिव

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को प्राथमिकता देकर उनमें आ रही रुकावटों को जिला स्तर पर ही दूर करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कारणों से प्रोजेक्ट रुक जाते हैं। उसकी लागत भी अनावश्यक रूप से बढ़ती है। इससे रिसोर्स का और राज्य का नुकसान होता है। अगर, थोड़ा सा अतिरिक्त ध्यान दिया जाये, तो जिला स्तर पर ही समस्या का समाधान हो जायेगा।

मुख्य सचिव मंगलवार को राज्य में नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, रेलवे ओवरब्रिज और राज्य सड़क निर्माण विभाग की उन योजनाओं की समीक्षा कर रहीं थीं, जो मुआवजा, भूमि अधिग्रहण, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विधि व्यवस्था जैसे कारणों से बाधित हैं।

#### एनएचएआइ की चल रहीं 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं

राज्य में एनएचएआइ की 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं चल रही हैं। वहीं, अनेक रेलवे ओवरब्रिज का काम भी जारी है। राज्य सरकार की सड़कों का विस्तार और चौड़ीकरण की भी हजारों किलोमीटर का काम चल रहा है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी से राज्य को केंद्र से सड़क निर्माण की नई योजनाएं मिलने में दिक्कत हो रही है। राज्य में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विवाद है।

मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान जब इस बाबत संबंधित उपायुक्तों का पक्ष जाना, तो लगभग सभी ने कुछ दिन और महीने के भीतर निर्माण में आ रही रुकावटों को दूर करने की बात कही। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि जो समयसीमा उपायुक्तों ने समस्या समाधान के लिए तय किया है, वे उसका पूरी क्षमता से पालन करें। ससमय रुकावट दूर करें। समस्या समाधान के लिए तय समय में बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर समेत एनएचएआइ और वन विभाग आदि के अधिकारी भी मौजूद थे। साथ ही सभी संबंधित उपायुक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

#### राज्य में चल रहे सड़क प्रोजेक्ट के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा




#### सभी विभागों से समन्वय बनाकर निकालें समाधान

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी उपायुक्त जिला स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों को प्राथमिकता देते हुए उसकी सतत निगरानी करें। अनावश्यक बाधा पहुंचाने वालों पर कार्रवाई करें। लगातार सभी विभागों से समन्वय बनाते हुए तय समय पर योजना पूरी कराएं। इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों की बाधा को तत्काल दूर करें। विधि व्यवस्था, फॉरेस्ट क्लियरेंस और मुआवजा भुगतान के कारण कोई काम नहीं रुकना चाहिए।

# खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है : राज्यपाल



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को कहा कि खादी महोत्सव न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने खादी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का प्रतीक बताते हुए कहा कि खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है और आज भी हमारे कारीगरों को रोजगार देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को सशक्त बना रही है।

राज्यपाल मंगलवार को झारखंड राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित 'राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25' के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान 'खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन' का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खादी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से खादी को जन आंदोलन बनाने की उनकी पहल से ग्रामीण कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रसन्नता है कि इस महोत्सव के माध्यम से महिला उद्यमियों के जरिये तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर हो सकती हैं, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं। उन्होंने इस महोत्सव में भाग लेने वाले बुनकरों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बधाई दी। साथ ही कहा कि इन कारीगरों के श्रम और कौशल ने झारखंड के ग्रामीण उद्यमों की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है।

राज्यपाल ने आम जनमानस से खादी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को अपनाकर हम न केवल हमारे ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बना सकते हैं, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि की दिशा में भी योगदान कर सकते हैं। साथ ही राज्यपाल ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार और सभी स्टॉलधारकों एवं कारीगरों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

# भक्तिमय संगीत के संग 13 जनवरी को नमो पतंग उत्सव

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के सानिध्य में 13 जनवरी, 2025 को ओटीसी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग उत्सव होगा। सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पतंग उत्सव की शुरूआत झारखंड में 2006 में की थी। इसके बाद से यह प्रत्येक वर्ष हो रहा है। आयोजन के संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हैं। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का निर्वाह करते हुए मकर संक्रांति व लोहड़ी के शुभ अवसर पर नमो पतंग उत्सव का आयोजन 13 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे प्रारंभ किया जाएगा।

श्री काबरा ने बताया भक्तिभय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के संग यह कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएगा। इसके अंतर्गत पतंग वितरण और उत्सव का आयोजन होगा। इस उपलक्ष्यन पर समिति द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग की भी व्यवस्था रहेगी।

उत्सव को सफल बनाने में अजय मारू, पुनीत पोद्दार, कुणाल आजमानी, प्रमोद सारस्वत, राज वर्मा, रविंद्र मोदी, राम बांगड़, संजय सिंह, नीरज चौधरी, रमाशंकर बगड़िया, संतोष सेठ, अमित चौधरी, मनीष लोधा, संजय जायसवाल, ललित ओझा, सोनित अग्रवाल, सुबेश पांडेय, संजय पांडेय, आशीष अग्रवाल, संजय पोद्दार, कमलजीत सिंह शंटी, नीरज कुमार समिति के सदस्य लगे हुए हैं।

- रातू रोड के ओटीसी मैदान में पतंग वितरण के साथ होगा उत्सव

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के प्रति लोगों को करें जागरूक : आयुक्त

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारीयों के साथ संबंधित विभाग द्वारा संचालित सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों का आधारभूत संरचना, पूरक पोषाहार,पोषण ट्रैकर एप पर एंट्री, डायनप्रथा उन्मूलन एवं सामाजिक कुरीति निवारण, विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम एवं विद्यालय की अद्यतन स्थिति सहित अन्य क्रियान्वित योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना



की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि यह राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है।

इसका लाभ सभी जिले के शत-प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को दिया जाना है। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अनुमोदित आवेदनों का शत प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया गया है। नए आवेदनों का जांचोपरांत ससमय भुगतान कर दिया जाएगा। आयुक्त द्वारा शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि एक भी सुयोग्य बालिका योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रह जाए, इसका विशेष ध्यान रखें।

कन्यादान योजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त को अवगत करवाया गया कि गुमला जिला के किस्को पंचायत में विवाह निबंधन पोर्टल में दिक्कत हो रही जिसके वजह से कई आवेदन लंबित है। आयुक्त ने जल्द से जल्द पोर्टल को ठीक कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।

# श्रीमद्भागवत गीता कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा- धाम मंदिर में तीसरे दिन भी भगवान श्री राधा- कृष्ण के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में आयोजित चार दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता कथा के तीसरे दिन संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज ने उद्धव चरित्र रुक्मणी विवाह एवं कृष्ण सुदामा लीला की मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। एवं कथा की अमृत वर्षा स्वामी जी के मुखारविंद से भक्तों ने श्रवण किया। श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन श्रीमद् भागवत कथा के यजमान श्रीमती सुनीता अग्रवाल,राजू अग्रवाल, श्रीमती सरिता अग्रवाल, विजय अग्रवाल सपरिवार एवं संस्था के सदस्यों ने बड़े ही प्रेम भाव से श्रीमद्भागवत का पूजन तथा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज को माल्यार्पण चंदन- वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों के साथ श्रीमद् भागवत की आरती की। श्रीमद् भागवत कथा व्यास पीठ पर आसीन संत सदानंद जी महाराज ने हुए कहा कि दुख- सुख को समझने वाले जिस धैर्यवान पुरुष को एक इंद्रियों के विषयों के संजोग व्याकुल नहीं करते वह मोक्ष के योग्य नहीं है।

महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में प्रेम का वर्णन करते हुए कहा की के उद्धव से ज्ञानी को भी कहना पड़ा यह गोपियों तू धन्य हो तुम्हारा जीवन सफल है और तुम सारे संसार के लिए पूजनीय हो क्योंकि तुम लोगों ने इस प्रकार भगवान श्री कृष्ण को अपना हृदय अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया है।


# जनता दरबार में 40 लोगों ने रखीं समस्याएं, स्वास्थ्य मंत्री ने निराकरण के दिए निर्देश

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी की उपस्थिति में मंगलवार को जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान 40 लोगों ने समस्याएं रखी। मंत्री इरफान ने तत्काल अधिकारियों से बात कर समाधान का रास्ता निकालने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में आये कुल 40 मामलों में स्वास्थ्य संबंधी आठ, जमीन संबंधित तीन, थाना विवाद के दो, स्थानांतरण के दो, नौकरी के सात मामलों के अलावा मंईयां सम्मान, अबुआ आवास विभागीय कार्रवाई सहित अन्य मामले आए। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दी।

जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस लोगों के जीवन शैली को सरल बनाने का प्रयास करती है। इसी प्रयास के तहत जनता दरबार की पहल की गई है। हमें जनता का प्रति जवाबदेह और संवेदनशील होना होगा। तभी लोगों के जीवन में बदलाव आएगा। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक मजबूती के लिए आवश्यक है कि प्रगति में सबका साथ हो। झारखंड के अधिकारियों को भी जनता के नजरियों को समझ कर उनके उत्थान के लिए कार्य करना होगा। महागठबंधन सरकार पार्ट दो में हम तीव्र गति से आगे बढ़ने वाले राज्यों में शुमार होंगे। केंद्र सरकार झारखंड को सहयोग करेगा तो देश की तरक्की में झारखंड और मजबूती से



अपना योगदान देगा।

डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जनता के पास जाकर उनकी समस्याओं को जानकर उसका निराकरण करना है। झारखंड के लोगों का स्वास्थ्य ठीक रखना है। पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है। एक सप्ताह के बाद परिणाम दिखना शुरू हो जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के भी पूर्व के कुछ मामले सामने आए हैं उसकी जांच कराई जाएगी। यदि कोई दोषी निकलता है तो उस पर कार्रवाई होगी। एचएमवीपी वायरस का झारखंड में कोई प्रकोप नहीं है। सभी सिविल सर्जन से बात करने का निर्देश सचिव को दिया जा चुका है। हम केंद्र सरकार के एडवाइजरी का इंतजार कर रहे हैं। इरफान ने कहा कि केंद्र सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देश का अनुपालन किया जाएगा। यह वायरस 5 वर्ष से कम और 70 वर्ष से ऊपर की उम्र के लोगों पर प्रभाव डालता है। झारखंड इससे निपटने को पूरी तरह तैयार है। बाहर से आने वाले लोगों की भी जांच की व्यवस्था की जाएगी। जनता को आश्वस्त करते हैं कि अगले कुछ दिनों के अंदर स्वास्थ्य विभाग में व्यापक सुधार दिखने लगेगा।

संक्षिप्त

### संत निरंकारी मिशन का हुआ समागम

**चौपारण** : चौपारण में संत निरंकारी मिशन चौपारण ब्रांच के तत्वाधान में संत निरंकारी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन मुंबई महाराष्ट्र से पधारे केंद्रीय ब्रह्मज्ञान प्रचारक महात्मा अरुण वीथोबा पाटिल जी का पवन अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें कई राज्य के महात्माओं का हजारों की संख्या में आगमन हुआ। जिसमें लगभग सैकड़ो की संख्या में संतों ने परमात्मा ब्रह्म का ज्ञान सत्संग माता सुदीक्षा जी के पावन निर्देशानुसार केंद्रीय ज्ञान प्रचारक महात्मा जी अरुण वी पाटिल के द्वारा प्रदान की गई जिसमें ब्रह्म ज्ञान प्राप्त कर परमात्मा की सच्ची का भक्ति मार्ग प्रत्यस्थ करेंगे। दूर राज्यों से पधारे महात्मा प्रोफेसर डी सिंह जोनल इंचार्ज, महात्मा झुमरी तलैया जोन मानसिंह सावंत की, सुभर्मित जी पाटिल एवं अन्य संतों ने अपने पवन आशीर्वाद से समस्त आये हुए संतो को अपनी प्रेरक विचार से लाभान्वित किया।

### गंदे पानी के बहाव को लेकर हो रही है लोगों को परेशानी

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होवार पंचायत के विभिन्न गली टोलों में गंदे पानी बहाव को लेकर, दो दिवसीय स्वच्छता अभियान चलायें जाने के संबंध में 40+ गाल्होवार के द्वारा मुखिया एवं पसंस को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि ग्राम पंचायत गाल्होवार के सभी टोलों के गलियों में तेजी से गंदे पानी रोड़ में बहाया जा रहा है। इसको लेकर 40+ गाल्होवार के तहत 08 जनवरी दिन बुधवार समय 10 बजे अपराह्न से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों का समर्थन और भाग लेने की अनुरोध किया है। मुख्य रूप से अध्यक्ष मो० साजिद हुसैन, सचिव नेमचंद महतो, कोषाध्यक्ष डेगलाल महतो, आसिन अंसारी, चेतलाल मंडल, विजय रजक, रंजीत कुमार शर्मा, किशोर शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, सागर कुमार मंडल, घनश्याम प्रजापति, नारायण महतो उर्फ टेनी, पवन प्रजापति, प्रदीप ठाकुर, चंदन मंडल आदि सदस्यों का हस्ताक्षर अंकित है।

### विस्फोटक अधिनियम के आरोपी को तीन साल की सजा

**हजारीबाग** : व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार की अदालत ने विस्फोटक अधिनियम के आरोपी को तीन साल व दस हजार रूपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। अदालत ने एसटी संख्या 362/2017 ने अभियुक्त रामविलास यादव पिता महावीर यादव, निवास कॉलेज मोड़ चानो रोड, थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग को विस्फोटक अधिनियम की धारा 5 और भादवि की धारा 120 बी के तहत दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। घटना 25.10.2016 की सुबह 6:00बजे की है। चैपारण थाना की पुलिस महराजगंज के पास एक सफेद रंग की इंडिगो कार से 7 केजी एल्यूमिनियम नाईट्रेट और 4 डिब्बा पावर जेल को जब्त किया था। इस दौरान दो अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया था। तत्कालिन चैपारण थाना प्रभारी मंजित कुमार के फर्द ब्यान पर चैपारण थाना कांड संख्या 209/2016 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर 6 ग्वाहों का ग्वाही हुआ। अदालत ने दोनो पक्षों की दलील सुनने के बाद अभियुक्त रामबिलास यादव को दोषी करार दिया।

### जिला अनुकंपा समिति की बैठक में 14 अभ्यावेदनों की समीक्षा

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उग्रवादी हिंसा और सामान्य मामलों के आश्रितों के अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गयी। समिति ने कुल 14 अभ्यावेदनों की जांच की, जिनमें से 5 उग्रवादी हिंसा से संबंधित और 9 सामान्य मामलों के थे।सामान्य मामलों के अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श के बाद समिति ने 9 में से 6 अभ्यावेदनों को स्वीकृति देने की अनुशंसा की। वहीं, उग्रवादी हिंसा से संबंधित 5 मामलों पर भी चर्चा करते हुए समिति ने सभी मामलों पर अनुशंसा की। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, स्थापना उप समाहर्ता समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा

# नये चालकों व युवाओं को किया जायेगा जागरूक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** उपायुक्त विशाल सागर द्वारा मंगलवार को समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उदेश्य से सड़क सुरक्षा जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने युवाओं एवं नये चालकों से अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान में सभी लोग सहयोग करें। सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का अक्षरशः पालन करते हुए दूसरों को भी जागरूक करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि सड़क सुरक्षा जागरुकता रथ जिले के सभी प्रखण्डों एवं अनुमंडल मुख्यालय में 31 जनवरी तक घुमकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के अलावा दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति को मदद करने के लिए लोगों को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर मुख्य रूप से नये चालकों व युवाओं को जागरूक किया जायेगा।




उपायुक्त ने मुख्य रूप से युवाओं से अपील करते हुए यातायात नियमों को पालन अत्यंत आवश्यक व महत्वपूर्ण है, क्योंकि सड़क दुर्घटना के वजह से होने वाली क्षति एक ऐसी क्षति है, जिसकी पूर्ति करना संभव नहीं है इसलिए आवश्यक है कि हम सभी सावधान होकर वाहन नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों यथा- हेलमेट का उपयोग करना, शराब पीकर या फोन पर बात करते हुए गाड़ी न चलाना, रैश ड्राईविंग न करना, ओवर टेक न करना आदि नियमों का पालन वाहन चलाते समय अवश्य करें।

वर्तमान समय में जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है, वैसे-वैसे वाहनों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। ऐसे में सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है कि सड़कों पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात नियमों का पालन अवश्य रूप से किया जाय।

मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक भूषण, जिला परिवहन पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, नजारत उपसमाहर्ता मनोज कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा मुकेश कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, यातायात डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, परिवहन कार्यालय के अधिकारी व कर्मियों के साथ, सड़क सुरक्षा मैनेजर शिव कुमार, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, सदस्य, पी आई यू सदस्य, कार्यालय कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।

## डीसी, एसपी व डीटीओ ने किया सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**सरायकेला।** सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत एवं जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने मंगलवार को जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञात हो कि सरायकेला खरसावां जिला में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी जाएगी जिससे वाहन चालकों की लापरवाही से सड़क पर होने वाले हादसों को कम किया जा सके। उपायुक्त ने इस मौके पर बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी लोगों को यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता है। इस अभियान के माध्यम से आमजनों को यातायात नियमों के पालन की महत्ता समझाई जाएगी और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जाएगा।




अभियान के दौरान विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर वितरण, सड़क सुरक्षा साइनबोर्ड लगाने और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और सतर्कता बढ़ाना है। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूमेगा और स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करेगा

चालकों को हेलमेट का उपयोग, चार पहिया या भारी वाहन चालकों के बीच सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने में हतोत्साहित करने पर बल दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने कहा सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्यआए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोग सड़क सुरक्षा मानकों को नहीं अपना रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसे देखते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने बताया कि बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ ही वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दिया जा रहा है।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने की जरूरत : अन्नपूर्णा



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** केंद्रीय मंत्री (महिला एवं बाल विकास मंत्री) अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, विधायक बरही मनोज यादव, विधायक बरकट्ठा अमित यादव, विधायक मांडू, विधायक बड़कागांव, विधायक बगोदर,जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, उपाध्यक्ष जिला परिषद, उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

बैठक में केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जलापूर्ति योजना, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट स्कीम,उज्जवला योजना, के तहत रेलवे, हाईवे, वाटर वेज, माइंस आदि से संबंधित आधारभूत संरचना निर्माण की योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना,पीएमकेएसवाई, प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की सभी योजना की पहुंच आम जनता तक सुगमता से पहुंचे हम सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की यह महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। जनकल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ सही लाभुक तक एवं गुणवत्ता और तत्परता से मिले इसके लिए हमारी सजगता एवं संवेदनशीलता जरूरी है। काम की गुणवत्ता के साथ समझौता स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने की जरूरत है। निगरानी प्रणाली में जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए संबंधित विभागों को जिम्मेवार बनाकर गुणवत्ता की सतत मॉनिटरिंग की जाए, समय पर योजना पूरा हो यह सुनिश्चित करें। योग्य लाभुकों को उनका हक मिले तथा समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन हो।

## दलालों से मुक्त हो प्रखंड व अंचल कार्यालय : विधायक




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड कार्यालय के सभागार मे मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रखंड कर्मी और अंचल कर्मी सहित जेएसएलपीएस, बाल विकास परियोजना कर्मी के साथ समीक्षा बैठक की। सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह एवं अंचलाधिकारी राज कुंवर सिंह ने विधायक को फूल माला एवं बुक्के देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

विधायक ने प्रखंड कर्मी और अंचल कर्मी से परिचय प्राप्त किया। मौके पर विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने सभी कर्मियों को संबोधित करते हुए निर्देश दिया की ग्रामीण दूर दराज से अपने आवश्यक काम के लिए प्रखंड कार्यालय मे आते है,उन्हें बेवजह परेशान नहीं किया जाय नहीं तो कारवाई के लिए तैयार रहे। डॉ मेहता ने कहा कि ग्रामीणों को पदाधिकारीयों के द्वारा काम नहीं होने पर दलाल के चंगुल मे फंस जाते है।

विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा की अगर मुझे ऐसा सुनने का मिला तो मैं कतई बर्दास्त नहीं करूंगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देश दिया की दलाल से मुक्त हो प्रखंड और अंचल कार्यालय। मौके पर विधायक के हाथों से जेएसएलपिएस बहनो के नौ लाख का चेक और वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल वितरण एवं स्कूली बच्चों के बीच में साइकिल का किया वितरण। वही प्रखंड परिसर में बने जिम उपकरण का विधायक के द्वारा फीता काटकर किया गया उद्घाटन। बाल विकास परियोजना के द्वारा गोद भराई कार्यक्रम किया गया एवं छोटे बच्चों को अनपरासन विधायक के हाथों से कराया गया। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, बच्चन ठाकुर, सुनील प्रसाद गुप्ता, रौशन सिंह, संतोष वर्मा,राजेन्द्र यादव, मिथलेश यादव, जयकिशोर प्रसाद, उमेश यादव, पप्पू यादव, मंटू शर्मा, रामचरित्र सिंह, संजय भुइयां, शैलेन्द्र सिंह,रिमा शर्मा सहित प्रखंड कर्मी सह अंचल कर्मी के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 90 एकड़ खेत में लगी अफीम की खेती पुलिस ने की नष्ट



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सरायकेला खरसावां।** सरायकेला खरसावां जिला पुलिस ने अवैध रुप से की जा रही अफीम की खेती के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निदेर्शानुसार पिछले दो सप्ताह से अफीम की खेती की नष्ट की जा रही है। जिले के चौका, ईचागढ़, चांडिल, खरसावां, कुचाई, दलभंगा थाना क्षेत्र में पिछले 15 दिनों के दौरान करीब 90 एकड़ खेतों में लगे अफीम की खेती को बर्बाद किया गया।

**आगे भी जारी रहेगा अफीम के खिलाफ अभियान**

सरायकेला के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के अनुसार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध रूप से हो रही अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ साथ ग्रामीणों को भी अफीम की खेती नहीं करने के लिए कहा जा रहा है। लोगों को अफीम की खेती के जगह वैकल्पिक खेती के रुप में सब्जी, रबी फसल, मोटे अनाज की खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

**अफीम खेती के खिलाफ थाना प्रभारी ने चलाया जागरूकता अभियान**

खरसावां थाना क्षेत्र के सीमावर्ती लखनडीह व नारायणबेड़ा गांव में पुलिस प्रशासन की ओर से अफीम (पोस्तु) की खेती और बिक्री के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार ने लोगों को अफीम की खेती के दुष्परिणाम से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अफीम की और इसकी बिक्री करना कानूनन अपराध है। कानून में इसकी कड़ी सजा का प्रावधान है। ग्रामीणों को वैकल्पिक कृषि को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अगर ग्रामीण सब्जी समेत रवि की खेती करेंगे तो इसमें पुलिस प्रशासन भी सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि अफीम की अवैध खेती के खिलाफ अभियान चलाने के साथ साथ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**खरसावां के बरजुडीह गांव से सटे जंगल में महुआ शराब भट्ठी को पुलिस ने किया नष्ट**

सरायकेला खरसावां जिला में पुलिस प्रशासन की ओर से अवैध कारोबारियों के खिलाफ चल रहे अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। मंगलवार की सुबह भी पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया। मंगलवार को खरसावां थाना क्षेत्र के रीडिंग पंचायत के बरजुडीह गांव से सटे जंगल में अवैध के भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त कर किया। जंगल में अवैध रुप से संचालित महुआ शराब भट्ठी को नष्ट करने के साथ साथ करीब 400 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया गया कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई कर शराब की भट्ठी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान आसपास के गांवों में अवैध रुप से अफीम (पोष्तु) की खेती, शराब व डायन-बिसाही के कुप्रथा के खिलाफ भी जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को इसके प्रति जागरूक करते हुए कहा कि यह कानूनी रूप से गलत होने के साथ साथ सामाजिक बुराई भी है।

## बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** केतार प्रखंड की बलिगढ़ पंचायत अजानिया मोड़ के पास बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडे एवं थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्री पांडे ने कहा कि? खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। समय-समय पर इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होना बहुत जरूरी है।

थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि केतार प्रखंड जैसे सुदूरवरती इलाकों में इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों के अंदर छिपी प्रतिभा में निखार आती है। हमें खेल को खेल की भावना से खेलने चाहिए। खेल में अनुशासन भी बहुत जरूरी है।



उद्घाटन मैच केतार बनाम कैलान के बीच खेला गया। शुरूआती पारी में कैलान की टीम 10 ओवर में 52 रन बनाकर ऑल आउट हो गए। जवाब में केतार ने 4 विकेट गंवाकर 5 ओवर में 53 रन बनाकर जीत हासिल की। पवन कुमार को मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह, चंद्रदेव सिंह, रमेश राम, मनीष कुमार गुप्ता, सुशील यादव, अनूप कुमार, भीम कुमार, संत कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**दुमका।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ने सोहराय की छुट्टी में बदलाव की मांग की है। इसके लिए संघ ने विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो को ज्ञापन सौंपा है। इसके अलोक में विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र है। विधानसभा अध्यक्ष पत्र में लिखा है कि संघ के जिला सचिव सुधीर सोरेन द्वारा अधोहस्ताक्षरी को एक अभ्यावेदन समर्पित किया गया। इसमें उन्होंने अंकित किया है कि संताल जनजाति समुदाय का सबसे बड़ा पर्व सोहराय है। यह पर्व संताल परगना सहित झारखंड के अन्य क्षेत्रो में पांच दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष सरकार द्वारा सोहराय की छुट्टी मकर संक्रांति के साथ 14 जनवरी (रविवार) को घोषित की गई है, जबकि पूर्व के वर्षों में इसे अलग से अवकाश घोषित किया जाता रहा है।

# खजूरी जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति ने किया धरना-प्रदर्शन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** पुराने समाहरणालय के सामने खजूरी जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, बीरबंधा ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पहुंचे राष्ट्रीय मछुआरा संघ के प्रदेश महासचिव बसंत कुमार चौधरी ने कहा कि समिति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। समिति वर्षों से अपने अधिकार की लड़ाई लड रही है। उसे बंदोबस्त ना कर दूसरी समिति को बंदोबस्त किया जाना गलत है।

अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि समिति के लोग लगातार बंदोबस्त के लिए प्रयास करते आए हैं। हर स्तर पर हमेशा सकारात्मक आश्वासन मिलता रहा है। हालांकि स्थानीय पदाधिकारी के रवैया से हम लोग काफी परेशान हैं। खजूरी




जलाशय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड, बीरबंधा एक निबंधित संस्था है। खजूरी जलाशय में मत्स्य पालन के लिए समिति बंदोबस्ती लेना चाहती है। खजूरी जलाशय में मत्स्य पालन के लिए 27 जुलाई, 2021 को बीरबंधा में समिति ने बैठक की।

समिति के पदधारियों ने कहा कि बंदोबस्ती के लिए संपूर्ण अहताएं पूरी करने के बावजूद भी जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा तरह-तरह के बहाना बनाकर बेवजह परेशान किया गया। कागजात को देखते हुए तत्काल बंदोबस्ती को रद्द करते हुए विधि संगत न्याय किया जाए। खजूरी जलाशय विस्थापित मत्स्यजीवी सहयोग समिति की अवैध तरीके से बंदोबस्ती की गई है।

खजूरी जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड बीरबंधा के सभी सदस्य स्थानीय हैं। परंपरागत है। प्रशिक्षण प्राप्त हैं। गरीब, असहाय, भूमिहीन, दिव्यांग सहित 200 लोगों का रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई है। सभी लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गए। उच्चाधिकारियों से समिति को जलाशय की बंदोबस्तीा करने की मांग की गई। उचित कारवाई के लिए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

मौके पर समिति के सचिव संजय कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष अजय चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य सुकुल चौधरी, उपेंद्र चौधरी, चलितर चौधरी, सीता राम चौधरी, शिव चौधरी, संजय चौधरी, संतोष चौधरी, रामाशीष चौधरी, रामजन्म चौधरी, अखिलेश चौधरी, सोनी देवी, कौशल्या देवी, गीत देवी, उर्मिला देवी, लालती देवी, पार्वती देवी, सोना देवी, धनवा देवी, विजय चौधरी, राजेश चौधरी, कर्मदेव चौधरी, सुषमा देवी, विजय चौधरी, सुनीता देवी, कुंती देवी, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### डीवीसी कर्मी के एकाउंट से 50 हजार की साइबर ठगी

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी कर्मी के एसबीआई एकाउंट से साइबर ठगों ने मंगलवार को 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना के बाद डीवीसी कर्मी ने बोकारो साइबर सेल में मामला दर्ज करवाया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि डीवीसी कर्मी के मोबाइल पर एसबीआई रिवाड्र्स का एक मैसेज भेजा गया। मैसेज में एक लिंक भी भेजा गया था। मैसेज को खोलते ही लिंक टच होने पर कर्मी के एकाउंट से 50 हजार रुपये साइबर ठगों के द्वारा उड़ा दिए गए। कर्मी ने तत्काल एसबीआई की शाखा में कॉल करके अपना एकाउंट लॉक करवा लिया।

### सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचा कार चालक

**तालगड़िया।** चास-तालगड़िया पथ पर तालगड़िया स्टेशन के समीप मुख्य सड़क पर कार और ट्रेलर की सीधी टक्कर में कार चालक बाल बाल बचे। कार चालक का नाम बोकारो के बारी को-ऑपरेटिव का रहने वाला अनिल कुमार प्रसाद बताया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कार चास से तालगड़िया होते हुए झरिया जा रही थी कि तालगड़िया स्टेशन के समीप मुख्य सड़क पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार सड़क से बाहर फेंका गया। टक्कर से कार का दाहिना हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने कार चालक को गाड़ी से बाहर निकाला। घटना की सूचना पर बनगड़िया ओपी पुलिस पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया।

### लोहा चोरों ने की पाइप की चोरी, पेयजल आपूर्ति ठप

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी की आवासीय कॉलोनी में इन दिनों रात्रि में लोहा चोरों का आतंक चरम पर है। सोमवार की रात्रि चोरों ने मुर्गी फार्म कॉलोनी स्थित तीन नंबर एचएमटी की तीसरी मंजिल की छत पर लगी पानी टंकी में सप्लाई होने वाली पानी की पाइप खोल ली। चोरों द्वारा पाइप खोल लिए जाने के कारण एचएमटी तीन से लेकर सात तक पानी की सप्लाई ठप हो गई और सारी रात हजारों गैलन पानी बहकर बर्बाद हो गया। मंगलवार की सुबह कॉलोनी के कामगारों ने स्थानीय थाना को सूचना दी। इसी प्रकार डीएमडी सात में रहने वाले बीओआई के शाखा प्रबंधक राम रतन प्रताप के आवास के वाटर सप्लाई की पाइप को भी चोरों ने खोल लिया।

### यूसिल के कार्यकारी निदेशक बने एमके सिंघई

**जादुगोड़ा।** यूसिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉक्टर संतोष कुमार सतपति की मंजूरी के बाद कंपनी के पांच वरीय अधिकारियों की पदोन्नति दी गई है। इसमें सीएसआर के नोडल अधिकारी सह महाप्रबंधक एम. के. सिंघई को कंपनी का कार्यकारी निदेशक बनाया गया है। जादूगोड़ा मिल प्रोसेसिंग प्लांट भी श्री सिंघई के अधीन होगा।

### विस्थापित गावों को पंचायत का दर्जा देने को लेकर मंत्री से मिलीं विधायक श्वेता सिंह

# गांवों को जल्द ही पंचायत का दिया जायेगा दर्जा : मंत्री

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** अपने रांची प्रवास के दौरान बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विस्थापित क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह से मिलकर विस्थापित गांवों में पंचायत गठन के संबंध में वार्ता की।



ज्ञात हो कि कुछ प्रस्तावित पंचायतों का गठन लंबित है, जिसे मंत्री दीपिका के संज्ञान में दिया गया। विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार जल्द ही बोकारो स्टील प्लांट के निर्माण के दौरान विस्थापित हुए उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों में रहने वाले लोगों को खुशखबरी देने जा रही है। इन गांवों को जल्द ही पंचायत का दर्जा दिया जायेगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही विस्थापितों को उनका हक और अधिकार देने हेतु प्रतिबद्ध हैं। झारखंड सरकार विस्थापित क्षेत्रों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के लिए अग्रसर है। 19 गांवों को मिलाकर 6 पंचायतें बनाई जाएंगी। श्रीमती श्वेता सिंह ने कहा कि काफी संघर्ष के बाद सरकार ने यह पहल शुरू की है। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 19 विस्थापित गांवों को मिलाकर 6 पंचायतों का गठन किया जाना हैं। बीएसएल प्लांट के निर्माण के बाद उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों को न तो पंचायत में शामिल किया गया और न ही किसी अन्य व्यवस्था में, जिसके कारण इन गांवों में रहने वाले गरीब आदिवासियों और अन्य जातियों को सरकार के किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सका। इसके कारण ये लोग सभी सुविधाओं से वंचित हो गये। हालांकि, यहां रहने वाली एक लाख की आबादी विधायक और सांसद चुनती थी, लेकिन ये लोग गांव की सरकार नहीं चुन पाते हैं। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि सभी मामले को बिंदुवार तरीके से व्यक्तिगत रूप से संज्ञान में लेते हुए मामले का निष्पादन करें। इस अवसर पर राज कुमार सिंह, प्रदीप मंडल, मिथुन मंडल, महेश मंडल, जन्मजय महतो, अमित कुमार, गफ्फार अंसारी, राजन सिंह, अजीत कुमार, संतोष मुर्मू, सरोज कुमार, विनोद राय, कलाम अंसारी उपस्थित रहे।

## बोकारो में महिला समिति ने कर्मियों के बीच किया कंबल का वितरण




**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो ।** महिला समिति, बोकारो द्वारा श्रीमती अनिता तिवारी की अध्यक्षता में समिति की कर्मियों के बीच कंबल वितरण तथा पिकनिक का आयोजन किया गया।

हर वर्ष की भांति इस साल भी समिति की स्वावलंबन तथा सुरभि केंद्र में काम कर रहे 80 कर्मियों को ऊनी कम्बल दिए गए, उनके जलपान की व्यवस्था की गई तथा मनोरंजन के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को अध्यक्षा श्रीमती अनिता तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी तथा सांस्कृतिक सचिव श्रीमती श्वेता कुमार के नेतृत्व में कमेटी सदस्यों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में उपाध्यक्षा मोनिका रंगानी, इति रथ, अल्का मनवटी, देवजानी मिश्रा उपस्थित रहीं तथा कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, उप कोषाध्यक्ष अंजली तिवारी, सुरभि प्रभारी अनीशा झा व जया मधुलिका, सदस्या नीतू सुनीत, प्रीति राजेश, समिता मोहंती, आशा राज उपस्थित रहीं।

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**धनबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करेगा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने कहा कि लोगों को बताया जाएगा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहनों में ओवर लोडिंग नहीं करें। भ्रमण के दौरान लोगों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तिका एवं पंपलेट का विवरण किया जायेगा।

## चास रोटरी ने स्कूली बच्चों के लिए लगाया नेत्र जांच शिविर

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों के दृष्टि दोष की जांच की गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि नेत्र की समस्या के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और ऐसे बच्चे पढ़ाई में पिछड़ते जाते हैं।




शहर की प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ दीपिका सिंह ने कहा कि नेत्र जांच शिविर के दौरान आंखों के स्वास्थ्य का आकलन के लिए कई तरह के परीक्षण किए जाते हैं। डॉ दीपिका ने कहा कि बच्चों को आंखों की नियमित जांच जरूर करवानी चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश केजरीवाल ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य छात्रों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना था?। प्रकाश ने कहा बच्चों में दृष्टि दोष विकट एवं गंभीर समस्या हो गई है। ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुधीर कुंवर ने शिविर लगाने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चे और उनके अभिभावक लाभान्वित होंगे। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि 1063 बच्चों के नेत्र की जांच की गई। मुकेश ने बताया कि जांचोपरांत दृष्टि दोष पाए गए बच्चों को चश्मा एवं उपचार की सलाह दी गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, विजय अग्रवाल, धनेश बंका, ललिता चोपड़ा, रितु अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूर्वी केजरीवाल, डिंपल पासवान, स्कूल के शिक्षकों के अलावा संजीव नेत्रालय की सराहनीय भूमिका रही। संजीव नेत्रालय ने घोषणा की कि अगले एक सप्ताह तक नेत्रालय में बच्चों की निःशुल्क जांच की जाएगी।

## ईएसएल स्टील ने एनसीक्यूसी में ऐतिहासिक सफलता का मनाया जश्न




**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड ने एबीवी-आईआईआईटीएम, ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय गुणवत्ता अवधारणा सम्मेलन (एनसीक्यूसी) 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

607 कंपनियों की 2,227 टीमों और 12,000 से अधिक प्रतिनिधियों के चुनौतीपूर्ण पूल के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए ईएसएल ने प्रतिष्ठित पार उत्कृष्टता पुरस्कार और 2 उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त किये। एसएमएस रिफ्रैक्टरी की टीम उड़ान को पार उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें कुमार दिवाकर, प्रियदर्शिनी और जितेंद्र कुमार शामिल थे। उनकी परियोजना के लिए जिसने एसएमएस के अब तक के सबसे अधिक बीओएफ जीवन को प्राप्त किया, जबकि सबसे कम विशिष्ट रिफ्रैक्टरी खपत दर्ज की।

उत्कृष्टता पुरस्कारों ने दो उत्कृष्ट टीमों को उनके अभिनव योगदान के लिए मान्यता दी। टीम प्रयास, एसएमएस, जिसमें जयदेव मुर्मू, अरिंदम कोटल और अभिनीत कुमार शामिल हैं, उनके प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित किया गया, जिसने एसएमएस में विशिष्ट नाइट्रोजन की खपत को काफी कम कर दिया। इसके अलावा बार मिल की टीम परिवर्तन, जिसमें शुभेंदु बनर्जी, शालू राज और ऋचा शुक्ला शामिल हैं, ने हुकिंग को कम करने और मिल की उपलब्धता बढ़ाने की अपनी पहल के लिए प्रशंसा अर्जित की। सफलता की इस यात्रा को ईइसएल की व्यावसायिक उत्कृष्टता टीम के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया गया, जिसने आंतरिक चयन और तैयारी प्रक्रिया का प्रबंधन किया। इस व्यापक प्रयास में प्रारंभिक स्क्रीनिंग शामिल थी, जहां सीसीक्यूसी उत्कृष्टता विजेताओं को एक संरचित समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया था। तकनीकी और गुणवत्ता पद्धतियों में टीमों की विशेषज्ञता का कड़ाई से मूल्यांकन करने के लिए एक ज्ञान परीक्षण, केस स्टडी ड्राफ्टिंग, जिसमें नवीन समाधानों और मापने योग्य परिणामों पर प्रकाश डालने वाले विस्तृत केस स्टडी विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया और प्रस्तुति परिशोधन, जिसका उद्देश्य प्रभावशाली प्रस्तुतियां बनाना था, जो एनसीक्यूसी के उत्कृष्टता के उच्च मानकों को पूरा करती थीं।

### टीम और नेतृत्व का योगदान

यह सफलता मुख्य गुणवत्ता और व्यवसाय उत्कृष्टता अधिकारी सुश्री मीनाक्षी सभरवाल और व्यवसाय उत्कृष्टता प्रमुख विनय भूषण कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में हासिल की गई। उनके रणनीतिक मार्गदर्शन ने सुनिश्चित किया कि ईएसएल टीमें उद्योग बेंचमार्क हासिल करने के लिए कंपनी के मिशन के साथ संरेखित रहें। आंतरिक चयन, ज्ञान परीक्षण और प्रस्तुति परिशोधन के समन्वय में उनके असाधारण प्रयासों के लिए सुश्री शालू प्रिया, प्रमुख पीएमओ और बाहरी पुरस्कारों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर वेदांता ईएसएल की मुख्य गुणवत्ता और व्यवसाय उत्कृष्टता अधिकारी मीनाक्षी सभरवाल ने कहा कि एनसीक्यूसी 2024 में यह उपलब्धि परिचालन उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति ईएसएल की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हमें उनके प्रयासों और नए उद्योग मानक स्थापित करने में उनके योगदान पर बेहद गर्व है और यह प्रशंसा हमारी टीमों की गुणवत्ता, समस्या समाधान और टीम वर्क की खोज का प्रमाण है। उन्होंने इस सफलता के लिए पूरे ईएसएल परिवार की ओर से टीम में शामिल सदस्यों को बधाई दी है।

### ग्रामीण जलापूर्ति योजना : डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन




**जमशेदपुर।** बागबेडा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा के नेतृत्व में डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। डीसी की अनुपस्थिति में एडीएम विधि-व्यवस्था को ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल जब एडीएम से मिले तब जलसंकट की जानकारी दी गई। एडीएम ने सबसे पहले टैंकर से पानी के लिए जुस्को औक तारापोर कंपनी से बात कर समाधान करने का आश्वासन दिया। एडीएम ने कहा की बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना पर डीसी से बात करेंगे। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यपालक अभियंता सभी को बुलाकर काम में तेजी लाने और जिन बस्तियों में पाइप-लाइन नहीं बिछाया गया है उन बस्तियों में पाइप-लाइन बिछाने एवं स्वयं निरीक्षण करने को कहा। बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण करेंगे और यथाशीघ्र कॉलोनी के 1140 घरों को गर्मी से पहले स्वच्छ पेयजल की सप्लाई एवं आधा अधूरे काम को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### पेयजल स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों का धरना शुरू



**आदित्यपुर।** पेयजल स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जमशेदपुर प्रमंडल कार्यपालक अभियंता कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। इस दौरान कर्मचारियों ने कार्यपालक अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कर्मचारी संघ ने पहले ही 6 जनवरी को धरने का अल्टीमेटम दिया था। गुरु गोविंद सिंह जयंती के कारण अवकाश होने से यह प्रदर्शन मंगलवार को किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विमल सिंह, और संयुक्त सचिव प्रणव शंकर ने कहा कि प्रमंडल के कर्मचारियों और उनके भवन से जुड़ी समस्याओं को लेकर कई बार पत्राचार और वार्ता हुई है। कार्यपालक अभियंता की टाल-मटोल की नीति के चलते कोई समाधान नहीं निकला। अब कर्मचारियों के पास धरना-प्रदर्शन के सिवाय कोई रास्ता नहीं बचा है। कर्मचारियों ने बताया कि 5 जनवरी तक उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय न होने पर संघ ने अनिश्चितकालीन धरने की योजना बनाई। इसके तहत अधीक्षण अभियंता कार्यालय से एक जुलूस निकालकर कार्यपालक अभियंता कार्यालय पर धरना शुरू किया गया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का समाधान, भवन और कार्यालय की स्थिति में सुधार करने, टालमटोल की रणनीति छोड़कर समय पर मांगों को पूरा करना आदि है। धरना-प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों का कहना है कि जबतक उनकी मांगों को पूरा नहीं होती है तबतक धरना जारी रहेगा।

## जमशेदपुर में एफसीआई शो और चैम्पियनशिप डॉग शो कल से

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**जमशेदपुर।** फेडरेशन साइनोलॉजिक इंटरनेशनल (एफसीआई) और द केनल क्लब ऑफ इंडिया के संरक्षण में 34वां और 35वां एफसीआई डॉग शो व 77वां और 78वां चैम्पियनशिप डॉग शो जमशेदपुर केनेल क्लब द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह 9 से 12 जनवरी, 2025 तक जे.आर.डी. टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड, जमशेदपुर में आयोजित होगा। यह बहुप्रतीक्षित आयोजन श्वानों की उत्कृष्टता, श्रेष्ठ नस्ल और खेल भावना का उत्सव होगा।

जेकेसी शो हर साल आयोजित किया जाता है, लेकिन एफसीआई शो की मेजबानी का गौरव जमशेदपुर केनेल क्लब को इसकी स्थापना (1977) के बाद केवल दूसरी बार प्राप्त हुआ है। जमशेदपुर केनेल क्लब पूर्वी भारत का एकमात्र केनेल क्लब है जिसे दूसरी बार एफसीआई शो की मेजबानी का यह अवसर दिया गया है।




### आयोजन के मुख्य आकर्षण

जमशेदपुर केनेल क्लब का ओबीडियंस प्रतियोगिता भारत में सबसे सम्मानित ओबीडियंस प्रतियोगिता है। इस ओबीडियंस टेस्ट में 49 श्वान भाग ले रहे हैं। इनमें से 27 श्वान पोस्ट ग्रेजुएट क्वालिफिकेशन के लिए और 18 श्वान कम्पैनियन डॉग असेसमेंट (चिकित्सा उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले कुत्ते) के लिए भाग ले रहे हैं। भारत में अन्य ओबीडियंस शो में पोस्ट ग्रेजुएट और कम्पैनियन डॉग स्तर पर इन संख्याओं का आधा भी हिस्सा नहीं होता। एफसीआई शो और जेकेसी शो में 421 श्वान प्रतियोगिता के बेस्ट इन शो के लिए मुकाबला करेंगे। विभिन्न नस्लों की संख्या अब तक की सर्वश्रेष्ठ 49 नस्लों तक पहुँच गई है। जहाँ कई विदेशी नस्लों का प्रदर्शन होगा, वहीं आप रिंग में 4 हार्लेक्विन ग्रेट डेंस भी देख सकेंगे। इस शो में 44 डोबरमैन और 31 साईबेरियन हस्की भी होंगे, जो जमशेदपुर में रिंग में पहले कभी नहीं देखे गए। शो में कई विदेशी नस्लें भाग ले रही हैं। कीशॉन्ड और टॉय स्पैनियल पापिलॉन नस्लें पहली बार जमशेदपुर के ग्राउंड पर भाग ले रही हैं। कई ऐसी नस्लें भी हैं, जिन्हें कई वर्षों बाद इस ग्राउंड पर देखा जाएगा।

**विदेशी नस्लें नजर आएंगी**

कुछ विदेशी नस्लें जिसने पिछले साल भाग लिया था, इस साल भी दिखाई देंगी, जैसे: शिपरके, फॉक्स टेरियर, जैक रसल टेरियर, इंग्लिश पॉइंटर, केन कोर्सो आदि। इस साल के शो में जमशेदपुर के पालतू कुत्तों के मालिकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जमशेदपुर के शीर्ष 8 श्वानों को बेस्ट इन शो से लेकर 8वें बेस्ट इन शो तक रैंक किया जाएगा। इन्हें जमशेदपुर के स्थानीय श्वानों का सर्वश्रेष्ठ घोषित किया जाएगा।

**दुनिया के सर्वोत्तम जज**

इस साल के शो का एक विशेष आकर्षण जजों का पैनल है। ये दुनिया भर से चुने गए सर्वोत्तम जज हैं। सभी जज एफसीआई प्रमाणित हैं और उनमें से अधिकांश वर्ल्ड डॉग शो के नियमित जज हैं। इनमें से हर एक जज उस नस्ल के विकास में अग्रणी है, जिस पर वे विशेषज्ञता रखते हैं।

### ये कार्यक्रम भी होंगे

ओबीडियंस टेस्ट
लैब्राडोर स्पेशल्टी शो
बीगल स्पेशल्टी शो
डोबर्मन स्पेशल्टी शो
साईबेरियन हस्की स्पेशल्टी शो

### ये नस्लें होंगी शामिल

समॉयड,
मिनिएचर श्नौजर,
इंग्लिश सेट्टर,
मिनिएचर पिंचर (जिसे मिनपिन भी कहा जाता है),
डॉग डि बॉरडॉक्स,
डोगो अर्जेंटिनो,
अमेरिकन स्टैफोर्डशायर और कुछ अन्य।

# भारत को क्यों चाहिए सैकड़ों डॉ तितियाल और दर्जनों एम्स



डॉ. आर.के. सिन्हा

**आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना-जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है।**

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत वायरल हो रहा था, जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद अपने साथियों और रोगियों से घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम है। दरअसल प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से अपने मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है।

देखिए, किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से डॉ तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए।

डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमा पूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र



संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं।

वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दशार्ते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं।

वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं।

डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरूआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (डउळ) और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करके ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है। उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है। डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं।

उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है। डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरूआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है, और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर एमबीबीएस, एमएस,एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए। एम्स अपने यहां पढ़े विद्यार्थियों को लगातार शोध करने और मानवीय बने रहने के लिए प्रशिक्षित करता है। यहां के डॉक्टरों में मानव सेवा का गजब का जज्बा देखने को मिलता है। विश्व विख्यात लेखक और मोटिवेशन गुरु डॉ.दीपक चोपड़ा,शिकागो यूनिवर्सिटी के पैथोलिजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार, गंगा राम अस्पताल के मशहूर लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोईन, एम्स के मौजूदा डायरेक्टर डॉ.रणदीप गुलेरिया,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.रमेश डेका, डॉ. पी.वेणुगोपाल,डॉ. सिद्धार्थ तानचुंग, यूरोलोजिस्ट डॉ. राजीव सूद जैसे सैकड़ों चोटी के डॉक्टरों ने एम्स में ही शिक्षा ग्रहण की और फिर इधर सेवाएं भी दीं। डॉ. राजीव सूद ने कुछ सालों तक एम्स में सेवा देने के बाद राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) को ज्वाइन किया और फिर इसके डीन भी रहे। वे कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा है। जो एक बार एम्स रह लिया वह फिर मानव सेवा के प्रति समर्पित रहेगा। इधर डॉ. जीवन सिंह तितियाल के अलावा प्रोफेसर प्रदीप वेंकटेश, प्रोफेसर तरुण दादा, प्रोफेसर विनोद अग्रवाल जैसे बेहतरीन नेत्र चिकित्सक हैं। इन्हें आप संसार के सबसे कुशल डॉक्टरों की श्रेणी में रख सकते हैं। इन सब डॉक्टरों की देखरेख में देश के नए डाक्टर तैयार होते हैं।

आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना-जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है।

एम्स भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और गांधी जी की सहयोगी राजकुमारी अमृत कौर के विजन का नतीजा है। जिस निष्ठा और निस्वार्थ भाव से एम्स के डॉक्टर रोगियों को देखते हैं, उससे समझ आ जाता है कि ये सामान्य अस्पताल तो नहीं है। भारत को अभी बहुत सारे एम्स और डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टर चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### मुफ्त देने का मुकाबला

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के जारी रहने की बात की। मोदी ने कहा यदि भाजपा की सरकार बनती है तो जनहित की योजनाएं जारी रहेंगी बल्कि इनमें व्याप्त भ्रष्टाचार को रोका जाएगा व ठेकेदारों को बाहर किया जाएगा। उन्होंने दिल्ली सरकार की योजनाओं के केवल कागजों पर चलने का इल्जाम लगाते हुए दस साल बर्बाद होने की बात उठाई। मोदी का कहना है आप सरकार हार से घबरा गई है इसलिए जनता के बीच झूठ फैला रही है कि उसकी सरकार जाने पर कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। आप सरकार के केंद्र की योजनाओं को लागू न करने देने का आरोप लगाते हुए नवनिर्मित मुख्यमंत्री आवास को शीशमहल बताया। आप-दा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे जैसा नारा देते हुए प्रधानमंत्री अपनी पार्टी में भरपूर जोश भरने का प्रयास करते नजर आये। निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी जनहित योजनाओं को लेकर अब तक बहुत पुरउम्मीद थी। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने चुनावी भाषणों में दिल्ली की जनता को समझाने में कामयाब हो रहे थे कि भाजपा सरकार बनी तो उनके द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं को तत्काल बन्द कर दिया जाएगा। मोदी का यह



पलट वार माना जा सकता है, जिसमें उन्होंने मुफ्त वाली विभिन्न योजनाओं के न केवल जारी रखने की उम्मीद जगाई बल्कि जनता को विश्वास दिलाया कि उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का भी लाभ दिया जा सकता है, जिनमें सौरघर मुफ्त बिजली, आयुष्मान सहित गरीबों को वित्तीय लाभ भी शामिल है। केजरीवाल लंबे समय से केंद्र की आंखों की किरकिरी हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों में आप के विभिन्न वरिष्ठ नेताओं को जेल हो चुकी है। चुनावी मौसम से पहले ही भाजपा उन्हें घेरने की पूरी तैयारी कर चुकी है। केजरीवाल के दल का नामकरण आप-दा कर-के मोदी ने उनका खासा मखौल भी बनाया। चुनावी दंगल में अब कमर के नीचे प्रहार करने में नेता परहेज नहीं करते। कटाक्ष करने के साथ ही वे जनता को लुभाने वाली निजी टिप्पणियां भी खूब करते हैं। चुनावी रैली में मोदी उतरते ही उनके दल के तेवर बदल गए और जोश नजर आने लगा। मुफ्त की योजनाएं और आर्थिक लाभ का लोभ वोट बैंक को आकर्षित करने का बेहतरीन फामूर्ला बन चुका है। दिल्ली की जनता का पलड़ा किसकी तरफ झुकता है, इस पर देश भर की निगाहें लगी हुई हैं।

## चिंतन-मनन

### प्रायश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार

यह ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके समाज को लाभ पहुँचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई। सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शास्त्रों में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

# नये चीनी वायरस से चिंता में डूबी दुनिया



ललित गर्ग

मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना को झेल चुकी दुनिया पर एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण की खबर ने दुनियाभर को चिंता में डूबो दिया है, बाजार से लेकर सामान्य जन-जीवन तक में डर, खौफ, अफरा-तफरी एवं असमंजस्य का माहौल व्याप्त है। कोविड-19 और अन्य श्वसन वायरस की तरह एचएमपीवी भी खांसने, छींकने और संक्रमित लोगों के निकट संपर्क से उत्पन्न बूंदों या एरोसोल के माध्यम से फैलता है। बुखार, सांस फूलना, नाक बंद होना, खांसी, गले में खराश और सिरदर्द इसके सामान्य लक्षण हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि कुछ मरीजों को इस संक्रमण के कारण ब्रोंकाइटिस और निमोनिया हो सकता है। एचएमपीवी के खिलाफ कोई टीका या प्रभावी दवा नहीं है और इलाज ज्यादातर लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए होता है। चीन में सांस की बीमारियों के बढ़ते मामलों की खबरों के बाद, भारत सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ से स्थिति पर लगातार अपडेट देने का अनुरोध किया है।


नये वर्ष में प्रवेश की शुभबेला में एकाएक इस महामारी की खबर से दुनिया भौचक्क एवं खौफ में आ गयी है। क्योंकि कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए वायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वहां हालात बेकाबू हो रहा हैं, अस्पतालों के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। हालांकि, हर बार की तरह चीन का कहना है कि मीडिया खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। ये मौसम बदलने का असर है। ठंड बढ़ने से आमतौर पर लोग खांसी-जुकाम की समस्या से जूझते हैं। ये भी मौसम की वजह से ही हो रहा है। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर के अंत में चीनी सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 14 वर्ष और उससे कम आयु के मामलों में एचएमपीवी की पॉजिटिव दर में हाल ही में वृद्धि हुई है। एचएमपीवी वायरस से छोटे बच्चे, वृद्ध और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग ज्यादा प्रभावित हुए है। चीन के साथ ही दुनिया के अनेक हिस्सों से इस महामारी से पीड़ित लोगों की खबरें आ रही है। भारत में भी चीन का खतरनाक वायरस एचएमपीवी पहुंच गया है। खबरों की मानें तो बेंगलुरु में 8 महीने का एक बच्चा एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाया गया है। बच्चे का ब्लड टेस्ट किये जाने के बाद ये दावा किया जा रहा है। यह भारत में एचएमपीवी वायरस का पहला मामला है। हालांकि, भारत में एचएमपीवी वायरस के मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई।

चीन में सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि इन्फ्लूएंजा ए, एचएमपीवी, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड सहित कई वायरस फैल रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एचएमपीवी मामलों में वृद्धि के कारण अचानक मृत्यु दर में चिंताजनक वृद्धि हुई है तथा 40 से 80 वर्ष की आयु के लोग विशेष रूप से इससे प्रभावित हुए हैं। चीन की जिम्मेदार एजेंसियां इस वायरस के दुष्प्रभाव को घटाने में लगी हैं और यह उम्मीद की जा रही है कि चीन इस रोग पर लगाम लगाने में कामयाब हो जाएगा। चीन अपने यहां कोरोना वायरस पर भी लगाम लगाने में एक हद तक कामयाब रहा था। लेकिन वह दूसरे देशों में उसे फैलने से नहीं रोक पाया। लेकिन इस बार अब यह उम्मीद करनी चाहिए कि सजग चीन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने यहां से किसी भी संदिग्ध को किसी दूसरे देश की यात्रा न करने दें। साथ ही इस महामारी पर नियंत्रण पाने में जिस विधि एवं उपचार पद्धति से वह सफलता पाये, उसे समूची दुनिया से साझा करें, ताकि महामारी से महाविनाश का प्रकोप व्यापक न बन सके।

एचएमपीवी का संक्रमण व्यक्तिगत संपर्क से बढ़ रहा है। अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के किसी सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छुए या उसके सम्पर्क में आये तो संक्रमण का खतरा बताया जा रहा है। यह वायरस चूंकि नया है, तो इसका अभी कोई टीका नहीं है। इसकी कोई एंटीवायरल दवा भी नहीं है। यह अच्छी बात है कि अधिकांश मामलों में लोगों को मामूली समस्याएं आ रही हैं। ज्यादातर लोग लक्षण के अनुरूप उपचार और आराम से ही ठीक होते जा रहे हैं। चीन ने साफ तौर पर कुछ बताया नहीं है, मगर अनुमान यही है कि गंभीर मामलों में लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन थेरेपी या कॉर्टिकोस्टेरॉइड उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अगर मानें, तो इस वायरस का संक्रमण अक्तूबर महीने से ही बढ़ रहा है। अच्छा यही है कि यह बीमारी मौसमी साबित हो और कम से कम लोगों के जीवन पर असर डाले। कोरोना महामारी तो महाविनाश का कारण बनी थी, एचएमपीवी ऐसा अनर्थ ना करें।

चीन की साख कोरोना महामारी के कारण बहुत गिरी थी, दुनियाभर में लोगों के स्वास्थ्य पर हमला करने वाला चीन दुनिया की नजरों से गिर गया था। आखिर चीन अच्छी-अच्छी वस्तुओं, तकनीक एवं साजोसामान का निर्यात करते-करते महामारियों का निर्यातक क्यों बन गया? स्वास्थ्य एवं वैज्ञानिक क्रांति के लिये अग्रणी चीन अपने यहां आए दिन हो रहे ऐसे संक्रमण को लेकर सजग क्यों नहीं है? अब यह सवाल बिल्कुल जायज है कि वैज्ञानिक या कृत्रिम तरक्की की होड़ में कहीं चीन अपने लोगों के बुनियादी स्वास्थ्य की अनदेखी तो नहीं कर रहा है? कहीं चीनियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता समाप्त या बहुत कम तो नहीं हो गई है? वे बार-बार किसी-न-किसी प्रकार की महामारी की चपेट में आ रहे हैं और सम्पूर्ण मानव जाति को इससे पीड़ित बना रहे है तो यह गंभीर बात है। क्या इसका बड़ा कारण चीनी लोगों को खान-पान है? जरूरत से ज्यादा सुविधावादी जीवनशैली, कृत्रिम संसाधनों की प्रचुरता एवं अप्राकृतिक जीवन उनकी सेहत पर भारी पड़ रहा है। ध्यान रहे कोरोना महामारी के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिका संतोषजनक नहीं थी। कोरोना महामारी की भयावहता के बावजूद वह चीन के प्रति उदार बना रहा। इसलिये एचएमपीवी महामारी के सन्दर्भ में सवाल उठ रहे हैं कि क्या डब्ल्यूएचओ गंभीरता दिखाते हुए पर्याप्त कदम उठायेगा? क्या उसने कोरोना महामारी के समय चीन से सही सवाल पूछे होते तो इस बीमारी के संभावित खतरे को नियंत्रित किया जा सकता था? क्या कोरोना बीमारी को लेकर विश्व को समय से सलाह न दे पाने में नाकाम रहने के लिए उसे जिम्मेदार माना जाना चाहिए? इस नयी महामारी को लेकर भी इन्हीं कारणों से डब्ल्यूएचओ पर ज्यादा विश्वास कैसे किया जा सकता है? भारत में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ.अतुल गोयल ने शुक्रवार को कहा कि एचएमपीवी एक सामान्य सांस संबंधी वायरस है जो सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। कुछ लोगों को, खासकर बुजुर्गों और शिशुओं को, फ्लू जैसे लक्षण हो सकते हैं। लेकिन यह कुछ गंभीर या चिंताजनक नहीं है। डॉ. गोयल ने भले से मनोवैज्ञानिक तरह से एचएमपीवी वायरस को गंभीर न बताकर इसके आतंक को कम कर दिया है, सरकार भी इस महामारी को लेकर सतर्क है, लेकिन फिर भी इस नये वायरस की त्रासदी एवं संकट से जूझ रहे विश्व-मानव को सावधान रहना चाहिए। विभिन्न देशों की सरकारों एवं डब्ल्यूएचओ का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य के स्तर को ऊंचा उठाना है। हर इंसान का स्वास्थ्य अच्छा हो और महामारी का शिकार होने पर हर व्यक्ति को अच्छे प्रकार के इलाज की अच्छी सुविधा मिल सके, ऐसे प्रयास करने है।

# किसानों की कोई सुनवाई नहीं



अमरेंद्र कुमार राय

पिछले एक साल से किसान फिर धरने पर बैठे हैं। वो भी उन मांगों के लिए जो तीन साल पहले ही केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने मान ली हैं। आप पूछ सकते हैं कि अगर किसानों की मांगें मान ली गई हैं तो वे धरने पर क्यों बैठे हैं? इसका जवाब है केंद्र सरकार की वादाखिलाफी। इसने मांगे तो मान लीं, लेकिन उस पर अमल नहीं किया।

19 नवम्बर 2021 को गुरु नानक जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का एलान किया था। इसके साथ ही कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करने के लिए एक समिति बनाने, आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने और कृषि ऋणों पर उदारतापूर्वक विचार करने की बात भी कही।

इसके बाद किसानों ने 9 दिसम्बर 2021 को आंदोलन समाप्त करने पर सहमति प्रदान की और कहा कि 11 तारीख से उनकी आंदोलन से वापसी हो जाएगी, लेकिन दो साल बीत जाने के बावजूद सरकार ने किसानों की मांगों पर अमल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सरकार ने एमएसपी लागू करने के लिए समिति का गठन तो कर दिया, लेकिन उसमें उन लोगों को शामिल कर दिया जो लोग कृषि कानूनों के पक्षधर थे।

इसमें किसान प्रतिनिधियों को तो शामिल किया गया, मगर बहुमत सरकार समर्थक प्रतिनिधियों का कर दिया गया। इससे नाराज होकर किसानों ने उस समिति की बैठकों में भाग लेने से ही मना कर दिया। इनका तर्क था कि समिति सारे फैसले बहुमत के आधार पर अपने पक्ष में करा लेगी। इसी तरह सरकार ने आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमों को भी वापस नहीं लिया। आज भी 55 हजार से ज्यादा किसानों पर मुकदमे दर्ज हैं। किसानों के कृषि ऋणों को लेकर भी कोई बात नहीं हुई।

इससे क्षुब्ध किसानों ने नये सिरे से आंदोलन शुरू करने का मन बनाया। करीब एक साल पहले किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के प्रति निष्ठा रखने वाले किसानों ने धरना शुरू कर दिया, लेकिन इस बार उन्हें पिछली बार की तरह दिल्ली की सीमा तक नहीं पहुंचने दिया गया। उन्हें पंजाब की सीमा पर ही रोक दिया गया। किसान साल भर से वहीं धरने पर बैठे रहे, लेकिन सरकार उनसे बात करने को तैयार नहीं हुई। तब कैंसर पीड़ित 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 26 नवम्बर को आमरण अनशन की घोषणा कर दी। सरकार के कान पर तो फिर भी जूं नहीं रेंगी, मगर जब अनशन को करीब एक महीने बीत गए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया।

उसने पंजाब सरकार को कहा कि वह डल्लेवाल को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराए, लेकिन डल्लेवाल इसके लिए तैयार नहीं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं वे चिकित्सकीय सुविधा नहीं लेंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भी किसान सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर सुप्रीम कोर्ट इस मामले को सुलझाने की दिशा में सार्थक पहल करना चाहता है तो उसे पंजाब सरकार की बजाय केंद्र सरकार को हिदायत या आदेश देना चाहिए। आखिर कृषि का मसला पंजाब सरकार से तो जुड़ा नहीं है। यह केंद्र का मामला है। केंद्र की सरकार ने ही पहले मांगें मानी थीं। उसे ही इस पर अमल करना है।

अपने आंदोलन को गति देने के लिए किसानों ने बीती चार जनवरी को एक महापंचायत बुलाई थी। इस महापंचायत में एक लाख से ज्यादा किसान जुड़े। इसमें पंजाब और हरियाणा के किसान तो थे ही देश के बाकी हिस्सों से भी किसान पहुंचे। पिछली बार के आंदोलन से सबक लेते हुए किसान दो-तीन दिन पहले ही महापंचायत स्थल पर पहुंच गए थे। इस महापंचायत में डल्लेवाल भी स्ट्रेचर पर लाए गए। उन्होंने थोड़ी देर किसानों को संबोधित भी किया।

इस बीच सरकार ने अपना पुराना खेल शुरू कर दिया



है। किसानों में फूट डालने वाली। जहां ये पंचायत हुई उसके बगल में ही उसी दिन एक दूसरी पंचायत भी हुई। कहा जा रहा है कि ये पंचायत सरकार के इशारे पर की गई और किसान आंदोलन के विरुद्ध बातें की गई। दूसरी तरफ सरकार ने एक नई पॉलिसी तैयार की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि केंद्र सरकार इस नई पॉलिसी के जरिए एक बार फिर से निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से वापस लाना चाहती है। केंद्र ने इस पॉलिसी को विचार के लिए सभी राज्यों को भेजा है। किसान भी इस पॉलिसी को लेकर सशंकित और सतर्क हैं।

# हर प्रोफेशनल्स के लिए जरूरी है ये 8 फोन एटिकेट्स

**आज हम किसी से भी, कभी-भी और कहीं भी बात करने के लिए अपने सेलफोन का यूज करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमें जैसा चाहें वैसा फोन का उपयोग कर करें। प्रोफेशनल सेटिंग में फोन के उपयोग को लेकर समय और जगह को ध्यान रखना जरूरी होता है। आज हर प्रोफेशनल्स को इन 8 फोन एटिकेट्स को फॉलो करना जरूरी है :**

पहले अभिनवादन करें और अपना पूरा नाम बताएं। केवल अपना पहला नाम बताना हर प्रोफेशनल कॉल में बहुत अनौपचारिक लगता है, वहीं केवल आखिरी नाम बताना भी असभ्यता है।

कुछ लोगों को यह अंदाजा नहीं होता है कि वे कितना तेज बोलते है, विशेष रूप से जब उनका पूरा ध्यान फोन पर बात कर रहे व्यक्ति पर होता है। अपने आसपास के माहौल के प्रति जागरूक रहें। आप कभी भी नहीं जानते कि आपकी बातों पर कौन ध्यान दे रहा है।

सामने बैठे किसी व्यक्ति से आप बात कर रहे हैं, इतने में आपका फोन बज उठता है और फोन पर बात करने लगते हैं। यह एटिकेट्स नहीं है। अगर आप किसी महत्वपूर्ण कॉल के इंतजार में है और इसे रीशेड्यूल करना संभव न हो तो आप जिस शख्स से आप मिल रहे हैं, इसके बारे में उन्हें जानकारी दे दें।

दूसरों से मीटिंग टेबल पर बात कर रहे हो तो अपना फोन टेबल पर न रखें। भले ही आप मीटिंग के दौरान फोन का जवाब न दें लेकिन यह ध्यान भटकाने के लिए काफी है।

अगर आप मीटिंग या कॉन्फ्रेंस के बीच में है और ऐसे में आपका फोन बज उठता है तो यह अच्छी बात नहीं है।इसे साइलेंट मोड पर रखें या बंद कर दें।

प्रोफेशनल सेटिंग में यह बात भी मायने रखती है कि आपने अपने सेल का रिंगटोन क्या रखा है। लाउड और ब्लास्टिंग टोन रखने से पहले सोच लें कि इसे लेकर दूसरे क्या रिएक्ट करेंगे।

अगर किसी प्रोफेशनल कॉल में आपको अपना फोन स्पीकर मोड पर रखना पड़ा हो तो आपको यह ध्यान रखना होगा कि उन्हें बता दें कि आप किसी के साथ बैठे हैं।

लंबे वॉइसमेल्स न भेजें। छोटे और स्पष्ट संदेश छोड़ें। साफ बोले और व्यक्ति को यह बताएं कि आपने क्यों कॉल किया था। अगर आप फोन नंबर छोड़ रहे हैं तो इसे ये नंबर्स धीरे-धीरे बोले।



## एंट्री इंटरव्यू की तरह एग्जिट इंटरव्यू भी मायने रखता है

एंट्री इंटरव्यू की तरह ही किसी कंपनी का एग्जिट इंटरव्यू भी उतना ही मायने रखता है।नौकरी छोड़ने से पहले एग्जिट इंटरव्यू भले ही मात्र एचआर संबंधी औपचारिकता लगे लेकिन इसका मतलब ये नहीं हैं कि इसके लिए आप कोई तैयारी न करें। इंटरव्यू में अपने जवाबों को तैयार रखकर आप अपने लिए भविष्य में उस कंपनी के दरवाजे हमेशा खुले रख सकेंगे।

### एग्जिट इंटरव्यू के लिए कुछ जरूरी टिप्स:

**सकारात्मक चीजों पर फोकस**

एग्जिट इंटरव्यू के संदर्भ को समझना महत्वपूर्ण है और बिना किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाए सच बोलना जरूरी है। करियर के इस मोड़ पर आपको सकारात्मक प्रभाव बनाने के लिए सहयोगियों और प्रबंधकों की तारीफ करना चाहिए।

**वापसी की इच्छा जताएं**

अगर आप अच्छे टर्म के साथ अपने कार्यकाल को ऑफिस में पूरा कर रहे हैं तो इसके लिए आपको वापसी के सारे रास्ते खुल रखने की कोशिश करना चाहिए। हमेशा जुड़े रहने की इच्छा जताएं और वहां के एल्यूमिनी नेटवर्क का हिस्सा बनने को कहें।

**आभार व्यक्त करें**


ऑर्गनाइजेशन में अपने कार्यकाल को सहज बनाने में मदद करने वालों के प्रति आभार जताना न भूलें। यह केवल मैनेजमेंट को आपके बारे में पॉजिटिवी फील देगा।

**माइक्रो पर्सपेक्टिव**

अगर आपको अपने किसी साथी या वरिष्ठ प्रबंधक से संबंधित कोई बात रखने की भी है तो उसे सही तरीके से रखें। कुछ अगर कहना आवश्यक भी हो तो उसे माइक्रो पर्सपेक्टिव रखें।

**कंस्ट्रक्टिव फीडबैक**

आपके कार्यकाल के दौरान ऐसा समय भी रहा होगा जब वहां कलह और परेशानी का सामना करना पड़ा होगा। सुधारात्मक उपायों के साथ ईमानदार प्रतिक्रिया दें।





# एजुकेशन लोन लेने का सोच रहे हैं तो ये बातें पहले जान लें

**अगर आप एजुकेशन लोन लेकर पढ़ाई करना चाहते हैं तो इन जरूरी बातों का ख्याल रखें**

बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए पेरेंट्स को उनकी पढ़ाई पर काफी खर्च करना पड़ता है। लेकिन कई बार बड़ी राशि के लिए किसी से कर्ज लेना भी संभव नहीं होता। ऐसे में पेरेंट्स के पास एक ही उपाय बचता है, और वह है बैंक लोन। एजुकेशन लोन उन स्टूडेंट को ही दिया जाता है, जो आगे की पढाई यानी हायर टेक्निकल और प्रोफेशनल कोर्स भारत या इससे बाहर करना चाहते हैं। खासकर, एजुकेशन लोन विभिन्न करियर ओरिएंटेड कोर्सों-इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, मेडिकल आदि में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स को आसानी से मिल जाता है। इसके अलावा, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को भी एजुकेशन लोन दिया जाता है। आज कई सरकारी, प्राइवेट बैंक शिक्षा ऋण की सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं। बैंक की सभी शर्तें मानना जाहिर है उनकी मजबूरी है पर ज्यादातर लोग उन शर्तों से वाकिफ भी नहीं होते। यह जरूर है कि बैंक से ऋण लेने के लिए उनकी सभी शर्तें पूरी करना उन्हें मानना आपकी मजबूरी है पर उसी बैंक से आप ऋण लें यह जरूरी नहीं। सभी बैंकों की शर्तें, ऋण की राशि पर ब्याज दर, ऋण चुकाने की समय सीमा, समय सीमा के अंदर ऋण न चुका पाने की स्थिति में ब्याज बढ़ने की दर आदि अलग-अलग होते हैं। ऐसे में अगर आप बैंक की शर्तों के प्रति असुरक्षित महसूस करते हैं तो किसी और बैंक की तरफ रुख कर सकते हैं। अगर आप एजुकेशन लोन से पढ़ाई करना चाहते हैं तो इन बातों का ख्याल रखें :

ब्याज दर किसी भी लोन का महत्वपूर्ण पहलू होता है। हर बैंक की ब्याज दर का तुलनात्मक अध्ययन करें। आपको यह भी पता करना चाहिए कि ब्याज फिक्स्ड रहेगा या फ्लोटिंग। यह लोन की राशि पर भी निर्भर करता है। ब्याज दर पर विचार करने के बाद ही अन्य बातों के बारे में सोचना चाहिए। अगर आप किसी बैंक से लोन लेने जाते हैं तो बैंक बदले में आपसे कुछ सिक्योरिटी की मांग करते हैं। इसका आधार हर बैंक अलग-अलग तय करता है। इसलिए पहले ही जानकारी जुटा लें कि आप बैंक से लोन लेने के लिए योग्य हैं या नहीं और आपके पास लोने के लिए उपयुक्त संसाधन हैं या नहीं।

एजुकेशन लोन लेते समय ही आपको पता कर लेना चाहिए कि आपको इसे चुकाने के लिए कितनी अवधि मिलेगी। आमतौर पर आप पूरी तरह से व्यवस्थित होने के बाद ही लोन चुका सकते हैं। हर बैंक में ऋण चुकाने की अवधि अलग-अलग होती है। हर बैंक का ब्याज लेने का अलग-अलग तरीका होता है। अगर आप ज्यादा लंबी अवधि तक लोन रखना चाहते हैं तो इससे आपके ऊपर ऋण का बोझ लंबे समय तक बना रहता है। जल्द से जल्द लोन चुका देना फायदेमंद रहता है। इससे हर बार मासिक किस्त की टेंशन नहीं रहती है।

डाउन पेमेंट वह राशि होती है, जो लोन लेते वक्त आपको बैंक में जमा करवानी पड़ती है। यह राशि ऋण की राशि का लगभग 5 से 20 फीसदी तक हो सकती है। इसके बारे में भी जरूर जानकारी समय रहते हासिल कर लें, ताकि आपको धनराशि जुटाने के लिए पूरा समय मिल सके और कोई तनाव न हो

बैंक लोन देते समय कई प्रक्रियाएं पूरी करते हैं। इन प्रक्रियाओं के लिए आपको हर बार कुछ न कुछ राशि का भुगतान करना पड़ता है। प्रोसेसिंग फीस, डॉक्यूमेंट फीस व अन्य फीस भी लोन के समय चार्ज की जाती है। इनके बारे में जानकारी कर लें।

## 90 सेकंड में तय हो जाता है इंटरव्यू का रिजल्ट

जॉब इंटरव्यू कोई औपचारिकता नहीं है बल्कि यह तो कैंडिडेट की किसी पोस्ट को लेकर टेक्निकल, पर्सनल, सोशल स्किल्स को परखने का माध्यम है। हाल ही में हुए दो हजार हाइरिंग मैनेजर से लिए गए सर्वे में 33 प्रतिशत ने दावा किया है कि वे 90 सेकंड्स में पता कर लेते हैं कि वे कैंडिडेट्स को हायर करेंगे या नहीं। इंटरव्यू में कई आम गलतियां होती है जिसमें से एक है हद से ज्यादा इस बारे में बात करना कि पिछली जॉब क्यों छोड़ी। हास्य, गर्मजोशी या व्यक्तित्व की कमी भी इंटरव्यू में असफलता का कारण बनती है। इसके अलावा जॉब को लेकर पर्याप्त रुचि या उत्साह नहीं दिखाना, इस पर ज्यादा ध्यान देना कि आप क्या चाहते हैं जैसी गलतियां भी आमतौर पर लोग करते हैं। 55 प्रतिशत हायरिंग मैनेजर्स का कहना है कि कैंडिडेट के दरवाजे से अंदर चलकर आने, ड्रेसअप से पहला इम्प्रेशन पड़ता है। वहीं 38 प्रतिशत का मानना है कि वॉइस की क्वॉलिटी, ग्रामर और कॉन्फिडिंस पहले इम्प्रेशन का पैमाना है। 7 प्रतिशत ने कहा कि बोलने के लिए जिन शब्दों का उपयोग करते हैं, उससे कैंडिडेट पहली छाप छोड़ता है। 70 प्रतिशत एम्प्लॉयर्स का दावा है कि वे ऐसे कैंडिडेट्स नहीं चाहते जो हद से ज्यादा फैशनेबल या ट्रेंडी हो। 65 प्रतिशत हायरगि मैनेजर्स का कहना है कि एक जैसे दो कैंडिडेट्स के बीच में कपड़े एक डिसाइडिंग फैक्टर है।

इंटरव्यू के दौरान आम नॉन-वर्बल मिस्टेक्स

67 प्रतिशत लोग आई कॉन्टेक्ट बनाने में असफल हो जाते है। 47 प्रतिशत लोगों को कंपनी के बारे में कम जानकारी होती है। 38 प्रतिशत लोग स्माइल नहीं करते। 33 प्रतिशत लोग सही पोश्चर बनाए रखने में असफल होते हैं। 26 प्रतिशत लोग ढीले तरीके से हैंडशेक करते है। 21 प्रतिशत लोग अपने बाल या चेहरे को छूते रहते हैं। 21 प्रतिशत लोग अपने अपने हाथ की घड़ी करके रखते है। 9 प्रतिशत लोग अपने हैंड गेशचर्स का बहुत ज्यादा उपयोग करते हैं।



## नहीं आया इंटरव्यू के लिए कॉल आपने की होंगी ये गलतियां

शायद आप कुछ समय से जॉब तलाश रहे हों और आपने अलग-अलग कंपनियों, अलग-अलग पदों पर आवेदन दिया हो। हर दिन आप यह काम करते हो लेकिन आपके पास अभी तक कोई रिस्पॉन्स नहीं आया हो, ना कोई कॉल, ना ई-मेल। आपके हताश होने से पहले, यहां कुछ जरूरी बातें दी जा रही है जो कि आप आवदेनों को भेजने के पहले एक बार फिर चेक कर लें।

**हर आवेदन में एक ही सीवी और कवर लेटर तो नहीं यूज किया**

हर जॉब अलग है और उस जॉब की जरूरत के हिसाब से सीवी में बदलाव की जरूरत होती है। आपको अपना सीवी कस्टमाइज करने के लिए समय निकालना चाहि और यह सोचना चाहिए कि ऐसा क्या बदलाव किया जाए कि आपको इंटरव्यू के लिए एचआर से कॉल आ जाए। अगर आपका सीवी हर जॉब के हिसाब से पर्सनलाइज्ड नहीं हुआ तो यह इग्नोर हो सकता है। एम्प्लॉयर्स यह बात नोटिस करते है कि आपके सीवी और कवर लेटर में एक ही बातें तो नहीं है। भीड़ से अलग दिखने के लिए आपको यह साबित करना होगा कि आप एक अच्छे एम्प्लॉई बन सकते हैं। ऐसी चीजें शामिल करें जिससे कंपनी ज्यादा आकर्षित हो।

**आवेदन गलत जगह तो भेज नहीं दिया**

जिस व्यक्ति को आवदेन भेजना है उसके नाम में कई आवेदक गलती से या मूर्खतावश गलती कर देते हैं। वशिष रूप से जब आप अलग-अलग जगहों पर अप्लाई कर रहे हैं तो एड्रेसी और कंपनी का नाम अपडेट करना आसानी से भूल सकते हैं। इतना ही नहीं नाम की स्पेलिंग में गलती भी भारी पड़ सकती है।

**आप न्यूनतम योग्यता पर खरे नहीं उतरे हैं**

आपको इंटरव्यू कॉल नहीं आएगा अगर आप अंडरक्वॉलिफाइड हैं। अगर आपके पास आवश्यकतानुसार अनुभव, शैक्षणिक योग्यता नहीं है या आपने उसी माहौल या इंडस्ट्री में काम नहीं किया है तो आपका सीवी बाहर कर दिया जाएगा। याद रखें, आपको यह पता होना चाहिए कि आप योग्य है लेकिन आप रिकूटर के लिए केवल एक कागज का टुकड़ा हैं। वे आपके बारे में उतना ही जानते हैं जो आपका पिछला अनुभव कहता है। उन्हें कई सारे सीवी देखने होते हैं और वे कभी भी अपना समय ऐसे में व्यर्थ नहीं करेंगे या आपके बारे में ज्यादा जानने की कोशिश नहीं करेंगे।

**क्या आप न्यूनतम योग्यता को पार कर गए हैं**

अगर आप ओवरक्वॉलिफाइड हैं तो भी आपके पास कॉल नहीं आएगा। कोई भी कंपनी ऐसे व्यक्ति को हायर नहीं करेगी। ऐसे में आपका सीवी भी रिजेक्ट हो जाएगा और वे सीवी के ढेर में नए आवेदन पर नजर घुमाएंगे।

**कॉन्टेक्ट डिटेल्स अपडेट किया**

भेजने से पहले आपको सीवी आपको बार-बार चेक करना चाहिए। यह सुनिश्चित कर लें कि आपने आपका वर्तमान ई-मेल एड्रेस, मोबाइल नंबर और लैंडलाइन नंबर डॉक्यूमेंट्स में अपडेट कर लिया है। अगर आपने आपका पुराना सोशल मीडिया अकाउंट्स डिलीट कर दिया है तो यह सुनिश्चित कर लें कि आपने उसे सीवी से भी हटा दिया है। अगर आपने सोशल मीडिया अकाउंट्स में प्राइवेसी सेंटिंग कर रखी है तो एचआर को इसके जरिए संपर्क करने का मत कहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### बीआरपी कुबेर हत्याकांड : शूटर व तीन गुर्गे अरेस्ट



**पहाड़पुर (पूचं)।** बीआरपी कुबेर पांडेय उर्फ अभिनंदन पांडेय हत्याकांड का मुख्य शूटर व तीन गुर्गों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। 31 दिसंबर को अरेराज बेतिया मुख्य पथ में रढ़िया राय टोला के समीप पहाड़पुर थाना क्षेत्र के पकड़िया लौकहा गांव निवासी कुबेर पांडेय की हत्या गोली मारकर कर दी गयी थी। हत्याकांड का मुख्य शूटर सरेया चैन पटी गांव का बाबर आजम उर्फ अजहरुद्दीन, लाइनर का काम करने वाला लखनीपुर गांव निवासी उज्जवल कुमार पांडेय, एकडेरवा गांव निवासी मनीर आलम व मिश्राइन टोला गांव निवासी अभिमन्यु कुमार को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है।

### बोलेरो ने पांच बाइकों में मारी टक्कर, छह गंभीर

**सीवान/दरौंदा।** छपरा-सीवान मुख्य मार्ग एनएच 531 के सिरसा मठिया गांव के पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की सुबह आठ बजे बोलेरो ने एक कतार में जा रही पांच मोटरसाइकिलों में टोकर मार दी। इस दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घायलों में आरा जिले के बिहिया थाने के कल्याणपुर निवासी गणेश बीन की पत्नी ममता देवी,पुत्र रौशन बीन एवं पुत्री निशा बीन,राजकुमार बीन का पुत्र विनोद बीन,सुखल बीन का पुत्र गोरख बीन एवं राजकुमार बीन का पुत्र करण बीन शामिल है।वहीं अन्य नौ लोगों को हल्की चोटें आई हैं, जिनका स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया।

### दुकान में आग लगने से 35 लाख की क्षति

**रुन्नीसैदपुर (सीतामढ़ी)।** प्रखंड मुख्यालय के रुन्नीसैदपुर बाजार में सोमवार की रात एक दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण करीब 35 लाख रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। पीड़ित सुमित श्रृंगार के प्रो सुमित कुमार गोस्वामी ने बताया कि सोमवार की रात करीब नौ बजकर 45 मिनट पर दुकान में विद्युत के शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी, जिसमें करीब पांच लाख से अधिक मूल्य के थोक बिक्री के लिए रखी गयी लहठी एवं करीब 30 लाख के श्रृंगार की सामग्री जल कर राख हो गयी। वहीं बगल की दुकान साहिल स्टोर के प्रो सुशील कुमार गोस्वामी व मानसी ज्वेलर्स एवं बर्तन भंडार के प्रोपराइटर मनोज कुमार साह ने बताया कि इस अग्निकांड से उनके दुकानों में भी सामानों के झुलसने से भारी क्षति हुई है। सूचना पर रुन्नीसैदपुर अग्निशमन कर्मचारी व एमटी वाहन एवं सीतामढ़ी से एक एमटी वाहन व एक बड़ा वाटर टैंकर घटनास्थल पर पहुंचा। अग्निशमन कर्मी रौशन कुमार ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब तीन बजे आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। जिला पार्षद प्रतिनिधि ओम भारती ने प्रशासन से पीड़ितों के क्षति का मुआवजा दिये जाने की मांग की है।

### सिगरेट लाने से मना करने पर बच्चे को मारी गोली

**मुंगेर ।** धरहरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में मंगलवार को दुकान से सिगरेट लाने से इंकार करने पर एक अपराधी ने 8 वर्षीय अंशु के सिर में गोली मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में उसे सदर अस्पताल लाया गया। लेकिन बेहतर इलाज के लिए बच्चे को हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना पर पहुंची धरहरा थाना पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। गोली मारने वाला अपराधी फरार बताया जा रहा। बताया जाता है कि धरहरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी रौशन कुमार के घर में कुछ काम चल रहा है। घर के पास ही ठंड से बचने के लिए अलाव जल रहा था। जहां पर रौशन का 8 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार अलाव सेक रहा था। तभी गांव का एक आपराधिक किस्म का युवक वहां आकर अलाव सेकने लगा। उसने अंशु को पास के दुकान से सिगरेट खरीद कर लाने को कहा। लेकिन अंशु ने मना कर दिया। जिसके बाद दोनों में बहस होने लगी। तभी उक्त युवक ने पिस्तौल निकाला और अंशु के सिर में मार दी। गोली लगते ही अंशु वहीं पर गिर पड़ा। जबकि अपराधी और वहां अलाव सेक रहे सभी लोग फरार हो गया। परिजन दौड़कर पहुंचे तो अंशु को लहूलुहान पड़ा हुथा। जिसे उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा ले जाया गया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया गया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से पुजारी की मौत

**मधुबनी।** थाना क्षेत्र के एनएच-105 पर अज्ञात स्कॉर्पियो की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक गोपाल झा प्रतिदिन की तरह सुबह टहलने के लिए निकले थे। वे बख्शी टोल मनसा मंदिर होते हुए कलुआही तक जाया करते थे। मंगलवार की सुबह मृतक पंडित गोपाल झा व उनके मित्र विशंभर मिश्रा दोनों सुबह के करीब चार बजे अपने गांव बख्शी टोल से मां मनसा देवी के दर्शन करते हुए एनएच 105 के किनारे पहुंचे ही थे कि अचानक दरभंगा की ओर से आ रही एक तेज़ रफ्तार स्कॉर्पियो ने पीछे से ठोकर मार दी।

# 127 विकास योजनाओं का सीएम ने किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

- प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में सीवान जिले को 109 करोड़ रुपये की योजनाओं की दी सौगात



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान सीवान जिले को लगभग 109 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 127 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 83 करोड़ 47 लाख 37 हजार रुपये की लागत से 122 योजनाओं का उद्घाटन तथा 25 करोड़ 38 लाख 27 हजार रुपये की लागत से 5 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के क्रम में पचरुखी प्रखंड के ग्राम नारायणपुर में प्रस्तावित सीवान-बाईपास का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मैप के माध्यम से प्रस्तावित सीवान-बाईपास के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रस्तावित पथ का कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सीवान जिले के हुसैनगंज प्रखंड स्थित मचकना पंचायत के ग्राम करहनु में जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत सौंदर्गीकृत कराए गए तालाब का निरीक्षण किया। तालाब निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तालाब के चारों तरफ सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं। इससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने करहनु गांव के वार्ड संख्या-2 में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों के पठन-पाठन के विषय में जानकारी ली। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहनु, हुसैनगंज का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर ओपीडी कक्ष और टेली मेडिसिन आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हम लोग सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा वितरण करा रहे हैं। वर्ष 2005 के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया गया है ताकि लोगों को इलाज में असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने बासगीत पर्चा, सतत् जीविकोपार्जन योजना एवं परियोजना निधि अंतर्गत जीविका दीदियों को 51 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत ई-रिक्शा की चाबी, 19 जीविका दीदियों को 42 लाख 6 हजार 736 रुपये प्रोत्साहन राशि का सांकेतिक चेक, 29 हजार 663 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 3,51,506 जीविका दीदियों को बैंक लिकेंज द्वारा 101 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, जीविका भवन की चाबी, मुख्यमंत्री चौर विकास योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाबी, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत बैटरी चलित वाहन की चाबी, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड लाभुकों को प्रदान किया। प्रगति यात्रा के क्रम में आयोजित जीविका दीदियों के संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने सीवान जिला अंतर्गत जीरादेई प्रखंड के भैसाखाल में 520 आसन वाले नवनिर्मित राजकीय अतिपिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय के शैक्षणिक सह प्रशासनिक भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित पथ सीवान आंदर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस पथ की कुल लंबाई 16.250 किलोमीटर है। मैप के माध्यम से अधिकारियों ने इस पथ के विषय में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सारण एवं सीवान जिला अंतर्गत छपरा (एनएच-31, बलिया मोड़) मांझी-दरौली-गुठनी (एनएच-227ए) पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस पथ की कुल लंबाई 72.183 किलोमीटर है, जिसकी कुल लागत 701 करोड़ 25 लाख 89 हजार रुपये है।

## विश्व शांति के लिए महाबोधि मंदिर में भूटान के श्रद्धालुओं ने शुरू की पूजा



**बोधगया (गया)।** तथागत बुद्ध की ज्ञानस्थली महाबोधि मंदिर में भूटान के श्रद्धालुओं द्वारा विश्व शांति के लिए मंगलवार से पूजा शुरू की गयी। डूडजूम क्रोडिकाली एसोसिएशन, भूटान द्वारा आयोजित क्रोडिकाली शोक आफरिंग में एक लाख मंत्रोच्चार किया जायेगा। पूजा का नेतृत्व ख्याबजे रिनपोचे कर रहे हैं। पूजा में शामिल लामा व श्रद्धालु अपने हाथों में लिये डमरू को बजा कर मंत्रोच्चार कर रहे हैं, जिससे मंदिर परिसर में एक अलग ही नजारा दिख रहा है। बोधिवृक्ष की छांव तले पूजा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भूटान से आये हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। पूजा के शुभारंभ पर महाबोधि मंदिर के केयर टेकर भिक्खु डॉ दीनानंद ने ख्याबजे रिनपोचे का पूजा स्थल पर स्वागत किया व उसके बाद पूजा का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा पूजा के दौरान डमरू बजाये जाने के कारण लोग इसे डमरू पूजा के नाम से भी संबोधित करते हैं। तीन दिनों तक पूजा का आयोजन किया जायेगा व इसमें शामिल होने के लिए भूटान व तराई क्षेत्र से यहां पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण बोधगया में चहल-पहल बढ़ गयी है। व्यवसाय को भी गति मिली है।

## विप उपचुनाव के लिए जदयू के ललन प्रसाद उम्मीदवार

**पटना।** राज्य में आगामी विधान परिषद उपचुनाव के लिए एनडीए से जदयू के ललन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। इसकी घोषणा मंगलवार को जदयू प्रदेश मुख्यालय के कर्पूरी सभागार में एनडीए घटक दल के नेताओं की साझा संवाददाता सम्मेलन में की गई। पार्टी नेताओं ने बताया कि ललन प्रसाद शेखपुरा जिला के निवासी हैं और वे अतिपिछड़ा समुदाय के धानुक जाति से आते हैं। वे समता काल से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं और वर्तमान में जिलापरिषद सदस्य हैं। सूत्रों के अनुसार करीब 52 साल की उम्र के ललन प्रसाद को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी नेता के रूप में जाना जाता है। वे वर्ष 2001 से 2005 तक शेखपुरा जिले में घाट कुसुंबा प्रखंड के जदयू अध्यक्ष रहे। वहीं वर्ष 2009 से 2013 तक शेखपुरा में जदयू के जिला उपाध्यक्ष भी रहे। शेखपुरा में जदयू को मजबूत करने के लिए वे जदयू के शुरुआती दौर से ही सक्रिय रहे हैं।

**राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता रद्द होने से खाली हुई सीट** : सूत्रों के अनुसार राजद के तत्कालीन विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की सदस्यता रद्द होने से यह सीट खाली हुई है। इस सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया छह जनवरी से शुरू हो चुकी है। साथ ही 23 जनवरी को इस सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होगा। इस दौरान संवाददाता सम्मेलन में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि ललन प्रसाद समता काल से पार्टी के समर्पित साथी रहे हैं।

## डिजिटल अरेस्ट कर 3.7 करोड़ की ठगी के मामले में यूपी और हरियाणा में छापा

संवाददाता, पटना

राजेंद्र नगर स्थित रहने वाली रिटायर्ड महिला प्रोफेसर ज्योति वर्मा को डिजिटल अरेस्ट कर 3.7 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में पटना साइबर थाने की पुलिस ने यूपी और हरियाणा के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। पटना और नालंदा में भी पुलिस ने छापेमारी की। सूत्र ने बताया कि हरियाणा और यूपी से जिन संदिग्धों को पुलिस ने उठाया उसने कहा कि न तो उन्हें खाता के बारे में जानकारी है और न ही कोई ट्रांजेक्शन के बारे में उन्हें पता है। पूछताछ में संदिग्धों ने बताया कि मेरे नाम से कब और कौन खाता खुलवाया है ये मैं जानता तक नहीं हूं। सूत्रों के मुताबिक इस घटना में प्रोफेसर को जानने वाले भी शामिल हैं। उसी ने साइबर ठगों को महिला के बारे में पूरी जानकारी दी थी।

सूत्र ने बताया कि विदेशों में भी पैसा की निकासी की गयी है। ज्यादातर पैसे विदेशों में ही निकाले गये हैं। पटना साइबर पुलिस के अनुसार जल्द इस पूरे मामले का खुलासा भी होगा। वहीं अब तक दो दर्जन से अधिक खातों में पूरी रकम ट्रांसफर किया गया है। कुछ रुपये ही होल्ड किये गये हैं।

### कोर्ट के आदेश पर जमीन खोद कर निकाला युवक का शव

**चनपटिया (पचं)।** सिरिसिया पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मृत युवक के शव को जेसीबी मशीन से खोदकर निकाला गया। थानाध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में उक्त शव को निकाल कर मृत युवक के शव को परिजनों के हवाले किया गया। बता दें कि पिछले दिनों सिरिसिया पुलिस ने एक अज्ञात युवक का अधजला शव को खैरवा टोला के समीप से बरामद किया था।

## पेज एक का शेष

### पूर्व सांसद कड़िया...

स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर उन्हें मंगलवार को रांची रेफर किया गया। जांच के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है।

**कौन हैं कड़िया मुंडा?** : कड़िया मुंडा झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट से आठ बार सांसद रहे हैं। वह पद्मभूषण से सम्मानित हैं। सबसे अधिक 12 लोकसभा चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड इनके नाम है। खूंटी लोकसभा सीट वर्ष 1967 में अस्तित्व में आया। 1971 में पहली बार कड़िया मुंडा ने चुनाव लड़ा। 2014 में उन्होंने अंतिम लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्होंने आठ लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज की। चार लोकसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 1977 के चुनाव में उन्हें पहली बार जीत मिली थी और संसद पहुंचे थे।

### झारखंड में एचएमपीवी...

**जांच किट का दे दिया गया है ऑर्डर** : सचिव अजय कुमार सिंह ने एचएमपीवी से निबटने के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया। सोमवार को इसको लेकर रिम्स के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने तैयारियों का आकलन किया। ऐहतियातन जांच किट का ऑर्डर भी दे दिया गया है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि घबराने की अभी जरुरत नहीं है। आइसीएमआर के गाइडलाइन के तहत तैयारी की जा रही है।

**क्या है गाइडलाइन में** : ■ गाइडलाइन एचएमपीवी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि यह वायरस नया नहीं है, सर्दी के दिनों में इस तरह के केस पहले भी आये हैं, पैनिक होने की जरूरत नहीं है। ■ भीड़ वाले इलाकों में मास्क का प्रयोग करें ■ सेनिटाइजर का प्रयोग करें और हाथों की सफाई करें, भीड़ वाले इलाकों में जाने से परहेज करें ■ अस्पतालों में बेड बढ़ाएं ■ ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित कर लें।

**क्या हैं लक्षण** : माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पूजा सहाय ने बताया कि इसके संक्रमण से खांसी, सर्दी, बुखार, गले में खराश और कमजोरी होती है। यह तीन से पांच दिनों में ठीक हो जाता है।

### झारखंड में नेता...

नेता प्रतिपक्ष इस कमेटी के सदस्य होते हैं। फिलहाल विधानसभा में यह स्थान रिक्त है।

**अब-तक सुनवाई में क्या हुआ?** : पूर्व की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव को निर्देश दिया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर शुरू हो। इसको लेकर शपथ पत्र भी मांगा था। झारखंड सरकार के वकील ने कहा था कि चयन समिति में अपेक्षित कोरम का अभाव था और इस वजह से झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्तियां नहीं की जा सकी हैं।

**इस वजह से नहीं हुई सूचना आयुक्तों की नियुक्ति** : कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को सरकार की ओर से कोर्ट में दाखिल शपथ पत्र में बताया गया है कि सूचना आयोग में नियुक्तियों के लिए जून 2024 को एक विज्ञापन दिया गया था, लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद नेता प्रतिपक्ष की घोषणा नहीं की जा सकी है। इस वजह से मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं हो सकी है।याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि झारखंड में वर्ष 2020 से राज्य सूचना आयोग निष्क्रिय है। मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त सहित कई पद रिक्त हैं। इस वजह से सूचना के अधिकार से संबंधित हजारों केस लंबित हैं।

### खराब सेहत की...

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने आसाराम को रिहाई के बाद अपने अनुयायियों से नहीं मिलने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि 86 वर्षीय आसाराम हृदय रोग के अलावा उम्र संबंधी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है। वह केवल चिकित्सा आधार पर इस मुद्दे की जांच करेगा। आसाराम को 2013 में अपने जोधपुर आश्रम में 16 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म करने का दोषी ठहराया गया था। 2018 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। इससे पहले उसने कई बार स्वास्थ्य के आधार पर सजा निलंबित करने की याचिका दायर की थी, लेकिन याचिका को पहले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने 2023 में गांधीनगर अदालत द्वारा दी गई आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने की आसाराम की याचिका पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा था। आसाराम वर्तमान में बलात्कार के एक अन्य मामले में राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद है।

### पांच फरवरी...

लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, वहीं अब वो एक-दूसरे के सामने हैं और बयानबाज़ी भी हो रही है।

**ईवीएम पर लगे आरोपों को सीईसी ने किया ख़ारिज** : मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि ईवीएम पर आरोप लगते रहते हैं। इस बार वोटर लिस्ट से नाम काटने की भी शिकायत की गई। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगे। पिछले कुछ विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस पार्टी ने खुलकर ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में चुनाव से पहले वोटर लिस्ट से कई मतदाताओं के नाम काटने का आरोप लगाए हैं। इन आरोपों पर राजीव कुमार ने कहा कि लिस्ट से वोटर का नाम हटाने पर पूरी प्रक्रिया का पालन किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर अचानक एक क्षेत्र से 10-20 हज़ार नाम काट दिए जाएंगे, तो ऐसे में बड़ा मामला होगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों की सहमति से वोटर लिस्ट अपडेट होती है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट लगातार अलग-अलग आदेशों में ये कहते आए हैं कि ईवीएम में किसी तरह की गड़बड़ी या हैकिंग नहीं हो सकती है।

### वी नारायणन होंगे...

**नारायणन अभी यहां कर कर रहे हैं काम** : सोमनाथ ने 14 जनवरी 2022 को इसरो अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव का पदभार संभाला था। नारायणन अभी तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में स्थित इसरो के एलपीएससी के निदेशक हैं। मंगलवार देर शाम जारी आदेश के अनुसार, नारायणन की इस पद पर नियुक्ति आगामी 14 जनवरी से दो साल या अगले आदेश तक प्रभावी होगी। नारायणन की विशेषज्ञता राकेट और अंतरिक्ष यान प्रोपल्शन में है। वे जीएसएलवी एमके-3 वाहन के सी25 क्रायोजेनिक प्रोजेक्ट के परियोजना निदेशक थे।

**कई पदों पर कर चुके हैं काम** : उन्होंने 1984 में इसरो में शामिल हुए और केंद्र के निदेशक बनने से पहले विभिन्न पदों पर कार्य किए। 1989 में उन्होंने आइआइटी-खड़गपुर से क्रायोजेनिक इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी के साथ एमटेक पूरा किया और लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) में क्रायोजेनिक प्रोपल्शन क्षेत्र में शामिल हो गए।

### झारखंड के सारंडा...

घटना के बाद पुलिस और सीआरपीएफ की ओर से संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। घटना की सूचना के बाद से परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है।

**आईईडी विस्फोट में कई लोग गंवा चुके हैं जान** : नक्सलियों द्वारा जंगलों में बिछाये गये आईईडी की चपेट में आने से पश्चिमी सिंहभूम जिले में अब तक चार पुलिसवालों की मौत हो चुकी है, जबकि 29 घायल हो चुके हैं। दर्जनभर से अधिक ग्रामीण अपनी जान गंवा चुके हैं और सात घायल हो चुके हैं।

**सारंडा जंगल में पुलिस लगातार चला रही अभियान** : एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि सारंडा जंगल में नक्सलियों के कई बड़े नेताओं के होने की सूचना है। पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस से बचने के लिए नक्सलियों ने जंगल में कई जगहों पर आईईडी लगा रखा है। सूचना मिलने के बाद से पुलिस कार्रवाई में जुट गयी है।

### तिब्बत में 180...

चीन की न्यूज एजेंसी ने बताया कि 1,500 से ज्यादा स्थानीय फायरफाइटर्स और बचाव कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है। इसने बताया कि भूकंप प्रभावित क्षेत्र में टेंट, कोट, रजाई और फोल्डिंग बेड सहित लगभग 22,000 आइटम्स भी भेजी गई हैं।

**क्यों आता है भूकंप?** : पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है, तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

### भारत में 25,722...

**भारत में एआई में बहुत संभावनाएं हैं** : भारत को AI-फर्स्ट नेशन बनाने में मदद करने के लिए कंपनी के प्रयासों के हिस्से के रूप में यह घोषणा की गई है। नडेला ने पहले कहा था कि उनका मानना है कि भारत में AI में बहुत संभावनाएं हैं। सत्य नडेला ने यह भी कहा था कि वह चाहते हैं कि सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट इस तेजी से फैलती टेक्नोलॉजी के लाभों को प्राप्त करने में असिस्टेंट यानी सहायक की भूमिका निभाए।

### अब घर बैठे...

इसके लिए एक व्हाट्सएप नंबर '9430328080' जारी किया गया है। इस नंबर पर लोग अपनी समस्याओं को "अबुआ साथी" के तहत भेज सकते हैं।

**शिकायतों के सामाधान में आएगी तेजी** : रांची प्रशासन की इस नई व्यवस्था से आम लोगों की शिकायतों के सामाधान में तेजी आएगी। साथ ही किसी भी नागरिक को अपनी समस्याएं बताने के लिए किसी जनता दरबार में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा ये पहल जनता से जुड़ाव बढ़ाने में मददगार साबित होगी।

**नाम व संपर्क का पता साझा करना जरूरी** : रांची जिला प्रशासन का कहना है कि व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी शिकायतें भेजने वाले नागरिक अपनी समस्याओं का पूरा विवरण भेज सकते हैं। साथ ही अपना नाम और संपर्क का पता भी देना अनिवार्य है। ताकि कार्रवाई के बाद आपके साथ जानकारी साझा की जा सके। प्रशासन का उद्देश्य शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता लाना और नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है। प्रशासन की इस पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान जल्द और प्रभावी तरीके से मिल सकेगा।

### मोदी सरकार का...

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं।

शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की चिट्ठी भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने लिखा है, "बाबा (प्रणब मुखर्जी) कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कहा नहीं जाना चाहिए, बल्कि वह खुद ऑफर किया जाता है। मैं बहुत आभारी हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद और सम्मान में ऐसा किया। हालांकि, इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं और वह प्रशंसा या आलोचना से परे रहे हैं, लेकिन उनकी बेटी होने के नाते मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती।"बता दें कि, प्रणब मुखर्जी जुलाई 2012 से जुलाई 2017 तक देश के राष्ट्रपति रहे थे। उन्हें 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

### आज सात जिलों...

**यहां के अलर्ट जारी** : केंद्र के अनुसार 8 जनवरी को राज्य के उत्तरी-पश्चिम एवं दक्षिण-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं घना कोहरा छाया रहेगा। इसका असर गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम जिलों में देखने को मिलेगा।

**इसका ख्याल रखें** : घना कोहरा छाए रहने पर महज कुछ दूर की जगह नहीं दिखती है। ऐसे में वाहन चलाते समय सावधानी बरते। तेज गति से वाहन नहीं चलाएं। बचाव और दूसरों को सतर्क करने के लिए लाइट का हमेशा प्रयोग करें।

**कांके का तापमान बढ़ा** : रांची से सटे कांके का तापमान पिछले 24 घंटे में करीब 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। बीएयू के कृषि मौसम विभाग के अनुसार 6 जनवरी को न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस था। यह 7 जनवरी को 5.0 डिग्री सेल्सियस हो गया।

## विविध

### काम नहीं करने वालों के लिए पैसा है, जजों की सैलरी-पेंशन के लिए नहीं : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** जजों के वेतन और पेंशन मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ी टिप्पणी की। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राज्यों के पास ऐसे लोगों को मुफ्त में देने के लिए पर्याप्त धन है, जो काम नहीं करते हैं, लेकिन जिला न्यायपालिका के जजों को वेतन और पेंशन देने के मामले में वे वित्तीय संकट का दावा करते हैं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी की दलील के जवाब में ये टिप्पणी की। एजी का कहना था कि न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर फैसला लेते समय सरकार को वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा। जस्टिस गवई ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा लाडली-बहना योजना और राष्ट्रीय राजधानी में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा किए गए हाल के वादों का हवाला दिया।

जस्टिस गवई ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि राज्य के पास उन लोगों के लिए सारा पैसा है, जो कोई काम नहीं करते। जब हम वित्तीय बाधाओं के बारे में बात करते हैं तो हमें इस पर भी गौर करना चाहिए। चुनाव आते ही आप लाडली बहना और अन्य नई योजनाओं की घोषणा करते हैं, जिसमें आपको निश्चित राशि का भुगतान करना होता है। दिल्ली में अब किसी न किसी पार्टी की ओर से घोषणाएं होती हैं कि अगर वे सत्ता में आते हैं तो वे 2500 रुपये का भुगतान करेंगे। अटॉर्नी जनरल ने जवाब दिया कि फ्रीबी की संस्कृति को अलग रखा जा सकता है और वित्तीय बोझ की व्यावहारिक चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

## जम्मू : पाकिस्तानी आतंकी हैंडलर की प्रापर्टी सीज

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में पाकिस्तान में मौजूद आतंकी हैंडलर की प्रॉपर्टी सीज की। आतंकी का नाम मुबाशिर अहमद की है। पुलिस के मुताबिक अवंतीपोरा में पुलिस ने त्राल के पस्तून इलाके के सैयदाबाद में चार मरला जमीन सीज की। अवंतीपोरा पुलिस की जांच में दौरान मुबाशिर अहमद की पहचान आतंकी हैंडलर के तौर पर हुई। अहमद लोकल आतंकी नेटवर्क को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराता था।

## उत्तर प्रदेश में ठंड से 25 मौतें

वाराणसी। यूपी में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। मंगलवार को 51 जिलों में कोहरा छाया है। वाराणसी समेत कई जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक पहुंच गई है। 30 की स्पीड से हवाएं चल रहीं। इससे गलन बढ़ गई है। ठंड के चलते प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 10 की जान गई है। 48 घंटे में मौत का आंकड़ा 25 है। कोहरे के चलते वाराणसी में 13, जबकि लखनऊ में 10 फ्लाइट्स देरी से आईं। ट्रेनों पर भी असर देखने को मिला। कानपुर और वाराणसी रेलवे स्टेशन आने वाली करीब 200 ट्रेनें 12 घंटे तक लेट रहीं। मौसम विभाग ने 40 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है। प्रयागराज और मुजफ्फरनगर में सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई।

## बर्फीली परिस्थितियों के कारण जम्मू-कश्मीर में बाद में करवाये जायेंगे उपचुनाव : चुनाव आयोग

श्रीनगर/नई दिल्ली, । भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि वह बर्फीली परिस्थितियों के कारण जम्मू और कश्मीर में बाद में उपचुनाव कराएगा। ईसीआई ने कहा कि उनके पास चुनाव कराने के लिए अभी भी समय है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में बर्फीली परिस्थितियों के कारण आज बडगाम और नगरोटा में उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं कर रहे हैं। सीईसी ने उल्लेख किया कि उनके पास चुनाव कराने के लिए 20 अप्रैल तक का समय है। उमर अब्दुल्ला ने 21 अक्टूबर को बडगाम सीट खाली कर दी थी जबकि देविंदर सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्टूबर को नगरोटा सीट खाली हो गई थी। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 151ए के अनुसार किसी भी रिक्ति को भरने के लिए उपचुनाव रिक्ति की तारीख से छह महीने के भीतर होना चाहिए। भाजपा द्वारा देविंदर सिंह राणा की बेटी देवयानी राणा को नगरोटा सीट से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है लेकिन इस बात को लेकर व्यापक उत्सुकता है कि बडगाम सीट के लिए एनसी का उम्मीदवार कौन होगा। एनसी ने अपने उम्मीदवार के बारे में कोई संकेत नहीं दिया है जिससे राजनीतिक पर्यवेक्षकों और मतदाताओं में समान रूप से दिलचस्पी पैदा हो रही है। 2024 के जम्मू-कश्मीर चुनावों में उमर अब्दुल्ला ने अलगाववादी नेता आगा हसन के बेटे मुंतज़िर मेहदी को 18,000 से अधिक मतों के अंतर से हराकर बडगाम सीट जीती थी। देविंदर सिंह राणा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के जोगिंदर सिंह को 30,472 मतों से हराकर नगरोटा सीट जीती थी।

## एचएमपीवी वायरस ने पसारा पैर, तमिलनाडु में मिले दो केस

चैन्नई। चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) बहुत तेजी से फैल रहा है। यह वायरस अब धीरे-धीरे भारत में पैर पसार रहा है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और पश्चिम बंगाल के बाद तमिलनाडु में भी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के दो केस सामने आए हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि दोनों संक्रमितों की हालत स्थिर है। तमिलनाडु सरकार के डीआईपीआर ने बताया गया कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इसकी पहचान साल 2001 में की गई थी। आराम और अच्छी मात्रा में पानी पीने और उचित देखभाल से यह संक्रमण ठीक हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब तक कर्नाटक में दो, महाराष्ट्र में दो, गुजरात में एक, पश्चिम बंगाल में एक और तमिलनाडु में वायरस के दो मामले सामने आए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एचएमपीवी वायरस मुख्य रूप से पीड़ित व्यक्ति के श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। इसके लक्षण कई मामलों में कोविड-19 के समान ही होते हैं। ये वायरस मुख्य रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों को संक्रमित करता है। इस वायरस से संक्रमित मरीज में सबसे आम लक्षण खांसी है। इसके साथ हल्का बुखार, घरघराहट, नाक बहना या गले में खराश जैसे परेशानी भी हो सकती है। वायरस से संक्रमित होने के बाद कुछ मामलों में गंभीर लक्षण आ सकते हैं। सांस लेने में तकलीफ भी हो सकती है।

## बेंगलुरुः युवक की बहादुरी देख लोग हुए हैरान, तेंदुए की पूंछ पकड़ी और पिंजड़े में डाला

बेंगलुरु। कर्नाटक के तुमकुरु से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। तुमकुरु जिले के रंगपुरा गांव के निवासी आनंद कुमार ने एक खूंखार तेंदुए के आगे ऐसी बहादुरी दिखाई कि वन अधिकारी स्तब्ध रह गए। आनंद ने तेंदुए को पूंछ से पकड़ लिया और सुरक्षित रूप से पिंजरे में बंद कर दिया। बता दें कि शहरी इलाकों या बस्तियों में खूंखार जानवरों के घुस जाने से दहशत का माहौल हो जाता है। बीते अक्तूबर में उत्तर प्रदेश के बहराइच से ऐसा ही मामला सामने आया था। यहां के सुजौली थाना क्षेत्र के कतर्नियाघाट रेंज के अयोध्यापुरवा गांव में पिछले कुछ दिनों से एक तेंदुए का आतंक बना हुआ था। इस तेंदुए ने चार लोगों पर हमला किया, जिससे गांव के लोग डरे हुए और परेशान थे। लगभग 20 दिनों के बाद अयोध्यापुरवा गांव में खूंखार तेंदुए को आखिर पकड़ लिया गया है। वन विभाग ने तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया था। दरअसल, इलाके में तेंदुए के आ जाने की खबर से कई दिनों से दहशत का माहौल था। सोमवार को वह पुरलेहल्ली रोड पर कुमार के घर के पास दिखाई दिया। वन विभाग के अधिकारी जानवर को पकड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार थे। लेकिन जाल के साथ उनके प्रयास असफल साबित हुए। इस दौरान आनंद ने निडरता से कदम बढ़ाया, उसने तेंदुए को उसकी पूंछ से पकड़ लिया और उसे पिंजरे में कैद कर दिया। अपनी बहादुरी के लिए पूरे गांव में उसकी प्रशंसा हो रही है। वन अधिकारी उसके साहस से आश्चर्यचकित रह गए।

# अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ना होगा आसान : शाह



- केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने भारतपोल पोर्टल किया लॉन्च
- प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़ सकेंगी
- भारतपोल पोर्टल 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतपोल पोर्टल को देश की अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की शुरुआत बताते हुए कहा कि अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस इंटरपोल से जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों, कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया।

भारत में अपराध कर विदेश भाग जाने वाले अपराधियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कई सारे अपराधियों ने दुनिया के अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में अपराध को अंजाम दिया है या फिर अपराध करके विदेश में भाग गये हैं जिसके कारण वह हमारे कानून की पहुंच से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करके कानून की पहुंच से बाहर रहे विदेश में बैठे अपराधियों और भारत में अपराध करके विदेश भागे अपराधियों को भारतपोल के माध्यम से देश वापस लाना और उन पर कानूनी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में ट्रायल इन एसेंसिया (अनुपस्थिति में मुकदमा) का एक नया प्रावधान जोड़ा है। इसके माध्यम से एक न्यायिक प्रक्रिया के बाद इसको पूरा करके कोर्ट के आदेश के साथ उनकी अनुपस्थिति में इन पर ट्रायल चलाना सरल हो जाएगा। यदि उन्हें सजा मिलने पर विदेशों से भारत लाने में आसानी होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत है। अभी तक सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी जो इंटरपोल के साथ काम करती थी, लेकिन अब भारतपोल के शुभारंभ के साथ प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। उन्होंने कहा कि हम अंतराल को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक की मदद से हम इस अंतर को पाट सकेंगे। हमें कई ऐसी जानकारियां मिल सकेंगी जो अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने में मदद करेंगी और बदले में हमें अपराधों को होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा स्थापित करने में मदद करेंगी।

## संसद में डॉ. भीमराव आंबेडकर पर टिप्पणी पर गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध परिवाद दायर

सुल्तानपुर। यूपी के सुल्तानपुर में मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध परिवाद दायर हुआ है। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने याचिका पर 15 जनवरी को सुनवाई की तारीख नियत की है। यह परिवाद अमित शाह द्वारा संविधान रचयिता डॉ भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी पर किया गया है। यह परिवाद धम्मौर थाना क्षेत्र के बनकेपुर सरैया निवासी रामखेलावन ने कराया है।



रामखेलावन ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 17 दिसंबर 2024 को सदन में डॉ. भीमराव आंबेडकर पर टिप्पणी की गई। कहा कि जिनकी बदौलत अमित शाह आज गृहमंत्री हैं, उन्हीं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। जिनको करोड़ों गरीब मजदूर अपना भगवान मानते हैं, उससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इससे मेरी भी भावना आहत हुई है। बताया कि इसी को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ परिवाद दायर किया है। अधिवक्ता जयप्रकाश ने बताया कि अमित शाह ने लोकसभा में बाबा साहब आंबेडकर को लेकर अमर्यादित टिप्पणी किया था। उन्होंने बाबा साहब का अपमान किया। इसी बात को लेकर परिवादी राम खेलावन ने कोर्ट में परिवाद दायर किया है। परिवादी ने कोर्ट को बताया कि बीते 24 दिसंबर 2024 को बहुजन समाज पार्टी के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक को मिलकर दिया था। साथ ही उन्हें रजिस्टर डाक से भी कार्रवाई के लिए तहरीर भेजी थी। लेकिन, पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। तब हम न्याय के लिए कोर्ट आए हैं।

## बीपीएससी मामले की सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा-पटना हाईकोर्ट जाएं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) 70वीं प्रीलिम्स परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि यह मामला पटना हाईकोर्ट में सुलझाया जाना चाहिए। याचिका में परीक्षा रद्द करने और प्रदर्शन के दौरान कैंडिडेट्स पर लाठीचार्ज करने के लिए जिले के एसपी और डीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की और कहा कि याचिकाकर्ता को पटना हाईकोर्ट में अपील करनी चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने यह दावा किया कि पूरे देश ने देखा है कि बिहार पुलिस ने कैसे बेरहमी से प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज बरसाई, लेकिन कोर्ट ने कहा कि यह हाईकोर्ट का मामला है, आप वहीं जाएं। यह याचिका आनंद लीगल एंड फोरम ट्रस्ट की ओर से दायर की गई थी, जिसमें बीपीएससी परीक्षा के दौरान धांधली का आरोप लगाया गया। याचिका में पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में सीबीआई से कराने की भी मांग की गई थी। बीपीएससी परीक्षा की असमंजस स्थिति बीपीएससी 70वीं कंबाइंड सिविल सेवा परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन 20 सितंबर 2024 को जारी किया गया था। इस परीक्षा के लिए 1964 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जो बीपीएससी के इतिहास में सबसे बड़ी वैकेंसी मानी जा रही है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से परीक्षा को लेकर असमंजस की स्थिति बनी, क्योंकि पांच बार पदों को अपडेट किया गया और परीक्षा की तारीख को तीन बार बढ़ाया गया।

## डल्लेवाल ने मेडिकल सुविधा लेने से किया इनकार कहाः मेरी जान नहीं, किसान है प्राथमिकता



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** बीते 42 दिनों से अनशन पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बिगड़ गई है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी ने मुलाकात की। इस दौरान डल्लेवाल ने साफ कर दिया कि मेरे लिए मेरी जान नहीं किसान है पहली प्राथमिकता। किसानों का हित पहले है और सेहत दूसरे नंबर पर है। उन्होंने 42 दिनों से जारी अनशन ना तोड़ने पर अडिग रहने की बात कही। इसके अलावा अस्पताल जाकर मेडिकल सुविधा लेने के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया। डल्लेवाल ने कहा कि मेरी प्राथमिकता कृषि सुधार है। मेरी जिंदगी और सेहत तो बाद की बात हैं। हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस नवाब सिंह, पूर्व डीजीपी बीएस संधू, अर्थशास्त्री बीएस घुम, कृषि एक्सपर्ट देविंदर शर्मा और पंजाब किसान आयोग के चेयरपर्सन सुखपाल सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने बातचीत के लिए तय कमेटी में शामिल किया है।

इस दौरान किसान डल्लेवाल की सेहत के लिए चिंतित दिखाई दिए। जस्टिस नवाब सिंह से एक किसान ने तो यहां तक अपील की कि आप लोग जल्दी से उन्हें राजी कर लेंगे, वरना हम लोग अपना नेता खो देंगे। वहीं जब कमेटी के सदस्य मिलने पहुंचे तो डल्लेवाल ने अनशन तोड़ने या फिर स्वास्थ्य लाभ लेने से बिलकुल इनकार कर दिया। डल्लेवाल ने कहा, क्या मैं एक आग्रह कर सकता हूं? मुझे 42 दिन हो चुका है। यदि भगवान मेरे साथ हैं तो कुछ नहीं होगा। मेरी एक ही बात है कि यदि सरकार किसानों पर कुछ दया दिखाती है तो फिर मुझे यह सब करने की जरूरत ही नहीं है। सरकार को समय-समय पर अपने वादे पूरे करने चाहिए। मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि सरकार से कहें कि हमारी मांगों को मान ले ताकि मुद्दों का समाधान हो सके।

कमेटी के मेंबर दोपहर को करीब सवा 3 बजे खनौरी बॉर्डर पहुंचे, लेकिन किसान नेता से महज 10 मिनट की ही बात हो सकी। वहीं सुप्रीम कोर्ट में भी सोमवार को सुनवाई हुई थी, जिसमें जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने कहा कि उम्मीद करते हैं कि कुछ हल निकल जाएगा। लेकिन किसान नेता के अड़ियल रुख के आगे किसी की चलती नहीं दिख रही। लंबी चली मशक्कत के बाद किसान नेता ने कमेटी से मुलाकात तो कर ली, लेकिन यह भी साफ कर दिया कि अनशन जारी रहेगा और मेडिकल सुविधा भी नहीं लेंगे। अनशन स्थल पर ही जस्टिस नवाब सिंह ने किसानों से भी बात की और फिर डल्लेवाल से मिलने के लिए टेंट सिटी पहुंचे।

### डल्लेवाल की लगातार बिगड़ रही सेहत

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत सोमवार शाम को 'बिगड़ गई' और उनका रक्तचाप गिर गया। प्रदर्शन स्थल पर मौजूद चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि डल्लेवाल का रक्तचाप 80/56 तक गिर गया है और इसमें उतार-चढ़ाव हो रहा है। डॉ. अवतार सिंह ने कहा, उनकी हालत बिगड़ गई है। उनका रक्तचाप तेजी से गिरा है। उनकी हालत देखकर हम चिंतित हैं। हम उन्हें कोई चिकित्सकीय सहायता नहीं दे सकते। गैर सरकारी संगठन '5 रिवर्स हार्ट एसोसिएशन' की टीम में शामिल सिंह ने कहा, हमने उनके पैर ऊपर किए जिसके बाद उनके रक्त प्रवाह में थोड़ा सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि डल्लेवाल के रक्तचाप में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

## बैठक से पहले ही बिगड़ी प्रशांत किशोर की तबीयत, एंबुलेंस से ले गए अस्पताल




**पटना (एजेंसी)।** बिहार में जन सुराज पार्टी नेता प्रशांत किशोर की तबीयत खराब हो गई है उन्हें मेदांता अस्पताल ले जाया गया है। इससे पहले प्रशांत किशोर के आवास पर एंबुलेंस पहुंची, जिसमें उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बता दें, मंगलवार को प्रशांत किशोर के अनशन का छठा दिन है।

गौरतलब है कि प्रशांत किशोर ने मंगलवार को पटना के शेखपुरा हाउस में जन सुराज पार्टी की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में आगे की योजना पर चर्चा होनी थी। बैठक में तय किया जाना था कि प्रशांत अब अपना अनशन किस स्थान पर जारी रखेंगे, लेकिन उसके पहले ही उनकी तबीयत बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मंगलवार सुबह ही पार्टी के सोशल मीडिया पेज पर एक पोस्ट शेयर की गई थी, जिसमें लिखा था- मामला तो गांधी मैदान में ही निपटेगा। सीएम नीतीश कुमार की जिद से बड़ी है बिहार के युवाओं की जिद। सुनिए नीतीश जी और बीजेपी यदि बिहार के स्वाभिमान को लाठियों के बल पर कुचलने का मुगालता पाल रखा है तो इस अहंकार को तोड़ना हर बिहारी का नैतिक दायित्व है और हाँ गाँधी मैदान याद रखिएगा !

प्रशांत किशोर ने बीपीएससी छात्रों के मुद्दे को लेकर अब सत्याग्रह का ऐलान किया है। एक्स पर उनकी टीम की ओर से एक पोस्ट शेयर किया गया है जिसमें लिखा- दम है कितना दमन में तेरे, देख लिया है देखेंगेज जगह है कितनी जेल में तेरे, देख रहे हैं देखेंगे। पुलिस कस्टडी से बाहर निकलते ही प्रशांत किशोर ने खुलकर अपनी बात कही। इस दौरान प्रशांत ने कहा कि दो घंटे पहले जिस प्रशांत किशोर को बिहार पुलिस पकड़ कर जेल ले गई थी, अब उसे ही रिहा कर दिया है। कोर्ट ने हमें अकंडिशनल बेल दिया है। मैं हमेशा कहता हूं कि जनबल के आगे कोई बल नहीं है। यह जनता के लिए किया गया सत्याग्रह का ही प्रभाव है।

## राहुल ने नहीं दिया जवाब, बरेली कोर्ट से दूसरा समन जारी, ओवैसी को भी पेश होने का आदेश



**बरेली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सांसद असदुद्दीन ओवैसी की ओर से बरेली के जिला जज न्यायालय से जारी समन का कोई जवाब नहीं दिया गया। मंगलवार को दोनों नेताओं के खिलाफ दायर रिवीजन याचिकाओं को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो में स्थानांतरित कर दिया गया। साथ ही दूसरा समन जारी कर कोर्ट ने राहुल गांधी को 18 जनवरी और असदुद्दीन ओवैसी को 19 जनवरी को याचिका पर सुनवाई के दौरान पेश होने के आदेश दिए हैं।

विदित हो कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर बयान दिया था। हिंदूवादी संगठनों की ओर से इसका तीखा विरोध हुआ था। इसी मामले में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक की ओर से बरेली के कोर्ट में अर्जी दी गई थी। एमपी-एमएलए कोर्ट ने उस वक्त अर्जी को खारिज कर दिया था। इस आदेश के संबंध में पंकज पाठक ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील कर दी। मामले का संज्ञान लेते हुए सत्र न्यायालय ने वाद दायर कर सुनवाई के लिए सात जनवरी 2025 की तिथि निर्धारित की। न्यायालय ने नोटिस जारी कर राहुल गांधी को पेश होने का आदेश भी दिया। लेकिन, राहुल गांधी न पेश हुए और न ही उनकी तरफ से कोई जवाब आया। इस पर कोर्ट से दूसरा समन जारी किया गया है।

उधर, जय फलस्तीन बोलने पर ओवैसी के खिलाफ याचिका दाखिल हुई है। बीते वर्ष लोकसभा चुनाव के बाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में शपथ लेने के बाद जय फलस्तीन का नारा लगाया था। इसके बाद अधिवक्ता वीरेंद्र गुप्ता की ओर से अवर न्यायालय में असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ याचिका दायर की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद अधिवक्ता ने पुनरीक्षण याचिका दायर की थी। जिला जज की अदालत ने पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए सांसद असदुद्दीन ओवैसी को सात जनवरी को हाजिर होने के लिए नोटिस जारी किया था। ओवैसी की तरफ से भी कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने 19 जनवरी को पेश होने के आदेश दिए हैं।

## मौसम विभाग ने उत्तर भारत के राज्यों के लिए जारी किया अलर्ट

### फसलों पर भारी पड़ेगी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के उत्तरी मैदानों में हफ्ते के अंत में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बेमौसम बारिश होने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। यह बारिश पश्चिमी विक्षोभ की हलचल के कारण हुई है। पश्चिमी विक्षोभ अब इस क्षेत्र से दूर जाना शुरू हो गया है। जैसे-जैसे पश्चिमी विक्षोभ (मौसम प्रणाली) पीछे हट रहा है वैसे ही बर्फ से ढके पहाड़ों से सूखी और ठंडी हवाएं उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के भागों में चलनी शुरू हो जाएंगी। जिससे न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आएगी।

लेकिन आने वाले दिनों में फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा, क्योंकि एक और पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय की ओर बढ़ रहा है। यह मौसम प्रणाली (पश्चिमी विक्षोभ) उत्तर राजस्थान और उससे सटे पंजाब और हरियाणा में प्रेरित चक्रवातीय परिसंचरण को सक्रिय करेगी। इस प्रणाली के प्रभाव से उत्तर राजस्थान में सबसे पहले बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां शुरू होंगी। धीरे-धीरे यह गतिविधियां पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर के कई हिस्सों में फैलेंगी।

### कृषि के लिए बड़ा खतरा बन सकती है ओलावृष्टि

गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना भी बनी हुई है, जो कृषि के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। अगर ऐसा होता है, तो ओलावृष्टि खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है, विशेषकर जो फसलें विकास के चरण में हैं। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है, जिससे इस कठोर मौसम में होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

### वीकेंड पर बारिश का अलर्ट

पश्चिमी विक्षोभ के हटने के कारण वीकेंड से पहले तक न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट होगी। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में ठंड का प्रकोप देखा जाएगा और रातें बेहद सर्द होंगी। हालांकि, यह ठंडा मौसम ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगा क्योंकि नया पश्चिमी विक्षोभ तापमान के रुझान को पलट देगा। जैसे-जैसे बारिश और बादल छाने की संभावना बढ़ेगी, न्यूनतम तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। खासकर 11 जनवरी से उत्तर पश्चिम भारत और उससे सटे उत्तर प्रदेश के मैदानों में बारिश होगी और तापमान बढ़ेगा।



## मलेशिया ओपन में भारत का अभियान शुरु करेंगे लक्ष्य सेन व एचएस प्रणय




**कुआलालंपुर, एजेंसी।** शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पर सबकी नजरें रहेंगी, क्योंकि वे मंगलवार को मलेशियाई राजधानी के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में शुरू होने वाले नए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के पहले सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन 2025 में साल का अपना पहला खिताब जीतने की उम्मीद में सर्किट पर लौट रहे हैं। पुरुष एकल में लक्ष्य का सामना यू जेन ची (चीनी ताइपे) से होगा, जबकि प्रणय राउंड ऑफ 32 मैचों में ब्रायन यांग (कनाडा) से भिड़ेंगे। इस बीच, पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी अपने ब्रैकेट में लू मिंग चे और टैंग काई वी (चीनी ताइपे) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। चिराग और सात्विक पुरुष युगल में सातवें स्थान पर हैं।

महिला एकल में आकर्षि कश्यप अपने पहले दौर के मुकाबले में जूली डावल जैकबसेन (डेनमार्क) से भिड़ेंगी, जबकि मालविका बंसोड़ का सामना गोह जिन वेई (मलेशिया) से होगा। अनुपमा उपाध्याय आठवें स्थान पर रहने वाली पोर्नपावी चोचुवोंग (थाईलैंड) को चुनौती देंगी। महिला युगल में सातवें स्थान पर रहने वाली ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी शामिल होगी, जो ओर्निचा जोंगसाथपोर्नपर्न और सुकिता सुवाचाई (थाईलैंड) से भिड़ेंगी। आठवें स्थान पर रहने वाली तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा का सामना मिसाकी मात्सुतोमो और चिहारू शिदा (जापान) से होगा। बहनों के बीच होने वाले मुकाबले में रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा का सामना बेनयापा और नुंताकरन एम्साई (थाईलैंड) से होगा।

कई मिश्रित युगल जोड़ी भी एक्शन में होंगी, जिसमें सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ के बीच आशिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश के खिलाफ एक अखिल भारतीय मुकाबला शामिल है। तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला राउंड ऑफ 32 में को सुंग ह्यून और इओम हये वोन (दक्षिण कोरिया) से भिड़ेंगे।

## आयरलैंड के खिलाफ शृंखला में हरमनप्रीत को आराम मंधाना को मिली कमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की बेहतरीन ओपनर स्मृति मंधाना 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए कप्तान की भूमिका में हैं। हरमनप्रीत कौर और रेणुका सिंह ठाकुर को आराम दिए जाने के बाद, मंधाना तेजल हसबनीस, प्रिया मिश्रा और राघवी बिष्ट जैसे उभरते सितारों वाली प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद भारत आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा, जिसका लक्ष्य अपनी जीत की लय को बरकरार रखना है!

आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट , मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे

### आयरलैंड महिला टीम का भारत दौरा

10 जनवरी-पहला वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

12 जनवरी-दूसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

15 जनवरी-तीसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

साल 2025 में स्मृति से उम्मीदें

**स्थिरता:** स्मृति मंधाना की सभी प्रारूपों (वनडे, टी20आई, टेस्ट) में निरंतरता बनाए रखने की क्षमता महत्वपूर्ण होगी। अगर वह ऐसा करती है, तो वह साल 2024 में अपने करियर की कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती है।

ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका दौरा

# पेट कमिंस के साथ जोश हेजलवुड भी हो सकते हैं टीम से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को 3-1 से हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंच गई है। ऐसे में वह जोश हेजलवुड की चोट से वापसी को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहती। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने भारत को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया को इस डब्ल्यूटीसी साइकल में एक टेस्ट सीरीज और खेलनी है। उसे श्रीलंका दौरे पर 2 टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। इस दौरे पर टीम कप्तान पैट कमिंस के बगैर जा सकती है। इसके अलावा भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चोटिल हुए जोश हेजलवुड भी दौरे से बाहर हो सकते हैं। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार कंगारू टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंच गई है। ऐसे में वह जोश हेजलवुड की चोट से वापसी को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहती।



### स्टार्क, बोलैंड और एबॉट दौरे पर जाएंगे

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि हेजलवुड के श्रीलंका दौरे पर जाने की संभावना नहीं है। चयनकर्ता उनकी वापसी को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहते। हेजलवुड को पूरी तरह से फिट होने के बाद भी मैच खेलने में संघर्ष करना पड़ सकता है। मिचेल स्टार्क और फॉर्म में चल रहे स्कॉट बोलैंड को बाहर करना लगभग असंभव हो गया है। न्यू साउथ वेल्स के ऑलराउंडर सीन एबॉट दौरे पर जाने वाली टीम में शामिल होंगे।

### पैट कमिंस को लेकर क्या है खबर

चयनकर्ता बुधवार को अपनी टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेंगे। दौरे के लिए 16 खिलाड़ियों को चुना जा सकता है। टीम की घोषणा गुरुवार को होने की उम्मीद है। कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया है कि वह दौरे के कुछ भाग या पूरे दौरे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उनकी पत्नी बेकी उनके दूसरे बच्चे को कब जन्म देती हैं। साथ ही यह भी देखना होगा कि भारत के खिलाफ लगातार पांच टेस्ट मैच खेलने के बाद वह थकान से कैसे उबरते हैं। कमिंस और स्टार्क को तीन साल पहले श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के केवल दो फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों के तौर चुना गया था, जो 1-1 से बराबर रहा था।

## भारत इस साल करेगा भाला फेंक प्रतियोगिता की मेजबानी

### नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा




**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंगलवार को बताया कि भारत संभवतः इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे।

यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है। इसमें 2029 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है। एएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने पुष्टि की कि भारत ने 2029 विश्व चैंपियनशिप और 2027 में होने वाली विश्व रिले प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। एएफआई पिछले साल नवंबर में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को की भारत यात्रा के दौरान पहले ही 2028 विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए अपनी रुचि व्यक्त कर चुका है। पिछले 12 साल से एएफआई के अध्यक्ष रहे सुमरिवाला ने इस खेल महासंघ की वार्षिक आम बैठक के पहले दिन कहा, 'भारत इस साल के आखिर में भाला फेंक की एक शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें दुनिया के चोटी के 10 खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा, 'नीरज चोपड़ा वहां होंगे। वह उस टीम का हिस्सा हैं जो इस प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। जेएसडब्ल्यू, एक विदेशी फर्म और एएफआई मिलकर इस प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं।

## मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन पर रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग ने उठाए सवाल

**सिडनी, एजेंसी।** मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए पूर्व दिग्गज रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग ने कहा कि अगर इस अनुभवी तेज गेंदबाज को पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के दूसरे भाग में टीम में शामिल किया जाता तो भारत का पलड़ा भारी हो सकता था।

ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी ने खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में छह विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की और पिछले एक दशक में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती। शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद अपने गृह राज्य बंगाल के लिए तीनों प्रारूपों रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली टी20 और विजय हजारे वनडे में प्रभावशाली प्रदर्शन किया जिससे उनकी भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद बढ़ गई थी। लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने घुटने की सूजन का हवाला देते हुए मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले आधिकारिक तौर उनकी वापसी की संभावना को समाप्त कर दिया था।




पोंटिंग और शास्त्री दोनों का मानना है कि भारत को शमी को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाना चाहिए था। पूर्व भारतीय मुख्य कोच शास्त्री ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं मीडिया में चल रही बातों से बहुत हैरान था कि आखिर में मोहम्मद शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ था। जब फिट होने की बात आती है तो वह कहां है? मुझे नहीं पता कि वह कितने समय से एनसीए (भारतीय क्रिकेट अकादमी) में है। वह किस स्थिति में है इसको लेकर उचित संवाद हो सकता था। अगर मुझे फैसला करना होता तो मैं उसे ऑस्ट्रेलिया लेकर आ जाता। अगर वह होता तो हम मेलबर्न और सिडनी टेस्ट का परिणाम अपने पक्ष में कर सकते थे। ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे पोंटिंग ने भी शास्त्री की बातों का समर्थन करते हुए कहा, 'मुझे वास्तव में हैरानी है कि उसे श्रृंखला के बीच में टीम में क्यों शामिल नहीं किया गया। वह अगर कम ओवर भी करता तब भी अंतर पैदा कर सकता था। जब आपने मुझसे (आईसीसी की पिछली समीक्षा में) शुरुआत में पूछा था कि श्रृंखला का परिणाम क्या होगा, तो मैंने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीतेगा क्योंकि भारतीय टीम में शमी नहीं हैं। अगर शमी, बुमराह और सिराज उनकी शुरुआती टीम में होते, तो मुझे लगता है कि परिणाम भिन्न भी हो सकता था।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के शुरू हुए बुरे दिन ! बेरोजेगारी ने बढ़ाई मुश्किल, नौकरी की कर रहा है तलाश




**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टुअर्ट लॉ ऑस्ट्रेलिया के लिए कई मौकों पर अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं. उनका फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड भी कमाल का रहा है. लेकिन वे संन्यास के बाद कोच बन गए. लॉ अफगानिस्तान, श्रीलंका और यूएसए समेत कई टीमों को कोचिंग दे चुके हैं. लेकिन वे इन दिनों बेरोजगार हैं. स्टुअर्ट लॉ को अपनी पिछली जॉब एक गंभीर आरोप के बाद छोड़नी पड़ गई थी. वे अब नौकरी की तलाश कर रहे हैं और इसको लेकर एक पोस्ट भी शेयर की है. स्टुअर्ट लॉ यूएसए क्रिकेट टीम के हेड कोच थे. वे टी20 विश्व कप 2024 में भी इस भूमिका में थे. क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक स्टुअर्ट लॉ पर गंभीर आरोप लगे थे. इसके बाद उन्हें कोचिंग से हटा दिया गया था. लॉ पर खिलाड़ियों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगा था. उनके और प्लेयर्स के बीच दूरी भी बढ़ गई थी. इसी वजह से लॉ को अपनी कोचिंग की नौकरी से हाथ धोड़ा पड़ा. अब वे नौकरी की तलाश में है।

### नौकरी के लिए शेयर की पोस्ट -

स्टुअर्ट लॉ ने लिंकडिन पर एक पोस्ट शेयर की है. इसमें उन्होंने लिखा है कि क्रिकेट कोच रोल की तलाश कर रहे हैं. लॉ ने लिखा कि अगर आपके पास इस तरह की नौकरी की जानकारी हो तो मुझे मैसेज या कमेंट करें. स्टुअर्ट लॉ एक समय पर ऑस्ट्रेलिया के अच्छे प्लेयर्स में गिने जाते थे. उनका कोचिंग रिकॉर्ड भी अच्छा रहा. लेकिन अब नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं.

### स्टुअर्ट लॉ का ऐसा रहा है करियर -

स्टुअर्ट लॉ ऑस्ट्रेलिया के लिए एक टेस्ट और 54 वनडे मैच खेल चुके हैं. उन्होंने वनडे में 1 शतक और 7 अर्धशतकों की मदद से 1237 रन बनाए हैं. इसके साथ ही 12 विकेट भी झटके हैं. स्टुअर्ट लॉ का फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड भी शानदार रहा है. उन्होंने इस फॉर्मेट के 367 मैचों में 27080 रन बनाए हैं. इस दौरान 79 शतक और 128 अर्धशतक लगाए हैं. लॉ लिस्ट में 11812 रन बनाए हैं.

## कगिसो रबाडा का अनचाहा 'अर्धशतक', केपटाउन में 17 समेत 4 महीने में 51 नोबॉल, जसप्रीत बुमराह दूसरे नंबर पर

**केपटाउन, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज कगिसो रबाडा रहे। उन्होंने 8 विकेट लिए। रबाडा ने केपटाउन टेस्ट में 6 विकेट लिए, लेकिन इस मैच को उनके अनचाहा रिकॉर्ड के लिए भी याद किया जाएगा। रबाडा ने केपटाउन में 5-6 नहीं 17 नोबॉल किए। हालांकि, वह ऐसा करने वाले साउथ अफ्रीका के पहले गेंदबाज नहीं हैं।

रबाडा इस डब्ल्यूटीसी साइकल में 50 नोबॉल करने वाले गेंदबाज बन गए। उनके अलावा किसी गेंदबाज ने 35 से ज्यादा नोबॉल किए हैं। रबाडा ने अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक 4 महीने में 51 नोबॉल कर दिए। इस दौरान किसी भी अन्य गेंदबाज ने 25 से ज्यादा नोबॉल नहीं किए हैं। उनके बाद भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं।

**कगिसो रबाडा के नाम अनचाहा रिकॉर्ड** - कगिसो रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवरा (6 दिसंबर) को अनचाहा अर्धशतक पूरा किया। इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकल में अपनी 50वीं नोबॉल फेंकी। उन्होंने कुल 54 नोबॉल किए। सूची में अगले स्थान पर अल्जारी जोसेफ हैं, जिन्होंने 35 नो-बॉल फेंकी हैं। अकेले न्यूलैंड्स टेस्ट में रबाडा ने 17 नोबॉल फेंकी, जिनमें से 13 दूसरी पारी में आईं।



**कगिसो रबाडा ने छह टेस्ट मैचों में 51 नोबॉल फेंकी** - कगिसो रबाडा ने अक्टूबर 2024 से अब तक छह टेस्ट मैचों में 51 नोबॉल फेंकी हैं। किसी अन्य गेंदबाज ने इस समय सीमा में 25 से अधिक नो बॉल नहीं फेंकी हैं। इस अवधि में सबसे ज्यादा नोबॉल करने के मामले में जसप्रीत बुमराह दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 7 मैचों में 24 नोबॉल डाले हैं। रबाडा ने दूसरी बार किसी टेस्ट मैच 17 नोबॉल फेंकी। उनके अलावा शॉन पोलाक ने भी 2 मैच में 17 नोबॉल फेंकी हैं। डेल स्टेन के नाम एक बार 16 नोबॉल फेंकने का रिकॉर्ड है। फॉलोऑन खेलने के बाद हारे हुए मैच में पाकिस्तान के नाम दूसरा सर्वोच्च स्कोर हुआ। पूरी खबर पढ़ें।

### टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा नो-बॉल देने वाले साउथ अफ्रीका के गेंदबाज

17 - कगिसो रबाडा बनाम पाकिस्तान, केपटाउन, 2025

17 - कगिसो रबाडा बनाम भारत, सेंचुरियन, 2021

17 - शॉन पोलक बनाम श्रीलंका, केपटाउन, 1998

17 - शॉन पोलक बनाम इंग्लैंड, ट्रेंटब्रिज, 1998

16 - डेल स्टेन बनाम इंग्लैंड, पोर्ट एलिजाबेथ, 2004

पाकिस्तान-साउथअफ्रीकाः

## पाकिस्तान ने तोड़ा 136 साल पुराना रिकॉर्ड, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के भी किया कमाल

**केपटाउन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को केपटाउन टेस्ट में 10 विकेट से हरा दिया. लेकिन पाकिस्तान ने हारकर भी एक कमाल कर दिया. उसने एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है. दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को फॉलोऑन दिया था. पाकिस्तान ने इसका करारा जवाब देते हुए 136 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया. पाकिस्तान दक्षिण अफ्रीका में फॉलोऑन की पारी में सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाली मेहमान टीम बन गई है. उसने केपटाउन में 478 रन बनाए थे. दरअसल दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 615 रन बनाए थे. इस दौरान रयान रिकल्टन ने दोहरा शतक लगाया. उन्होंने 259 रनों की पारी खेली. वहीं कप्तान टेम्बा बावुमा और वेरेन ने शतक लगाया. इसके जवाब में पाक टीम पहली पारी में 194 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई. दक्षिण अफ्रीका ने इस पारी के बाद उसे फॉलोऑन दे दिया ।

### पाकिस्तान ने 136 सालों में पहली बार किया ऐसा -

पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका में फॉलऑन के दौरान सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाली मेहमान टीम बन गई है. उसने 136 साल पुराना रिकॉर्ड अपने नाम किया है. इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम दर्ज था. ऑस्ट्रेलिया ने 1902 में जोहान्सबर्ग टेस्ट में फॉलऑन के दौरान 7 विकेट गंवाने के बाद 372 रन बनाए थे. लेकिन अब यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम दर्ज हो गया है ।

## पिता लगाते हैं अंडों की रेहड़ी, बेटी अंडर-23 की कप्तान, दो मैच भी जिताए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फाजिल्का की 22 वर्षीय प्रियंका रेवाड़िया ने यह साबित कर दिया है कि हालात नहीं बल्कि इंसान का कुछ कर दिखाने का जज्बा बड़ा होता है। प्रियंका ने घर के आर्थिक हालातों और अपने क्रिकेट करियर के आगे झुकने नहीं दिया और अब वह बीसीसीआई द्वारा करवाए जा रहे वुमंस अंडर-23 इंटर स्टेट टी-20 क्रिकेट मुकाबले में पंजाब टीम की समान संभाल रही हैं।

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल होना लक्ष्य** - प्रियंका के पिता अंडों की रेहड़ी लगाकर परिवार की गुजर-बसर करते हैं। बीसीसीआई द्वारा राजकोट (गुजरात) में करवाए जा रहे टूर्नामेंट के पहले दोनों मैच में प्रियंका ने पंजाब को शानदार जीत दिलाई है। 5 जनवरी को मणिपुर के खिलाफ खेले गए मैच में 9 विकेट से मैच जीता। 6 जनवरी को आंध्र





प्रदेश की टीम को हराया। पिता टेकचंद ने एक समाचार पत्र को बताया कि शहर में डीसी ऑफिस के पास खाली जगह पर बच्चे क्रिकेट खेलते थे। प्रियंका कपड़े धोने वाली थापी और प्लास्टिक की गेंद लेकर बच्चों के साथ खेलने पहुंच जाती थी। उनका सपना है कि बेटी एक दिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा बने।

### बचपन से ही क्रिकेटर बनने का जुनून

टेक चंद उर्फ बबली रेवाड़िया ने बताया कि बेटी प्रियंका उर्फ पिंकू को बचपन से ही क्रिकेट का जुनून था। इस जुनून को फाजिल्का डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने पहचाना और उसे क्रिकेट की बारीकियां सिखलाई। एफडीसीए के कोच अर्पित सक्सेना ने उसे क्रिकेट के गुर सिखाए। एफडीसीए के पास क्रिकेट ग्राउंड ना होने की वजह से प्रियंका ने मोगा क्रिकेट एसोसिएशन और बाद में बरनाला में शिक्षा के दौरान बरनाला क्रिकेट एसोसिएशन के साथ खेलते हुए खुद को साबित किया। अपनी कामयाबी का श्रेय प्रियंका ने महिला क्रिकेट को प्रफुल्लित करने का विजन रखने वाले पंजाब क्रिकेट एसेसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री राजेंद्र कुमार द्वारा दिए प्रोत्साहन को दिया है।

# नये साल में कमाई के मामले में एलन मस्क से भी आगे निकल गये कई रईस

**फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग पहले नंबर पर**

**वाशिंगटन ।**

दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में पिछले साल 203 अरब डॉलर की तेजी आई थी। अब 437 अरब डॉलर की नेटवर्थ से साथ अब भी नंबर बने हुए हैं। लेकिन नए साल में कमाई के मामले में कई रईस उनसे आगे निकल गए हैं। मस्क की नेटवर्थ में इस साल अब तक 5.05 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस साल अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग पहले नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक जकरबर्ग की नेटवर्थ में 8.86 अरब डॉलर की तेजी आई।

इस साल उनकी नेटवर्थ 15.4 अरब डॉलर बढ़ी है। वह 223 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। एनवीडिया के फाउंडर जेंसन हुआंग की नेटवर्थ इस साल 12.7 अरब डॉलर बढ़ी है जबकि चेंगपेंग झाओ की नेटवर्थ में 11.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में इस साल 7.63 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह 246 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं।

लैरी पेज की नेटवर्थ में इस साल 5.98 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन की नेटवर्थ में 5.58 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसी तरह माइकल डेल की नेटवर्थ 4.54 अरब डॉलर बढ़ी है। भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के कारण मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में गिरावट आई। अंबानी की नेटवर्थ में 2.59 अरब डॉलर और अडानी की नेटवर्थ में 3.53 अरब डॉलर की गिरावट आई। अडानी इस साल 4.21 अरब डॉलर गंवा चुके हैं जबकि अंबानी ने 11.9 करोड़ डॉलर गंवाए।

# महंगाई की वजह से कंपनियों ने किया पैकेट का आकार छोटा

**- अब 10 रुपए का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा, लेकिन कीमत वही**

**नई दिल्ली ।**

महंगाई को देखते हुए एफएमसीजी कंपनियों ने प्रोडक्ट के पैकेट का साइज कम कर दिया है। अब 10 रुपये का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा हो गया है, लेकिन कीमत वही रखी गई है। इस बदलाव के पीछे महंगाई और उपभोक्ता की बजट से बाहरी कीमतों का असर है। उच्च महंगाई ने स्नैक्स, साबुन और चाय जैसी चीजों की कीमतें बढ़ा दी है, जिसके कारण कंपनियां बजट से बाहर होने के दर से उपभोक्ता के लिए सस्ते पैकेट उपलब्ध करा रही हैं। विश्लेषकों ने कहा कि चालू तिमाही में कुछ कंपनियां कीमतों में और बढ़ोतरी कर सकती हैं। मैरिको के एक अे धिकारी ने हाल ही में कहा था कि वह प्रोडक्ट्स की कीमत में वृद्धि करने की प्रक्रिया में हैं। कमजोर शहरी मांग के कारण एफएमसीजी कंपनियों की वृद्धि धीमी रही है। वहीं अच्छे मानसून के कारण ग्रामीण बाजार बढ़ रहे हैं। हालांकि, सुधार धीरे-धीरे हो रहा है और अकेले शहरी मंदी की भरपाई नहीं कर सकता। उच्च कमोडिटी मुद्रास्फीति का मतलब है कि कंपनियों के पास खपत बढ़ाने के लिए कीमतें कम करने की कोई गुंजाइश नहीं है। एक



विश्लेषक ने कहा कि अगर उपभोक्ता 1 किलो चाय और मल्टी-पैक साबुन खरीदने की जगह 500 ग्राम चाय पैक और एक या दो साबुन खरीदने लगते हैं तो यह निश्चित रूप से कंपनियों की तिमाही वॉल्यूम वृद्धि को प्रभावित करेगा।

## ताबड़तोड़ सोना खरीद भारतीय रिजर्व बैंक ने बढ़ाया अपना भंडार

**आरबीआई ने पिछले साल 2024 में 73 टन सोना खरीदा**



**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की खरीद ताबड़तोड़ बरकरार रखी है। आरबीआई ने पिछले साल 2024 में 73 टन सोना खरीदा है, जो चीन के खरीद से भी अधिक है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर, 2024 में अपने भंडार में कुल 53 टन सोना जोड़ा, जिसमें से आरबीआई का 8 टन सोना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार संभावित अनिश्चितताओं के माहौल में केंद्रीय बैंकों ने इस सुरक्षित संपत्ति का महत्व समझकर सोने के खरीदार बने रहे हैं। नवंबर में केंद्रीय बैंकों ने 53 टन सोना बढ़ाया। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने अपने भंडार में और 8 टन सोना जोड़कर इस वर्ष की खरीद की मात्रा 73 टन हो गई है। आरबीआई के साथ पोलैंड के केंद्रीय बैंक एनबीपी भी दूसरे स्थान पर है, जो नवंबर में 21 टन सोना खरीदकर अपने भंडार में जोड़ता गया है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं पर ध्यान देने के साथ उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों का उत्कृष्ट सोने की खरीद सतत कर रहा है, जो आर्थिक संसाधनों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद कर सकता है। यह एक बड़ी चेतावनी है कि अर्थव्यवस्था में किसी भी आपात स्थिति में, सिर्फ सोना ही है जो संभाल सकता है।

## 200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही सैमसंग




**मुम्बई ।**

जल्द ही आपको सैमसंग की गैलेक्सी डिवाइसेज में 500 मेगापिक्सल का कैमरा सेंसर देखने को मिल सकता है। कंपनी अभी 200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही है। इसके साथ ही सैमसंग आईफोन 18 सीरीज के लिए भी थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर डिवेलप कर रहा है।

यह जानकारी टिपस्टर ने एक एक्स पोस्ट में दी। माना जा रहा है कि कंपनी 500 मेगापिक्सल का कैमरा गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में ऑफर कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो सैमसंग स्मार्टफोन फोटोग्राफी में बाकी कंपनियों से काफी आगे निकल सकता है। अफवाह है कि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में कंपनी जबर्दस्त इमेजि प्रोसेसिंग ऑफर करने वाली है, जो हाई-रेजॉलूशन सेंसर के आउटपुट को और बेहतर बनाएगा। कंपनी अपने डिवाइसेज के अलावा ऐपल के लिए थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस सेंसर का पीडी-टीआर- लॉजिक कॉन्फिगरेशन मोजूदा आईफोन्स में ऑपर किए जा रहे सोनी के एक्समोर आरएस इमेज सेंसर की परफॉर्मेंस से काफी बेहतर होगा। आईफोन 18 सीरीज के डिवाइस पहले ऐपल स्मार्टफोन हो सकते हैं, जिनमें सैमसंग का सेंसर ऑफर किया जा सकता है।

इसमें 1/2.6 इंच की साइज वाला 48 मेगापिक्सल का सेंसर भी शामिल हो सकता है। अफवाहों के अनुसार आईफोन 18 सीरीज में कंपनी मेन कैमरा के लिए वैरिएबल अपर्चर टेक्नोलॉजी ऑफर कर सकती है। इसकी मदद से यूजर अलग-अलग लाइटिंग कंडीशन में अपर्चर को बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अडस्ट कर सकेंगे। बताते चलें कि ऐपल अपनी आईफोन 18 सीरीज में नेक्स्ट जेनरेशन ए20 चिपसेट ऑफर कर सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खाताधारकों को मिली बड़ी राहत

**- गलत तरीके से पैसा कटा तो बैंक होगा जिम्मेदार**

**नई दिल्ली ।**

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें उन्होंने खाताधारकों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी ग्राहक के खाते से अनधिकृत और धोखाधड़ी वाला ऑनलाइन लेनदेन होता है, तो उसे तीन दिनों के भीतर रिजर्व बैंक को शिकायत दर्ज करानी होगी। इस मामले में बैंक को ग्राहक को नुकसान की राशि की भरपाई करनी होगी। इस फैसले से ग्राहकों को सुरक्षा और विश्वास भी` मिलेगा। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि बैंकों को धोखाधड़ी वाले लेन-देन का पता लगाने और रोकने के लिए तकनीकों का सही उपयोग करना चाहिए। यह फैसला न केवल ग्राहकों को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि बैंकों को भी उनकी सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए मजबूर करेगा। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे सतर्क रहें और किसी के साथ ओटीपी साझा न करें। इस फैसले के तहत भारतीय स्टेट बैंक को एक ग्राहक को 94,204 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। यह मामला 18 अक्टूबर 2021 को हुए एक अनधिकृत लेन-देन के मामले से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है और एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया गया है। यह फैसला ग्राहकों को समय पर शिकायत दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और बैंकों को उनकी सुरक्षा प्रणालियों को मेहराबान करेगा। ग्राहकों को अब यह आशा है कि उनकी शिकायतों की ठीक कार्रवाई की जाएगी और उनके नुकसान की पूर्ति होगी।

## भूगर्भ में छिपा हुआ है हाइड्रोजन का विशाल भंडार

**दुनिया को लगभग 200 साल तक कर सकता है बिजली सप्लाई**

**वॉशिंगटन ।**

आधुनिक वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के भूगर्भ में छिपा हुआ हाइड्रोजन अद्वितीय संसाधन हो सकता है जो पूरी दुनिया को लगभग 200 साल तक बिजली सप्लाई कर सकता है। यह खोज एक नया मार्ग प्रदर्शित कर सकती है। हालांकि, हाइड्रोजन हाइड्रोजन के बारे में कुछ बुनियादी सवाल उठाए जा रहे हैं। भंडारण की अवधि, उत्पादन प्रक्रिया और उपयोग के प्रकार पर विचार किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्राकृतिक संसाधन में ऐसी दुर्लभता मौजूद है जो सभी पूर्वानुमानों को छुड़ा सकती है। यह जनस्वास्थ्य, वायुप्रदूषण और ऊर्जा संयंत्रों के साथ सांचा हिट कर सकता है। जबकि शोधकर्ता इस संसाधन को पहचान चुके हैं, उन्हें इसे उत्पादित करने के लिए केसे निकालेंगे और कैसे वैश्विक स्तर पर इसे लागू करेंगे, यह भी सोचने लायक सवाल है। आखिरकार, जब हम अपने पर्यावरण के लिए उर्जा की जरुरत से सजग हो रहे हैं, हाइड्रोजन का संसाधन समय की आवश्यकताओं का अनुपालन करने में मदद कर सकता है।



## तुअर की दाल के दामों में भारी गिरावट

**इंदौर ।** भारत के बाजारों में तुअर के दामों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। अभी तक 500 रूपये प्रति क्विंटल की गिरावट आ चुकी है। उत्पादक मंडियों मे तुअर की आवक बढ़ रही है। दाल मिलों और स्टॉकिस्टों की ठंडी मांग के चलते बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। बाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयातकों की बिकवाली होने से बाजारों में तुअर दाल के दामों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इंदौर की मंडी में तुवर के भाव 6900 प्रति क्विंटल रह गए हैं।व्यापारियों के अनुसार मुंबई पोर्ट पर लेमन तुअर 6900 सफेद तुअर 6500 तथा उड़द का 7800 रुपए प्रति क्विंटल पर पर कारोबार हो रहा है।

## इंडो फार्म का शेयर 20 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध


**- बीएसई पर शेयर ने 258.40 रुपये पर शुरुआत की**

**नई दिल्ली ।** इंडो फार्म इक्विपमेंट का शेयर अपने निर्गम मूल्य 215 रुपये से 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 258.40 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 20.18 प्रतिशत का बढ़त दिखाता है। इसके बाद यह 33.44 प्रतिशत चढ़कर 286.90 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 256 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,355.30 करोड़ रुपये रहा। इंडो फार्म इक्विपमेंट के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले दिनों बोली के अंतिम दिन तक 227.57 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 260 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 204-215 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। इंडो फार्म इक्विपमेंट ट्रैक्टर, पिक एंड कैरी क्रेन और अन्य कृषि उपकरण बनाती है।

## स्मार्टफोन कलपुर्जों पर शुल्क कटौती से प्रभावित होगा इलेक्ट्रॉनिक परिवेश: जीटीआरआई

**- व्यवसायिक उत्पादन को हो सकता है नुकसान**

**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2025-26 के सरकारी बजट में स्मार्टफोन के कलपुर्जों पर सीमा शुल्क में कटौती की पूर्वानुमानित सूचनाएं भारतीय व्यावसायिक सेक्टर को लेकर चिंताजनक संकेत दे रही हैं। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने इस विषय पर अपनी रिपोर्ट में दावा किया है। जीटीआरआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि स्मार्टफोन उद्योग ने वर्ष 2023-24 तक भारत के लिए बड़े निर्यात का दरवाजा खोला है। इसका निर्यात 15.6 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि, सीमा शुल्क में कटौती की संभावना पर चिंता जताते हुए उन्होंने बताया कि ऐसी कटौती से व्यवसायिक उत्पादन को नुकसान पहुंच सकता है। यह उत्पादन में कमी लाने, निवेश की कमी करने और नौकरियों के लिए चिंता का कारण बन सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस स्थिति से बचने के लिए शुल्क में कटौती की बजाय कंपनियों को अपने भंडारण और आयात की क्षमता में सुधार करने की आवश्यकता है। जीटीआरआई के अनुसार, इस निर्णय से भारत के व्यावसायिक सेक्टर पर असर पड़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार को सख्ती से कुछ सरल और कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है।



# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**उर्जा शेयरों में रही तेजी**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन एशियाई सहित दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से घरेलू शेयर ऊपर आया है। वहीं गत दिवस बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था। आज उर्जा शेयरों में तेजी से बाजार में उछाल आया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी जैसे शेयरों में बढ़त से बाजार को बल मिला।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 234.12 अंक करीब 0.30 फीसदी की बढ़त लेकर 78,199.11 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 91.85 अंक तकरीबन 0.39 फीसदी की बढ़त लेकर 23,707.90 के स्तर पर बंद हुआ। आज स्मॉल-कैप शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। निफ्टी 1.35 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। वहीं निफ्टी मिडकैप 0.89 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

आज सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा मोटर्स का शेयर सबसे ज्यादा ऊपर आया। टाइटन , अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।

दूसरी ओर जोमैटो का शेयर सबसे ज्यादा नीचे आया। टीसीएस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही।

आज अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में इंट्रादे ट्रेड में उछाल आया। बाजार जानकारों के अनुसार उर्जा शेयरों से बाजार उछला। इसके अलावा रिलायंस




इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों में तेजी ने भी बाजार को सहारा मिला।

अन्य बाजारों की बात करें तो वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में उछाल से एशिया-प्रशांत बाजारों में तेजी रही। एसएंडपी 500 और नैस्डैक लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेमीकंडक्टर कंपनी एनवीडिया के शेयरों में बड़ा उछाल आया।

ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) के शेयर सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए थे। इसका असर एशियाई बाजारों पर भी दिखा।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 359.41 अंक चढ़कर 78,324.40 के लेवल पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टीभी 134.40 अंकों की बढ़त के साथ 23,750.45 के स्तर पर खुला।

## भारतीय प्रौद्योगिकी की गाथा बेहद रोमांचक, सीईएस में जारी रहेगी: शीर्ष अधिकारी

**- प्रौद्योगिकी कार्यक्रम 10 जनवरी तक चलेगा**

**लास वेगास ।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी गाथा बेहद रोमांचक है और उम्मीद की जा रही है कि यह सीईएस में जारी रहेगी। सीईएस, दुनिया का सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, 10 जनवरी तक चलेगा। यहां वैश्विक कंपनियां नवोन्मेषी स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोग, मीडिया तथा सरकारी अधिकारी भाग लेंगे। 1,400 स्टार्टअप सहित 4,500 से अधिक प्रदर्शक इसमें शामिल होंगे। केली ने कहा कि भारत तेजी से एक वैश्विक खिलाड़ी बन रहा है और इसका महत्व वैश्विक प्रौद्योगिकी परिवेश में बढ़ रहा है। उन्होंने इस संस्थान से भारतीय कंपनियों के साथ विकास के लिए साझेदारी की बात कही। सीईएस में पहली बार भारतीय मंडप समेत कई छोटे उद्यम शामिल होंगे, जिसे उन्होंने रोमांचक बताया। बड़ी तथा छोटी कंपनियां अपनी प्रौद्योगिकी, उत्पाद और समाधान को प्रदर्शित करेंगी। संगठन अनुसार 300 से अधिक सम्मेलन सत्रों में 1,100 वक्ता भाग लेंगे। इस वर्ष भारत के स्टार्टअप और उद्यमिता के प्रौद्योगिकी उत्पादों का प्रदर्शन करेंगें। सीईएस एक अवसर है जहां विश्व में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा।

# चीनी होगी महंगी, 11 रुपये तक बढ़ सकते हैं दाम

**- किसानों को होगा फायदा पर आम आदमी की कटेगी जेब**

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने किसानों और चीनी संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए एमएसपी में बढ़ोतरी करने पर विचार करने का ऐलान किया है। इन मांगों की वजह से जल्द ही मीठा खाना महंगा हो सकता है। चीनी का एमएसपी वर्ष 2019 के बाद से बना हुआ है और अभी 31 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जो कि खुदरा बाजार में भी इसके दामों में बढ़ोतरी का कारण बन रहा है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने इस मुद्दे पर कहा कि सरकार जल्द ही फैसला लेगी कि एमएसपी में क्या बढ़ोतरी की जाए। भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माता संघ और राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ ने भी एमएसपी को बढ़ाने की मांग की है। एमएसपी का बढ़ना चीनी उत्पादन की लागत को दर्शाएगा और चीनी मिलों को आर्थिक मदद पहुंचाएगा। अगर एमएसपी बढ़ेगा तो इससे खुदरा बाजार में भी चीनी की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। चीनी की महंगाई से मिठाइयों सहित खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ सकते हैं। अगर चीनी का एमएसपी बढ़ाया जाता है तो इससे मिलों को आर्थिक मदद मिलेगी और किसानों का गन्ना बकाया भुगतान भी जल्दी होगा। फंड की कमी की वजह से अक्सर चीनी मिलों के पास गन्ना



किसानों का हजारों करोड़ रुपये बकाया रह जाता है।

चीनी का एमएसपी बढ़ाने जाने का मतलब होगा कि इसे तय कीमत से कम दाम पर खरीदा नहीं जा सकेगा। जब चीनी का एमएसपी ही करीब 11 रुपये बढ़ जाएगा तो निश्चित रूप से खुदरा बाजार में भी चीनी की कीमत बढ़ेगी और इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर होगा। चीनी महंगी होने से मिठाइयों सहित खाने-पीने की ज्यादातर चीजों के दाम बढ़ सकते हैं।

## वीहांत टेक्नोलॉजीज ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र से जुटाए 90 लाख डॉलर

**अधिक अत्याधुनिक उत्पादों को विकसित करने में मिलेगी मदद**

**नई दिल्ली ।**

कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सुरक्षा तथा निगरानी समाधान प्रदाता वीहांत टेक्नोलॉजीज ने टू नॉर्थ के 'प्राइवेट क्रेडिट फंड' से गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के जरिये वित्तपोषण के एक दौर में 90 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 77 करोड़ रुपये जुटाये हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि वीहांत ने अपनी वर्तमान पेशकशों को बढ़ाने तथा विमानन सुरक्षा, स्मार्ट शहरों और उद्यम विश्लेषण के लिए नवीन समाधान विकसित करने के लिए अनुसंधान व विकास गतिविधियों को बढ़ाने हेतु 75 प्रतिशत धनराशि खर्च करने की योजना बनाई है। वीहांत के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि टू नॉर्थ से जुटाई गई यह धनराशि हमें विमानन सुरक्षा, स्मार्ट और सुरक्षित शहरों और उद्यम विश्लेषण समाधानों के क्षेत्रों में और अधिक अत्याधुनिक उत्पादों को विकसित करने और उन्हें पेश करने में मदद करेगी। यह हमें पश्चिम एशिया तथा यूरोप में भौगोलिक विस्तार में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) के जरिये जुटाई गई राशि 2026 तक 12 से 18 महीनों के भीतर आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने और कंपनी को सूचीबद्ध कराने की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होगी।

## कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व 39 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़ा। मजबूत त्यौहारी और शादी-ब्याह की मांग से इसे बल मिला। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत राजस्व 5,223.07 करोड़ रुपये रहा था। कल्याण ज्वैलर्स के भारतीय परिचालन में राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 41 प्रतिशत तथा पश्चिम एशिया में 22 प्रतिशत रही। कंपनी ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत तथा विदेशों में कल्याण व डिजिटल मंच 'कैंडेरे फॉर्मेट' में 170 नए शोरूम शुरू करने की योजना बनाई है। 31 दिसंबर 2024 तक कंपनी के अपने सभी ब्रांड के 349 शोरूम थे।



# एयरो सो- एयरो इंडिया 2025 के 15वां संस्करन 10 फरवरी से बेंगलुरु में होई



**नई दिल्ली।** एशिया कर सउबसे बड़ एयरो सो- एयरो इंडिया 2025 के 15वां संस्करन कर अयोजन 10 से 14 फरवरी, 2025 तक कर्नाटक कर बेंगलुरु में एयर फोर्स इस्टेसन, येलहंका में करल जाई। 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज' कर बेयापक बिसय कर संगे ई कार्जकरम बिदेसी आउर भारतीय फर्मों कर बीच साझेदारी बनाएक आउर स्वदेसीकरन प्रक्रिया में तेजी लानेक ले वैश्विक मूल्य श्रृंखला में नवा डहर खोजेक ले एगो मंच प्रदान करी।

कार्जकरम कर पहिल तीन दिन (10, 11 आउर 12 फरवरी) व्यावसायिक दिन होवी। 13 आउर 14 फरवरी के सार्वजनिक दिन कर रूप में निर्धारित करल जाय हे, ताकि आमजन इकर साछी बइन सकयं। ई कार्जकरम में एयरोस्पेस छेतर से सैन्य प्लेटफार्ममन कर एगो बड़ श्रृंखला कर हवाई आउर स्थिर परदरसन दुईयों सामिल हेके।

ई कार्जकरम में एगो पूर्वावलोकन कार्जकरम, उद्घाटन समारोह, रक्षा मंतरीमन कर सम्मेलन, मुख्य कार्यकारी अधिकारीमन कर गोलमेज बैठकी, मंथन स्टार्ट-अप कार्जकरम, सानदार एयर सो, भारतीय मंडप संगे एगो बिसाल परदरसनी छेतर आउर एयरोस्पेस कंपनीमन कर एगो व्यापार मेला सामिल हेके।

मित्र देसमन कर संगे रननीतिक साझेदारी कर दिसा में बातचीत के सुबिधाजनक बनायेक ले भारत, 'ब्रिज- अंतर्राष्ट्रीय रक्षा और वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से सुगम बनाना' विषय पर रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेज़बानी करेगा। यह गतिशील भू-राजनीतिक स्थितियों और आपसी समृद्धि के मार्ग को समाहित करता है, जिसे सुरक्षा और विकास के साझा दृष्टिकोण वाले देशों के बीच सहयोग के माध्यम से जोड़ा जा सकता है।

ई कार्जकरम कर दौरान रक्षा मंत्री, रक्षा राज्य मंत्री, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ आउर सचिव अस्तर में कतई द्विपछीय बैठकी आयोजित करल जाई। ई दौरान मित्र देसमन कर संगे रकछा आउर एयरोस्पेस संबंध के मजबूत करेक उपरे ध्यान केंद्रित करल जाई, ताकि साझेदारी के अगला अस्तर तक लेइ जायेक ले नवा रास्ता तलासेक जाए सके। मुध कार्यकारी अधिकारी गोलमेज सम्मेलन से बिदेसी मूल उपकरन निर्मातामन (ओईएम) के भारत में विनिर्मातामन अनुकूल मंच मिलने की आशा है। इस कार्यक्रम में वैश्विक सीईओ, घरेलू सार्वजनिक उपक्रममन कर सीएमडी आउर भारत कर प्रमुख निजी रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्मान कंपनी कर अध्यछ आउर प्रबंध निदेसक भाग लेंबयं।

इंडिया पैवेलियन स्वदेशी रक्षा विनिर्मान छमतामन आउर वैश्विक मंच ले तैयार अत्याधुनिक तकनीक, जेकर में भविस कर संभावना भी सामिल हयं, कर परदरसरन कइरके मेक-इन-इंडिया पहल ले भारत कर प्रतिबद्धता के परदरसित करी। एयरो इंडिया 2025 में भारतीय स्टार्ट-अप के बढ़ावा देवेक एगो फोकस छेतर हय आउर उनकर द्वारा बिकसित अत्याधुनिक तकनीकों/उत्पादों कर एगो विस्तृत श्रृंखला के एगो बिसेस आईडीईएक्सि पैवेलियन में परदरसित करल जाई।

इकर अलावा गतिसील एरोबैटिक परदरसन आउर लाइब प्रौद्योगिकीमन परदरसन आधुनिक एयरोस्पेस प्लेटफोरम आउर प्रौद्योगिकीमन कर छमता के परदरसीत करते एगो समृद्ध अनुभव परदान करब। काजकरम कर हिस्सा कर रूप में विभिन्न महत्वपूर्ण विसय कर कई सेमिनारमन कर हूं योजना बनाल जाय हे।

एयरो इंडिया 1996 से एखन तक बेंगलुरु में आयोजित 14 सफल संस्करनमन कर साथ एगो परमुख एयरोस्पेस परदरसन कर रूप में विश्व स्तर में अआपन ठांव बनाय लेय हे। पिछले संस्करण में उल्लेखनीय उपलब्धिमन हासिल कइर हे कालेकी ई सात लाख से भी बगरा आगंतुमन , 98 देश कर गणमान्य मनुखमन आउर बेयसायमन, निवेसमन ,स्टार्ट-अप आउर एमएसएमई सहित 809 परदरसकमन के आकरसित कइर हे।

ई संस्करन 201 एमओयू, परमुख घोसना, उत्पाद लॉन्च आउर 75,000 करोड़ रुपया से भी बगरा मूल्य के प्रौद्योगिकी के पार करेक आउर दायरे , भव्यता में आउर भी व्यापक होवेक कर वादा करिला।



फाइल फोटो


## एआईसीईएफ विभिन्न मांगों के लेइके निकलालय जुलूस




**भागलपुर।** एआईसीईएफ संगठन विभिन्न मांग के लेइके जुलूस निकलालय। जुलूस में शामिल दर्जनों मजदूर कर टोली कर संगे संगठन कर नेता भागलपुर कर श्रम आयुक्त कार्यालय पहुंचलय। हिया ऊ अपन विभिन्न समस्या के लेके अधिकारी मन के ज्ञापन सौपलई। ई मौका पहे एक्टू कर राज्य सह जिला सचिव मुकेश मुक्त बतालय कि पाछे बारिश 2024 के जुलाई में सरकार कर बट से एगो लेटर निकलालगेलक रहे आउर उकर पहे ऑनलाइन ले समय सीमा के सीमित कईर देवल जाय हय। जेकर में मजदूर मनके परेसानी कर सामना करेक होवत हे। संगठन कर मानना हय कि ई मजदूर मन ले सोचल समझन साजिश हय।

ऊ मन माँग करलय कि ट्रेड यूनियन व मजदूर मनक अधिकार ऊपरे हमला बन्द करल जय। लेबर कोड कानून जाय हो, निर्माण मजदूरों कर निबंधन, नवीकरण व सामाजिक सुरक्षा वितरण पहे भ्रष्टाबार होवत हे। इसन नी होवाक चाही। ऑनलाइन कर नाव पहे मजदूरों कर निबंधन खत्म करेक कर साजिश होवत हे। लेवर ऑफिस में ऑनलाइन आवेदन कर प्रबंध करल जाय।

## नवा कोरोना वायरस एचएमपीवी कर समीछा, सउब सलाह जारी




**नई दिल्ली ।** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुश्री पुण्य सलिला श्रीवास्तव वर्चुअल माध्यम से राइज आउर केंद्र सासित प्रदेसमन कर संगे काइल एगो बैठकी करलयं। देस में सांस से संबंधी बेमारी कर बर्तमान इस्थिति कर समीछा करलयं। चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) कर मामला में वृद्धि कर मीडिया रिपोर्टमन कर बाद देस में ऐसन मामल कर इस्थिति आउर सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय कर समीछा ले ई बैठकी बोलाल जाय रहे।

बैठकी में ई बात दोहराल गेलक कि आईडीएसपी कर आंकड़ा केर मोताबिक देस में कहीं भी आईएलआई/ एसएआरआई मामला में केउ असामान्य वृद्धि नी देखल जाय हे। आईसीएमआर कर सेंटिनल सर्विलांस डेटा से भी इकर पुष्टि होवेला।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ई बात उपरे जोर देलयं कि 2001 से वैश्विक स्तर में मौजूद एचएमपीवी के लेइ के सउब अदमी के चिंता करेक कर केउ जरूरत नखे । ऊ राइजमन के आईएलआई/एसएआरआई निगरानी के मजबूत करेक आउर समीछा करेक कर सलाह देलयं। ऊ दोहरालयं कि आमतौर में सर्दि कर महीना में सांस संबंधी बीमारी में वृद्धि देखल जायेला। ऊ ई भी कहलयं कि देस सांस संबंधी बीमारी कर मामला में केऊ भी संभावित वृद्धि ले एकदम से तैयार हेके। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) कतई श्वसन वायरस में से एक हेके, जे खासकइर के सरदी में आउर बसंत कथ सुरुआती महीना कर दौरान सउब उम्र कर अदमीमन में संक्रमन कर कारन बइन सकेला। वायरस कर संक्रमन आमतौर में हल्का होवेला आउर बेसी मामला अपन आप ठीक होय जायेला । बैठकी में ई भी जानकारी देल गेलक कि आईसीएमआर-वीआरडीएल प्रयोगसालामन में पर्याप्त नैदानिक सुबिधा उपलब्ध हेके।

राइजमन के वायरस केर संक्रमन कर रोकथाम केर संबंध में अदमीमन में आईईसी आउर जागरूकता बढ़ाएक कर सलाह देल गेलक। अदमीमन के साबुन आउर पानी से बार-बार हाथ धोवेक, गंदा हाथ से आपन आंइख, नाक ईया मुंह के छूवेक से बचेक, रोग कर लछन वालला अदमीमन कर संगे निकट संपर्क से बचेक आउर खांसेक आउर छींकेक बेरा मुंह आउर नाक के ढकेक जैसन उपाय अपनाएक कर सलाह देल गेलक।

बैठकी में डॉ. राजीव बहल, सचिव (डीएचआर), डॉ. (प्रो) अतुल गोयल, डीजीएचएस, राइज कर स्वास्थ्य सचिव आउर अधिकारी आउर एनसीडीसी, आईडीएसपी, आईसीएमआर, एनआईवी आउर आईडीएसपी कर राज्य निगरानी इकाई कर बिसेसज्ञमन भाग लेलयं।

## नागपुरी कविता

### इ जिनगी में हाम



संतोष महली

इ जिनगी में हाम
लुटाते जातही,
गाय नियर खुइट
छाइंद दुहाते जातही,
बने खोजली पुजारी
रोशनी कर,आब दीया
होइके बुझते जातही।
इ जिनगी में हाम....

दरद में भी हांसेक
कर,ढंग धरतही,
छोछराय के झेझरा
किसमती लकिर
के खुरियाय खोजथी।
इ जिनगी में हाम....

तेज भागथे समइ
रूकबे नी करी
लागेला झुठो पिछा करतही,
बुढ़ापा में करबैं छउआ पुताह
कइह,जावानी में मोरथी,
का लागेला बेस करतथी?
इ जिनगी में हाम....

एगो कहल नी सुनैं
उपरे से मुंह लागायं
चुपचाप गुंगा बइन सुनथी,
मोरघटिया तक जायले
सामाज में बरियार डोइर बिनथी।

केउ तो आबैं कांध देवे
देखावा अपन कर देखथी,
थुइर थाइर के डुड़काबैं पाराया
मोबाइले फोटो खिच राखतही।

इ जिनगी में हाम
लुटाते जातही,
गाय नियर खुइट
छाइंद दुहाते जातही,
बने खोजली पुजारी
रोशनी कर,आब दीया
होइके बुझते जातही।



## गाँवक आजा शहर कर नाती

संतोष महली



पांव में शामा नाम कर किसान रहत रहे। उकर परिवार में बेटा पुतव आवर नाली (वायु) रहे। राया आपन जनाना कर गुजरल कर बाद कोनो तरी जिनगी बितात रहे। उ आपन चाही से बड़ा पेयार करत रहे आउर नाती भी आजा से बड़ा पेयार करत रहे।

बे से पढ़ाई करेक ले शहर में रहत रहे, जब भी राजू आपन घर आवत रहे कार बचाना पुर के आय जात रहे। रामा जखनो गरू चराय जातलक तो नाती राजू केहो साथ लेते जातलक गोरखो दने बहुत समझात रहे नाती शहर में तोंय रहिसला बेटा बहुत बढ़िया से पढ़्छे। हाम तो नय पढ़ेक पारली आउर नय तोर बाबा हर के पढ़ाएक परली। मोहों शहर जायक नी पारलों गांवे में खेती-बारी कइर के गांव में बावार लागेला ताहां बेइच-खोइच के आपन गुजर-बसर करत ही, तोर आयो हो छगरी सत्तके चलते रसून, पैयाज रोपते दुनिया के छोइड् चइल गेलक मोरो सांस कर कोनो ठिकाना नही जय दिन ही जये दिन। राजू कहलक आजा तोंय अइसन काले बात करिसता मौके बढ़िया नी लागेला, देखबे एक दिन मौय पइद-लिख के बड़का अदमी बन आदर तोके शहर घुमेक ले लेइ के जाबू। रामा कहलक हां नाती मोर आसिरबाद सदा तीर संग है जारूर कामयाब होबे। मोर तो बचपन अइसने हे निकइल गेलक पर बीते जी एकी बहर शहर घुइम लेती तो मन कर एगो टिसटिसी मेंइट जातलक। मोर जोड़ी पादरी मन जब भी शहर से आवयंना बाड़ा तारीफ करयंना, अच्छा गरू चराते सांझ होलक अब घर चल राजू.हां आजा चल।

छुइ चाइर दिन बाद राजू के फिन इसकुल जाएक आउर रामा कर फिन से आंइख डबडुबाय जाय रहे मुदा राजू के तो शहर जाए तो पढ़ेक जे रहे आउर आपन आजा के शहर घुमायक रहे। जइसे जइसे बेरा बितने रहे राजूओ अब बड़का होते जात रहे आउर हुने उकर आजा रामा कर भी उमर थाकत जात रहे। राजू कर मन में हर बार एहे आवत रहे कि कइसनो हो हाल में आजा के शहर घुमाना हय। सात-आठ साल बाद राजू कर पढ़ाइ खतम होय गेलक आउर राजू के एगो बढ़िया नोकरी मिल गेलक। इ बात राजू जाय के आपन घर में बतालक, राजू कर बात सुइन रामा मने मन अगम खुश होलक कि आब नाती मोके शहर घुमेक ले जरूर लेगी। कुछ दिन बाद राजू के महीना, कचिया मिलेला राजू जलदी से घर आवेला आउर आपन आजा के कहेला आजा चल शहर। राजू आपन कमाल कचिया से आजा के कुरता, धोती, गमछा किन देवेला पाछे दूसर दिन दुइयो आजा आउर नाती शहर घुमेक ले निकलयंना आउर धूंधूर होवत ले शहर पोहंइच जायंना। शहर में राजू रहेक लगिन एगो किराया में घर ले रहे, झट के राजू गोड़-हाथ धोवाय के आपन आजो के गोड़ धोवेक ले कहलक। राजू जलदी से चोमिन बनात हे ओतने में आजा कर आवाज आवत है बेटा एखन सेवइ के ना बनाव राइत घर सेवइ नय खाएंना। अगर जलदिए बनाएक हय तो खिचरी के जुन बनाते बाबू। राजू कहलक इके सेवइ नय चोमिन कहयंना आजा, अच्छा मॉय तो आइजे सुनत ही बेटा। फिन राजू कहेला चल बइठ चोमिन के निकलात ही.... ठिक हे बेटा निकलाव। राजू एक ठो बोतल निकलायला, देइख के उकर आजा पूछेला इ का हेके......??। राजू कहेला टमाटों सोंस हेके आजा, फिन उकर आजा पूछेला इ टमाटों सॉस का होवेला....?। हामिन जे घर-गांव में बेचिला नी लाल-लाल बिलाती जे चाइर-पाँच (4-5) रूपइए किलो, जे दुइये तीन दिन में गले-सढ़े लागेला उके लइग के टमाटों सोंस बनाय के सत्तर-अस्सी (70-80) रूपइए बेचयंना जे सालों भइर बढ़िया रहेला। रामा फिन पूछेला इ का हेके बेटा, राजू कहेला इके ग्रीन चिल्ली कहयंना। उकर आजा फिन दोहराय के पूछेला इ ग्रीन चिल्ली का होवेला बेटा...। आजा, जे हरियर दिसत हे उके ग्रीन चिल्ली कहयेना आउर जे दिसत हे उके रेड चिल्ली कहयंना। इके हामिन से 15-20 रूपइए लेवयंना आकंपनी आपन से बनाय के उके हे 100-120 रूपइए बेचेला। आच्छा तो अइसन बारामा कहलक।

दूसर दिन राजू कहलक कि चल आजा जलदी उठ आइज बढ़िया होटल में खाना आएक हय। ३ सुइन के रामा जलदी-पलदी तइयार होय गेलक, दुश्यो एगो होटल में गेलयं आउर बइठलये। राजू बोलक कि... का खाबे आजा बताव, माँय का खाब तोंय आपन मन से मंगाव। राजू कहेला कि पोटेटो वेजेस्ट कि फ्रेंच फराइस का चीज खावे.... 7. फिर उकर आजा रामा कहेला का के कहयंना अइसन बेटा....?। राजू कहेला ए आजा आलू के जुन कहयंना, कतइ कर बेटा....?। हामिन जे दुइ-तीन गो आलू खाइला सेके हे बड़का कम्पनी लइग के बनाय के तेल से छाइन के 80-90 रूपिया लेवयंना। रामा, ए बेटा पानी मांइग दे तो एकौ गिलास, ठिक हय आजा। माँय तो सादा पानी कइ रही इकर में तो नींबू मेसाल है, हां आजा सादा पानी कर भी 15 रूपिया लेवयंना सेले मॉय 25 रूपिया कर एक गिलास नींबू पानी मंगाय देली। इ सउब देइख सुइन के उकर आजा रामा कहलक कि ए बेटा चल मोंके घर पोहंचाय दे सोना हामर शहर से लाख गुना बढ़िया हामर गांव हय। राजू कहेला आजा कुछ तो खा पिज्जा, बर्गर नय बाबू अब मौय कुछी पिज्जा, बर्गर नय खाब सुनिए के मोर डंडा गतर बथत हे चल एखने हे घर चल।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com